www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | बिलासपुर, शनिवार 6 अप्रैल 2024, | वर्ष-9 अंक- 355 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जिन परिवारवादी पार्टियों के लिए राजनीति घर की खेती बन कर रह गई है। वो चाहे जो करें उनकी मर्जी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी अपने ही परिजनों को सायकल की सवारी का मौका दे रही है। बिहार में लालू की लालटेन की रौशनी भी उनके ही परिवार के आसपास बिखर रही है। ऐसे में कांग्रेस भला कैसे पीछे रह सकती है? उसमें राबर्ट वॉड्रा अमेठी से टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। किसी के परिवार में ही कोई जमीन से जुड़ा नेता मौजूद हो तो उसे प्राथमिकता मिलनी ही चाहिए।

नौकरी दिलाने ठगी का नेटवर्क कमल विहार से

मामला सीएसपीडीसीएल रायपुर का- युवक से ठग ने संपर्क किया और कमल विहार तक आने को कहा

- टिकरापारा थाना पुलिस भी जांच में जुटी
- पड़ताल- नव प्रदेश ने किया खुलासा

रायपुर/नवप्रदेश। सीएसपीडीसीएल में नौकरी देने के नाम पर ठगी का नेटवर्क कमल विहार इलाके से फैलाया जा रहा है। शुक्रवार को पड़ताल करने के दौरान ठग के यहीं से कारोबार का संचालन करने का पता चला। ठग ने एक नंबर से संपर्क किया और बकायदा उसे कमल विहार तक आने को कहा। आवेदक के ज्यादा सवाल जवाब करने के बाद ठग ने बाद में फोन बंद कर दिया। ठगी के लिए ऑन लाइन फर्जी इश्तेहार जारी करने वाले की तलाश अब पुलिस भी कर रही है। टिकरापारा थाना पुलिस ने मामला संज्ञान में ले लिया है।

गौरतलब है कि सीएसपीडीसीएल में तीन पदों पर भर्ती के लिए ऑन लाइन इश्तेहार जारी कर लोगों से पंजीयन शुल्क वसूलने का नव प्रदेश ने गुरुवार को खुलासा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नवप्रदेश एक्सक्लूसिव

सीएसपीडीसीएल में भर्ती के नाम पर चल रहा धोखे का बाजार

ओडिशा का सीम इस्तेमाल

नव प्रदेश की पड़ताल में एक फोन नंबर का पता चला है। यह फोन नंबर ओडिशा का है। अब टिकरापारा पुलिस इस नंबर की छानबीन में जुट गई है। नंबर धारक के सामने आने के बाद ठगी बड़ा खुलासा हो सकता है। आशंका है कि ऑन लाइन फर्जी इश्तेहार जारी करते हुए कई लोगों को लूटा गया।

> पावर कंपनी में सभी भर्तियां विधिवत प्रक्रिया के तहत पूरी की जाती है। समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर अधिकृत संस्था से परीक्षा लेकर की जाती है।
>
> **- पीके कश्यप,** महाप्रबंधक-

राजधानी में भयंकर आग, विस्तृत खबर के लिए पेज 11 देखें...

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र स्थित भारत माता चौक के पास बिजली विभाग के सब डिवीजन दफ्तर में आग लगी थी। घटना से चारों ओर धूआं-धूआं दिखाई दे रहा था। आसपास क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल रहा। बताया जाता है कि भीषण गर्मी के चलते अचानक बिजली ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट हुआ और फिर ब्लास्ट के साथ आग लग गई। आग इतना भीषण था कि धुएं के गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दिए। सूचना पर पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने मशक्कत करती रही। बता दें कि बिजली विभाग में करीब 6 हजार ट्रांसफार्मर पड़े हुए है। जिसमें से करीब 15 सौ ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गए हैं। सूचना के अनुसार घंटो मशक्कत के बाद भी रात तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था।

कांग्रेस का घोषणापत्र : लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने फेंका पासा

5 'न्याय और 25 गारंटी पर दांव

- महिलाओं को 1 लाख सालाना, 30 लाख नौकरियां देने का वादा
- जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने का किया वादा
- सोनिया-राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने घोषणापत्र किया जारी

नई दिल्ली, (वार्ता)। लोकसभा चुनाव जीतने के लिए हर दांव पर कांग्रेस काम कर रही है। इसी के तहत कांग्रेस पूरी तैयारी के साथ जुट गई है। आज कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इस बार वादा कहें या दांव 5 'न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय में घोषणापत्र जारी किया।

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में इसमें केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, जाति जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी 400 रुपए, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का ऐलान किया गया है।

ये है न्याय के पांच वादे

इसके साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की भी घोषणा की है। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

घोषणा पत्र न्याय की गारंटी देता है: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम और पार्टी महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त रूप से कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया। कहा कि घोषणा पत्र न्याय की गारंटी देता है इसलिए इसे 'न्याय पत्र' कहा गया है। इसमें सभी देशवासियों से न्याय का वादा है और लोगों को विश्वास दिलाया गया है कि कांग्रेस को वोट देने से पूरे देश के हालात ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यात्रा में मैने देश की स्थिति करीब से देखी: राहुल

पार्टी नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने देश की हालत करीब से देखी है। वह जानते हैं कि देश के लोगों के साथ न्याय नहीं हो रहा है इसलिए कांग्रेस पांच न्याय के तहत देशवासियों को 25 गारंटियां देने का वादा करती है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने तथा इसको ध्वस्त करने वालों के बीच हो रहा है इसलिए जनता को संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सीएम का तंज : बोले- ना नौ मन तेल होगा, ना राधा नाचेगी..

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस डूबती जहाज है। सब कांग्रेस छोड़कर भाग रहे हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में जनता को साधने के लिए 'न्याय पत्र' के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस पर अब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि, केंद्र में कांग्रेस सरकार बनेगी? न नौ मन तेल होगा... ना राधा नाचेगी...। उन्होंने कहा कि, यह कुछ भी कर लें 2018 के विधानसभा चुनाव में 36 वादे किए थे, 5 साल में एक भी काम पूरा नहीं किया। काठ की हांडी एक बार चढ़ती है, बार-बार नहीं। कांग्रेस देश की जनता का विश्वास खो चुकी है। चाहे एक लाख देने की बात कहे चाहे कुछ भी कर ले। एक लाख देने का फॉर्म भरा रहे, पैसा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिम्स की अव्यवस्थाओं पर हाईकोर्ट का फिर सवाल

- सुविधाओं पर ध्यान देने दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स की अव्यवस्थाओं पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट एक बार फिर से सवाल किया है। यहां की सुविधाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए है। सिम्स में लगातार अव्यवस्थाओं के बाद हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की थी। उसी सुनवाई को आगे बढ़ाया गया है।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने सिम्स की व्यवस्थाओं को लेकर कई सवाल सिम्स प्रबंधन से किया। इसके साथ ही कहा कि जल्द ही इस पर सुधार करने व सिम्स के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्थिति जल्द सुधारने कहा

ओएसडी ने अपनी रिपोर्ट में सिम्स की हालत सुधरने में टाइम लगने की बात कही। साथ ही बताया कि यहां के डॉक्टर सिम्स से ज्यादा प्राइवेट प्रेक्टिस में समय देते हैं। वहीं मशीनों से लेकर वहां के स्टाफतक के विषय में कई सारी जानकारी दी। सिम्स को ठीक करने का प्रयास राज्य शासन कर रही है, लेकिन अभी तक ज्यादा कुछ फर्क नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में कोर्ट ने एक बार फिर से सिम्स प्रबंधन को फटकार लगाते हुए स्थिति को जल्द सुधारने कहा है।

जनहित याचिका पर सुनवाई

सिम्स की व्यवस्था सुधारने लगाई गई जनहित याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिविजन बेंच में हुई। चीफजस्टिस ने प्रबंधन से व्यवस्थाओं से जुड़ी कई बातें पूछी उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि सिम्स को स्थापित करने के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके।

मदरसा शिक्षा : सुको ने एचसी के फैसले पर लगाई रोक

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के 22 मार्च 2024 को 'उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड शिक्षा अधिनियम 2004' के प्रावधानों को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द करने वाले फैसले पर शुक्रवार को रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले में '2004 अधिनियम की प्रथम दृष्ट्या गलत व्याख्या' मानते हुए कहा कि उच्च न्यायालय का निर्देश 17 लाख छात्रों के अधिकारों पर आघात करेगा, क्योंकि विशेष शिक्षा का चयन करना हमेशा छात्रों और उनके माता-पिता की पसंद रही है।

बंगाल के शिक्षा मंत्री को हटाने का निर्देश, बसु का पलटवार

कोलकाता, (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को चुनाव आदर्श आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने के लिए ममता सरकार को मंत्रिमंडल से हटाने का निर्देश दिया, जिसके बाद श्री बोस ने पलटवार करते हुए उनके (राज्यपाल) संवैधानिक अधिकार पर सवाल उठाया। श्री बसु ने हाल ही में मालदा जिले में गौर बंगा विश्वविद्यालय परिसर में एक बैठक की थी। राजभवन ने वक्तव्य में कहा कि 30 मार्च, 2024 को श्री ब्रत्य बसु (शिक्षा मंत्री) के नेतृत्व में अन्य मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और राजनीतिक नेताओं की गौर बंगा विश्वविद्यालय में आयोजित एक राजनीतिक बैठक के आलोक में, कुलाधिपति और राज्यपाल ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि दोषी मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की जाए जिसने जानबूझकर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

सीएम विष्णुदेव के भाषण की वीडियो एडिट, भाजपा की आपत्ति

- भाजपा का प्रतिनिधिमंडल सिविल लाइन थाने पहुंचा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की वीडियो एडिट करने के मामले पर आपत्ति दर्ज की है। इसे लेकर शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई है। शिकायत में बताया गया है कि मुख्यमंत्री के 3 अप्रैल 2024 को महासमुंद में मंच से दिए गए उद्बोधन से छेड़छाड़ की गई है। भाजपा ने इसे लेकर कांग्रेस पर आरोप लगाया है।

मामले में प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष जयंती पटेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, निर्वाचन आयोग समिति प्रमुख विजय शंकर मिश्रा, सोशल मीडिया संयोजक सोमेश पांडे, रसिक परमार प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, अमित साहू ने कहा है कि मुख्यमंत्री के 3 अप्रैल 2024 को महासमुंद में मंच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पाक नागरिक का शव कब्र से निकाल लाने की याचिका खारिज

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने पाकिस्तानी नागरिक एवं सूफी नेता हजरत शाह मुहम्मद अब्दुल मुक्तदिर शाह मसूद अहमद के पार्थिव शरीर को बंगलादेश की राजधानी ढाका स्थित एक कब्र से निकालकर उत्तर प्रदेश के एक दरगाह तक ले जाने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मृतक एक पाकिस्तानी नागरिक था। इसलिए कोई कैसे उम्मीद कर सकता है कि भारत सरकार उनके शव को यहां लाएगी। मुख्य न्यायाधीश ने पीठ की ओर से कहा, 'कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

..ये एक कर्मकांड, हारी लड़ाई लड़ रही कांग्रेस

कांग्रेस का घोषणा पत्र... एमपी के सीएम डॉ. यादव का तंज

- कांग्रेस ने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है
- सीएम ने कहा- लेकिन कांग्रेस अन्याय के पहाड़ पर बैठी हुई है

भोपाल, (वार्ता)। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से आज जारी घोषणा पत्र 'न्याय पत्र' को लेकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस का ये पत्र मात्र कर्मकांड है और पार्टी हारी हुई लड़ाई लड़ रही है।

मुख्यमंत्री ने अपने बयान में कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है, लेकिन कांग्रेस अन्याय के पहाड़ पर बैठी हुई है। पार्टी ने किसान, गरीब, मजदूर, युवा सबके साथ अन्याय करते हुए अपना समय गुजारा। न्याय शब्द उनके मुंह से शोभा नहीं देता।

डॉ यादव ने कहा कि पार्टी ने महिलाओं के साथ भी अन्याय किया। कांग्रेस मध्यप्रदेश की 29 सीटों में से केवल एक सीट पर महिला उम्मीदवार लड़ा रही है, वहीं इसके उलटा भाजपा ने 6 सीटों पर महिलाओं को उतारा है। कांग्रेस की हिस्सेदारी परिवार से बाहर नहीं आने दे रही। कांग्रेस के सभी बड़े नेता और विपक्ष के नेता, इंडिया गठबंधन के सब लोग अपने परिवार से बाहर किसी की हिस्सेदारी बर्दाश्त नहीं करते। उन्होंने गरीब, मजदूर, युवा के साथ कौन कौन से घोटाले नहीं किये। कांग्रेस ने कभी गरीब, किसान, मजदूर के हक का पैसा उनके खाते में नहीं जाने दिया।

गरमा-गरम

नक्सलियों का उत्पात ▶ आत्मसमर्पित नक्सली डॉक्टर को उतारा मौत के घाट, मोबाइल टावर ध्वस्त किया

सुरक्षाबलों की ताबड़तोड़ कार्रवाई से बौखलाए नक्सली

नारायणपुर/नवप्रदेश। सुरक्षाबलों की ताबड़तोड़ कार्रवाई से नक्सली बौखला गए हैं। लगातार उनके साथियों के मारे जाने से वे खासे परेशान हो गए हैं। खासकर बड़े वारदातों में शामिल माओवादी कमांडरों के मारे जाने या फिर गिरफ्तार हो जाने से नक्सल संगठन कमजोर होते जा रहा है। इसका असर दिखाई देने लगा है। इसलिए नक्सली लगातार वारदातों को अंजाम देने लगे हैं।

इसी के तहत जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र में एक बार मुसनार गाँव में फिर नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने ग्रामीण की गला रेतकर की हत्या कर दी है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोबाइल टावर जलाया, पर्चे फेंके

मोहला मानपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल क्षेत्र मोहला मानपुर में नक्सलियों ने एक बार फिर एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। यहां नक्सलियों ने मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया है। नक्सलियों द्वारा एक साथ दो बड़ी घटनाओं को अंजाम देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा हो गया है।

सितागांव थाना क्षेत्र के पिटेमेटा गांव में युवक की हत्या, ग्रामीण दहशत में

बता दें कि सितागांव थाना क्षेत्र के पिटेमेटा गांव में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में एक युवक को मौत के घात उतार दिया। इसके बाद नक्सलियों ने एक मोबाइल टावर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुकमा में 8-8 लाख का इनामी महिला सहित 2 हार्डकोर का सरेंडर

सुकमा। जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां 8-8 लाख के इनामी हार्डकोर महिला समेत दो नक्सलियों ने एसपी किरण चव्हान के सामने सरेंडर किया है। बताया जा रहा है कि दोनों आत्मसमर्पित नक्सली कई बड़ी घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। हार्डकोर नक्सली कलमु प्रकाश डीवीसीएम पद पर नक्सल संगठन में पदस्थ था। वहीं नागेश की पत्नी रिता ने भी सरेंडर किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जंगल की पगडंडी छोड़ जीवन की मुख्य धारा से जुड़ने का संकल्प

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नक्सली एक तरफ आत्मसमर्पण की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। सुकमा में सरकार की योजना का हिस्सा बनते हुए जीवन की मुख्य धारा से जुड़ने 3 नक्सलियों ने समर्पण किया है। ये तीनों नक्सली पुनर्वास नीति और पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। इनमें से एक नक्सली के ऊपर 3 लाख रुपये का इनाम था। बता दें कि प्रदेश में अब धीरे-धीरे पुलिस को नक्सल मामले पर लगातार बड़ी सफलता हाथ लग रही है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे नक्सलियों के पुनर्वास अभियान से प्रभावित अनेक नक्सली सरेंडर कर रहे हैं। इसी बीच सुकमा जिले में 3 नक्सली ने अब बंदूक से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने झोंकी ताकत, पूरी 11 की 11 सीटें जीतने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 11 दिनों में कर चुके हैं ताबड़तोड़ 22 सभाएं

मोबाइल पर आने वाली कॉल भी बीच-बीच में स्वयं उठाते हैं

रायपुर/नवप्रदेश। 16 मार्च को लगी आचार संहिता के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने न केवल 11 दिनों में 22 सभाओं सहित ताबड़तोड़ संगठनात्मक बैठकें लेकर भाजपा के चुनाव अभियान को चरम पर पहुंचा दिया है वरन वे प्रचंड गर्मी की परवाह न करते हुए जिस तरह से आम जनता के बीच जा रहे हैं, वह अपने आप में विशाल है। सुबह छः बजे शुरू होने वाली उनकी दिनचर्या देर रात को कार्यकर्ताओं और आम जनता से मुलाकात के बाद समाप्त होती है। खुद के मोबाइल पर आने वाली कॉल भी बीच-बीच में स्वयं उठाते हैं, जो सामान्यतः दूसरे मुख्यमंत्रियों में कम ही नजर आता है। ग्यारह दिनों में ही मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को पूरी तरह बैकफुट पर ला दिया है, जो अब मुकाबला न कर पाने की स्थिति में नजर आने लगी है।

20 मार्च 2024 को दंतेवाड़ा में माँ दंतेश्वरी के दर्शन-पूजन के बाद श्री साय ने अपने चुनावी अभियान का शुभारम्भ किया। जिसके बाद वे बस्तर लोकसभा क्षेत्र में सात सभाएं, कांकेर लोकसभा क्षेत्र में सात सभाएं, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में तीन सभाएं और महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, जांजगीर व बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में एक-एक सभाएं कर चुके हैं। मुख्यमंत्री की सभा में आमजन की स्व-स्फूर्त भीड़ उमड़ रही है। लोग सीएम साय के भाषण को बड़े ही उत्साह से सुन रहे हैं और ताली बजाकर, नारे लगाकर अपना पूर्ण समर्थन भी दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री की प्रत्येक सभा में महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। महिलाएं सीएम साय की बात को ध्यान से सुन भी रही हैं। इसका प्रमुख कारण विष्णु सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना को प्राथमिकता से लागू करने को माना जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश की 70 लाख 12 हजार 417 महिलाओं को प्रति महीने 655 करोड़ 57 लाख रूपये के हिसाब से दो महीने की किश्त जारी हो चुकी है। जिससे महिलाएं बहुत ही खुश हैं, मोदी और भाजपा सरकार के प्रति उनका विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कार्यकर्ता सम्मेलन और जनसभाओं में पिछली कांग्रेस सरकार में हुए भ्रष्टाचार, घोटाले व उनकी नाकामी को लगातार जन-जन के बीच उजागर कर रहे हैं। जिस पर आमजन की खूब तालियां बज रही है। बीच-बीच में वो जनता से कनेक्ट करने के लिए उनसे सवाल भी करते हैं। वो बार-बार पूछते हैं कि मोदी जी की सरकार तीसरी बार बनानी है या नही, जिसका जवाब हाँ में मिलता है। वो जनता को बताते हैं कि कैसे भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस ने शराब, रेत, कोयला, सरकारी जमीन, पीएससी सबमें घोटाला किया और यहाँ के संसाधनों को लूटा। वो भूपेश बघेल पर महादेव एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने के आरोप और उस पर हुई एफआईआर को जनता को बता रहे हैं, इसे छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात कह रहे हैं। श्री साय कांग्रेस द्वारा किये गए 36 वादों में एक भी वादे को ठीक से पूरा नहीं करने की बात लगातार जनता को बता रहे हैं। उनके भाषणों में यह प्रमुखता से शामिल है।

कम समय में भाजपा सरकार की बड़ी उपलब्धियां

सीएम साय अपनी हर जनसभा में मोदी की गारंटी के अंतर्गत पूरे किये गए प्रमुख वादों को जनता को बता रहे हैं। वे कहते हैं कि भाजपा सरकार बनने के मात्र 100 दिनों के अंदर ही हमने मोदी की गारण्टी के अंतर्गत प्रमुख वादों को प्राथमिकता से पूरा किया। इन वादों में वे 18 लाख परिवारों के पीएम आवास के लिए राज्यांश देने, 12 लाख से अधिक किसानों को धान खरीदी के 2 वर्ष का 3716 करोड़ रूपये का बकाया बोनस देने, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने, प्रति क्विंटल 3100 रूपये में धान खरीदने, 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने, 24.72 लाख किसानों को 917 रूपये प्रति क्विंटल के मान से 13,320 करोड़ रूपये धान की अंतर की राशि देने, महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख 12 हजार 417 महिलाओं को दो महीने की किश्त जारी करने, श्रीरामलला दर्शन योजना को लागू करने, सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता में 4ब की वृद्धि करने, वनांचलों में 5500 रुपया प्रति मानक बोरे की दर से तेंदूपत्ता खरीदने, चरण पादुका योजना को पुनः लागू करने, पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपने की बात जनता से प्रमुखता से कर रहे हैं। वे चुनाव के बाद बची हुई गारंटियों को प्रमुखता से पूरा करने की बात जनता से कहते हैं। जब से विष्णु देव साय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया है, कांग्रेसी अक्सर सांय-सांय शब्द का प्रयोग कर उनको लगातार घेरने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सीएम साय ने इस नारे को ही अपना प्रमुख हथियार बना लिया। वे अपनी सभाओं में कह रहे हैं कि हमारी सरकार ने मोदी की गारण्टी के प्रमुख वादों को सांय-सांय पूरा किया और आगे भी सांय-सांय पूरा करेंगे। हमारी सरकार के सांय-सांय काम को देखकर कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है और इस बार जनता, कांग्रेस को पूरी तरह से बाय-बाय कर देगी। मुख्यमंत्री का यह बयान न केवल पूरे प्रदेश में वायरल है वरन सोशल मीडिया में साकारात्मक मीम्स भी बन रहे हैं। विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद कांग्रेस में आपसी सिर फुटौव्वल जारी है। उसके नेता लगातार एक-दूसरे के खिलाफबयानबाजी कर रहे हैं, हार के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, जिससे कांग्रेसी कार्यकर्ता हतोत्साहित हो रहे हैं, जिसका सीधा लाभ भाजपा को मिल रहा है।

कांग्रेस के कुनबे में सिर फुटौव्वल जारी

कांग्रेस, मुख्यमंत्री के तूफानी दौरों, भाषणों और भाजपा के चुनावी बढ़त से ही परेशान नहीं हैं, वरन उसके खुद के कुनबे में सिर फुटौव्वल जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, सरगुजा की प्रत्याशी शशि सिंह सहित अन्य कांग्रेस प्रत्याशियों का उनके ही नेता लगातार विरोध कर रहे हैं। राजनांदगांव, बिलासपुर, सरगुजा, महासमुंद और कोरबा में प्रत्याशियों का स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता द्वारा जमकर विरोध हो रहा है। कांग्रेसी अपने आप को ठगा-ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इसका भी सीधा लाभ भाजपा को मिल रहा है।

सरल, सहज, सौम्य सीएम का बीच-बीच में दिखते हैं तेवर

कुल मिलाकर देखा जाए तो सरल, सहज, सौम्य समझे जाने वाले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी चुनावी सभाओं में जिस तरह कमान संभाली है और कई मौकों पर आक्रामक हो कर कांग्रेस को बैकफुट पर धकेला है, उससे कांग्रेसी कुनबा सदमे में है। जहाँ तक श्री साय का सवाल है तो चुनावी जूनून में उन्होंने धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पानी-बरसात की वजह से हेलीकॉप्टर छोड़ सड़क मार्ग से ही सफर करने से भी कोई गुरेज नहीं किया। घटना नारायणपुर के बेनूर क्षेत्र की है। यह पहला मौका था जब किसी सीएम ने यहाँ सड़क मार्ग से सफर किया।

लोकसभा चुनावी वॉच

अमेठी और रायबरेली पर कांग्रेस का इंतज़ार!

__लखनऊ।__ यूपी में कांग्रेस के हिस्से 17 सीटें आई हैं.. इनमें सिर्फ तीन सीटों पर अब तक उम्मीदवारों का ऐलान नहीं हुआ है, इनमें रायबरेली और अमेठी की सीटें हैं. अब दिलचस्प फिक्र क्या है, वो समझिए. पहले दूसरे तीसरे और चौथे चरण में जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनके उम्मीदवार घोषित हो चुके हैं. आगे की फिक्र देखिए. सातवें यानी आखिरी चरण में जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनके भी उम्मीदवार घोषित हो चुके हैं. लेकिन अमेठी और रायबरेली की सीट पर पांचवें चरण में चुनाव होने हैं, वहां के उम्मीदवार अब तक कांग्रेस तय नहीं कर पाई है. जहां एक तरफ कांग्रेस यूपी में सातवें चरण के उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है तो वहीं पांचवें चरण की सीट रायबरेली, अमेठी पर अब तक कांग्रेस उम्मीदवार फाइनल नहीं कर पाई है.. जिसके चलते प्रयागराज सीट पर भी कांग्रेस ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

निर्दलीय के तौर पर पप्पू यादव के लिये 'लकी' रही है पूर्णिया सीट

__पटना, (वार्ता)।__ भूतपूर्व सांसद और कांग्रेस के बागी नेता राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के लिये पूर्णिया सीट निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लकी रही है। पप्पू यादव ने वर्ष 1991 में पूर्णिया संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। पूर्णिया सीट पर मतदान के दिन प्रमुख दलों ने चुनाव आयोग से बूथ लूटने और धांधली की शिकायत की। इस पर तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषण ने नतीजे पर रोक लगा दी थी। मामला न्यायालय पहुंचा। अदालत ने चार साल बाद पुनर्मतदान का आदेश दिया। इस बीच पूर्णिया 1991-95 चार साल तक बिना सांसद के ही रहा। न्यायालय ने इस सीट के सभी बूथों पर पुनर्मतदान का आदेश दिया लेकिन शर्त यह थी कि प्रत्याशी वही होंगे जो उस समय चुनाव मैदान में खड़े थे, फिर से मतदान हुआ और राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव विजयी हुये। वर्ष 1996 में पप्पू यादव ने समाजवादी पार्टी के टिकट पर पूर्णिया संसदीय सीट पर चुनाव लड़ा और विजयी बने। इसके बाद श्री यादव ने वर्ष 1998 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर पूर्णिया सीट से चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1999 में श्री यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्णिया से चुनाव लड़ा और तीसरी बार इस सीट से सांसद चुने गये। इसके बाद वह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गये। वर्ष 2004 में उन्होंने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ा लेकिन इस बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हालांकि 2004 में मधेपुरा सीट पर हुये उपचुनाव में पप्पू यादव ने जीत हासिल की। पटना उच्च न्यायालय ने वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में पप्पू यादव के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी क्योंकि वह हत्या के एक मामले में दोषी करार दिए जा चुके थे। इसके बाद उन्हें राजद से बाहर कर दिया गया। वर्ष 2009 में पूर्णिया लोकसभा सीट से पप्पू यादव की मां शांति प्रिया ने निर्दलीय चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उदय सिंह से हार का सामना करना पड़ा।

चुनाव से पहले लोगों के घर पहुंच गया आमंत्रण कार्ड

जोधपुर। राजस्थान लोकसभा चुनाव में लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान करें, जिसके लिए लूणी उपखंड अधिकारी व उनकी टीम की ओर से नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं. वहीं हाल ही में लोकसभा चुनाव में लोगों में जागरूकता के तहत ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसके लिए एक निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं. ये पत्र देखने में बिल्कुल शादी के कार्ड की तरह हैं. लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को शादी के कुमकुम पत्रिका आमंत्रण पत्र जैसा कार्ड देकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने, मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं. इसी क्रम मे प्रवासी राजस्थानियों को मतदान वाले दिन उनके मतदान केन्द्र पर जाकर वोट करने के लिए सोशल मिडिया से मतदान कुमकुम पत्रिका आमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं. विगत चुनाव में लूणी, पचपदरा, बालोतरा, सिवाणा विधानसभा के हजारों की संख्या में दक्षिण भारत व अन्य राज्यों के रहने वाले मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए रेलगाड़ियों, बसों व स्वंय के साधनों से अपने घर आकर मतदान किया है.

कुमकुम पत्रिका के माध्यम से मतदान की अपील

पुखराज कासोटिया, उपखंड अधिकारी लूणी के द्वारा लोकसभा चुनावों में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए स्वीप के जरिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. प्रवासी राजस्थानियों को कुमकुम पत्रिका के माध्यम से अपने गांव व शहर आकर मतदान करने की अपील की जा रही है.

आखा तीज पर लौटते हैं प्रवासी राजस्थानी

राजस्थान में विशेषकर जालौर सिरोही, जोधपुर, पाली, बाड़मेर जिले के हजारों की संख्या में यहां के निवासी दक्षिण भारत में व्यापार करते हैं. इनमे से अधिकांश लोग अक्षय तृतीया पर विवाहों के सीजन में अपने घरों को लौटते हैं. इस बार भी चुनाव के समय प्रवासी राजस्थानियों के घर लौटने की उम्मीद की जा रही है. विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनावों में भी प्रवासी राजस्थानियों में मतदान करने के लिए उत्साह बना हुआ है. बैंगलोर में व्यापार करने वाले राहुल का कहना है कि मतदान करने के लिए वह और उनका पूरा परिवार गांव आएगा और लोकतंत्र के इस महानपर्व मे अपनी भागीदारी निभाएगा.

सीमांचल में बैकफुट पर ओवैसी...

AIMIM ने महज 2 सीट पर लड़ने का किया ऐलान



पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार के सियासी हलके से बड़ी खबर आ रही है. सीमांचल में अपनी मजबूत पैठ रखने वाले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM इस इलाके में सिर्फ किशनगंज और अररिया सीट पर लड़ेगी. पार्टी इस बार के चुनाव में पूर्णिया और कटिहार नहीं लड़ेगी. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने एलान किया है कि AIMIM सीमांचल की दो सीटों पर ही लोकसभा का चुनाव लड़ेगी जबकि AIMIM ने कुछ दिन पहले ही ये एलान किया था कि AIMIM बिहार में 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी. ऐसे समय में जब सीमांचल में उम्मीदवार के नाम की घोषणा भी होने लगी थी AIMIM ने उम्मीदवारी को लेकर बड़ा बदलाव कर दिया है. अख्तरूल ईमान जो कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं से जब बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बताया कि ओवैसी साहब को बिहार में ज़्यादा चुनाव प्रचार करने के लिए वक्त नहीं मिल पा रहा था.

पार्टी ने फैसला किया कि सीमांचल की सिर्फ एक सीट किशनगंज से ही पार्टी चुनाव लड़ेंगी. वहां से मैं खुद चुनाव लड़ रहा हूं वहीं बाकी जिन दस सीट पर सीटों पर एलान किया गया है वहां पर पार्टी फिलहाल चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

देश एकजुट हो तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का बना चुका है मन

मेगा रोड शो में बोले बिप्लव देव

नई दिल्ली। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और हरियाणा बीजेपी प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा है कि भाजपा 370 और एनडीए के 400 पार के लक्ष्य को देश की जनता पूरा करने का मन बना चुकी है. उन्?होंने यह बात लोकसभा क्षेत्र त्रिपुरा वेस्ट के विशालगढ़ में विशाल रोड शो के दौरान कही. हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब इस रोड शो में भारी जनसैलाब देखा गया और खुली जीप में चल रहे बिप्लब देब बुल्डोजर से फूलों की वर्षा भी की गई. यह रोड शो 5 किलोमीटर लंबा रहा, जिसमें जमकर भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए गए. त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने कहा कि मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास का मंत्र अल्पसंख्यकों को भी खूब पसंद आ रहा है. पूरा देश एकजुट होकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मन बना चुका है. बता दें कि हरियाणा भाजपा के प्रभारी है बिप्लब कुमार देब, त्रिपुरा वेस्ट से लोकसभा के प्रत्याशी हैं. गुरुवार को त्रिपुरा के विशालगढ़ में भाजपा प्रत्याशी बिप्लब कुमार देब के रोड शो में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की और भाजपा जिंदाबाद, मोदी जिंदाबाद, बिप्लब कुमार देब जिंदाबाद के नारे लगाए. पांच किलोमीटर तक निकले रोड शो में जगह-जगह फूलों की वर्षा हुई और लोगों ने जय भाजपा, तय भाजपा और एक बार फिर मोदी सरकार और 400 पार के भी नारे लगाए.

आंध्र प्रदेश में बीजेपी ने लगाया पूरा जोर पर जनता को जगन मोहन रेड्डी ही पसंद, जानें किसे पीएम बनाना चाहते हैं लोग

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आंध्र प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने जमीनी पैठ मजबूत करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया. हालांकि, इसके बाद भी मुख्यमंत्री के तौर पर मौजूदा सीएम जगन मोहन रेड्डी ही जनता की पहली पसंद है. यह बात एबीपी न्यूज और सी वोटर के सर्वे के ताजा सर्वे में सामने आई है. गुरुवार (चार अप्रैल, 2024) शाम को चैनल पर प्रसारित किए गए सर्वे के नतीजों से पता चला कि दक्षिण भारत के इस राज्य में सीएम जगह मोहन रेड्डी के काम से 41 फीसदी लोग बहुत ज्यादा संतुष्ट हैं. इस सवाल पर आंध्र प्रदेश के 28 फीसदी लोगों ने कहा कि वह कम संतुष्ट हैं, जबकि इतने ही फीसदी लोगों का मानना था कि उनके कामकाज से असंतुष्ट हैं.

वहीं, तीन फीसदी लोगों ने बताया कि उन्हें इस बारे में नहीं पता है. सर्वे के तहत यह भी समझने की कोशिश की गई कि आंध्र प्रदेश सरकार के काम से लोग कितना संतुष्ट हैं? 32 फीसदी लोगों ने कहा कि वे बहुत अधिक संतुष्ट हैं. 32 फीसदी ने बताया कि वे असंतुष्ट हैं. 31 फीसदी बोले कि वे कम संतुष्ट हैं और पांच फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ भी अंदाजा नहीं (नहीं पता) है.

पीएम नरेंद्र मोदी के काम से कितना संतुष्ट हैं आंध्र प्रदेश के लोग?

बहुत ज्यादा	40%	असंतुष्ट	20%
कम	36%	पता नहीं	4%

पीएम के लिए आधे से अधिक नरेंद्र मोदी ही नंबर-1

सी वोटर के इस ओपीनियन पोल में यह भी पूछा गया कि प्रधानमंत्री के लिए आंध्रवासियों की कौन पसंद है? 57 फीसदी लोगों ने वर्तमान पीएम और बीजेपी के फायर ब्रांड नेता नरेंद्र मोदी का नाम लिया. 26 फीसदी लोग बोले कि इसके लिए कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी उपयुक्त हैं. 16 फीसदी ने कहा कि उन्हें इस बारे में पता नहीं है और दो फीसदी ने कहा कि पीएम के लिए न तो उन्हें नरेंद्र मोदी पसंद हैं और न ही राहुल गांधी.

...तो इस तरह से हुआ आंध्र प्रदेश के मूड से जुड़ा यह सर्वेक्षण

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले एबीपी न्यूज ने आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की जनता का मूड समझना चाहा, जिसके लिए सी-वोटर से सर्वे कराया गया. इस ओपिनियन पोल में दोनों राज्यों के करीब दो हजार 600 लोगों की राय ली गई. 31 मार्च, 2024 तक इस सर्वे को किया गया, जबकि इसमें सर्वे में मार्जिन ऑफएरर प्लस माइनस तीन से प्लस माइनस पांच फीसदी है।

न्यूज गैलरी

शत-प्रतिशत मतदान करने की ली सामूहिक शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने वार्ड निवासी महिलाओं सहित नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जोन नम्बर 4 के क्षेत्र के अंतर्गत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम परिसर में आगामी दिनांक 7 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत रायपुर लोकसभा क्षेत्र हेतु होने जा रहे निर्धारित मतदान दिवस में मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की सामूहिक शपथ ली. शत - प्रतिशत मतदान करने की शपथ महिलाओं अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जोन 4 जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा द्वारा कार्यपालन अभियंता श्री पदमाकर श्रीवास, श्री नागेश्वर रामटेके, एनयूएलएम की मिशन मैनेजर सुश्री सरिता सिन्हा,सुश्री श्रीया नामदेव, सुश्री सीमा चतुर्वेदानी सहित महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं, जोन नम्बर 4 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत दिलवाई गयी.मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम परिसर में कुर्सी दौड़, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता रखकर महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक बनाया गया।

चेट्रीचंड्र महोत्सव पर घर-घर विराजेंगे भगवान झूलेलाल

रायपुर/नवप्रदेश। पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा के नेतृत्व में मूर्तियों का वितरण किया गया। पंचायत के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा ने बताया की 5 दिनो तक भगवान झूलेलाल की मूर्ति की स्थापना समाजजनो द्वारा घर घर में की जाएगी। विधि विधान से पूजा - अर्चना के बाद चेट्रीचंड्र के दूसरे दिन विसर्जन किया जाता है । यह कार्यक्रम गुरु श्री अनंतपुरी गोस्वामी के सानिध्य से किया जा रहा है। विशाल कुकरेजा ने बताया की चेट्रीचंड्र के उपलक्ष में 10अप्रैल की दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया है।13अप्रैल शनिवार को सिंधी गानो के आरकेष्ट्रा का आयोजन की गया है।मूर्ति वितरण में मुख्य रूप से जी.एस गेहानी,राजकुमार भाटिया,अमर चन्दनानी,रिंकु लखिसरानी,अमरलाल जादवानी, सुनील बत्रा,अमित नागदेव,कपिल गेहानी,योगेश भाटिया, राकेश माटा,राकेश कुकरेजा,दीपा मुलचंदानी, सीमा कुकरेजा,मुस्कान मंगलानी,रिया डेंगवानी,विनय तीर्थानी,यश नागवानी,चिराग जयसिंघानी,पुष्कर बजाज आदि उपस्थित थे।

टोल नाके में पुलिस ने नगदी 6 लाख रुपए किए जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिर हसौद टोल नाका के पास चेकिंग प्वाइंट में पुलिस ने देर रात एक वाहन से नगदी छह लाख रुपये बरामद किया है। कार चालक को संदिग्ध हालत में रोकने के बाद अंदर तलाशी ली।

इस दौरान एक बैग में छह लाख रुपये बरामद हुए। कार चालक से पूछताछ करने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर के आऊटर में पुलिस ने चेकिंग प्वाइंट फिक्स कर दिए हैं। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है। थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास थाना मंदिर हसौद पुलिस एवं एण्टी क्राइम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को चेक करने पर कार में नगदी रकम रखा होना पाया गया। नगदी रकम 6 लाख रूपये जब्त कर मामला निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी को भेजा गया है।

सूखे नशे की तलाश में शहरभर में दबिश

अलग-अलग हिस्सों से गांजा बरामद, शराब कोचियों की भी शामत

रायपुर/नवप्रदेश। होली के बाद लोक सभा चुनाव की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने शहर में ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। खासतौर से सूखे नशे का कारोबार करने वालों के ठिकानों पर छापेमारी कर अभियान तेज कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संतोष सिंह के निर्देश पर गुरूवार की रात राजधानी के कई इलाकों में पुलिस ने एक साथ छापेमारी कार्रवाई की। इस दौरान बड़ी मात्रा में गांजा पार्सल बरामद हुए। कई जगहों से कोचियों को भी उठाया गया। उनकी निशानदेही पर शराब का स्टॉक बरामद हुआ। थानों में पुराने नामचित बदमाशों के भी अवैध कारोबार में संलिप्तता होने की वजह से उनके खिलाफ भी कार्रवाई की। एएसपी संदीप मित्तल ने बताया, सूखा नशा का कारोबार करने वाले लोगों की तस्दीकी कर रहे हैं। नशे की गोली, गांजा, पावडर बेचने वालों पर लगातार कार्रवाई होगी।

थैला जांच कर निकाला 3 किलो गांजा

एण्टी क्राइम एण्ड साईबर यूनिट की टीम ने सेरीखेडी ओवर ब्रिज के पास निगरानी बढ़ाते हुए संदिग्ध सत्यप्रकाश मनहरे निवासी सेरीखेडी मंदिर हसौद के पास रखे थैला की तलाशी लेकर उसमें से 3 किलो गांजा बरामद किया। इसकी कीमत 60 हजार रुपये है। इसी तरह से आरोपी जितेन्द्र साहू निवासी मांढर के ठिकाने पर दबिश देते हुए उसके पास से भी 670 ग्राम गांजा जब्त किया गया।

कोचियों को भागते दबोचा

मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत ग्राम नकटी पास दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 पी एफ 9367 में अवैध रूप से शराब परिवहन करते आरोपी रोहित निर्मलकर निवासी आजाद चौक भानसोज को भागते हुए दबोचा। आरोपी के पास से 41 पौवा देशी शराब बरामद कर बाइक समेत जब्ती की कार्रवाई की। एक अन्य आरोपी प्रेमनारायण भारती उर्फ बबलू पलौद उडीया बस्ती को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 40 पौवा देशी शराब की जब्ती की।

10 सालों में मोदी सरकार ने बढ़ाई महंगाई और बेरोजगारी : दीपक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार ने महंगाई बेरोजगारी बढ़ाया। प्रधानमंत्री बताये कि उनके दो कार्यकाल पूरा होने के बाद भी उनके 2014 के वायदों का क्या हुआ? 100 दिन में महंगाई कम करने का वादे कर क्या हुआ? किसानों की आय दुगुनी का क्या हुआ? मोदी यह बताये 10 साल के बाद भी अपने समर्थन मूल्य गारंटी के लिये भारत का किसान दिल्ली की ओर कूच कर रहा है। युवाओं को 2 करोड़ रोजगार क्यों नहीं मिला, पेट्रोल-डीजल के दाम 35 रू. क्यों नहीं हुआ? हर के खाते में 15 लाख क्यों नहीं आया? 2022 तक हर आवासहीनों के मकान के वायदे का क्या हुआ, विदेशों से काला धन लाकर हर नागरिक के खाते में 15 लाख लाने के वादे का क्या हुआ? मोदी बताये देश के महिलाओं को सुरक्षित वातावरण क्यों नहीं मिल रहा है? प्रधानमंत्री को बयानबाजी के बजाये अपने 10 साल के वादों का हिसाब जनता को दे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालो में एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने अपने 2014 के घोषणापत्र में 25 करोड़ नौकरियां निर्मित करने का वादा किया था। 2023 में, केंद्र सरकार ने माना कि 2014 के बाद से केवल 1.2 करोड़ नौकरियां निर्मित हुई हैं। यह मूल गारंटी का बीसवां हिस्सा भी नहीं है। वर्तमान में, 25 से कम आयु के दस में से चार स्नातक बेरोजगार हैं। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल बेरोजगारों में से 83 परसेंट बेरोजगार युवा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी ने कहा था किसानों की आय दोगुनी होगी। इस लक्ष्य को 2022 तक प्राप्त करने के लिए 2015 से किसानों की आय में साल-दर-साल 10 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता थी । वास्तविक वृद्धि 3.5 प्रतिशत ही रही है। इस गति से गारंटी 2035 में ही पूरी हो सकेगी। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, हर दिन 30 किसान आत्महत्या करते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार की नोटबंदी योजना नासूर साबित हुई। काले धन की वापसी, जालसाजी पर अंकुश, आतंकवाद पर लगाम, भ्रष्टाचार का अंत-सभी गारंटी फेल। बंद हुई 99 प्रतिशत करेंसी सिस्टम में लौट आई है। नोटबंदी आर्थिक-आतंकवाद से कम न थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा उज्जवला में भी मोदी सरकार ने महिलाओ को ठगा। सब्सिडी के बावजूद, 2022-23 में 1.2 करोड़ से अधिक परिवारों ने सिलेंडर नहीं खरीदा। अन्य 1.5 करोड़ लाभार्थियों ने केवल एक सिलेंडर लिया।

21 दुकानदारों पर 2150 रुपए जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिँह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है. कचरा एवं गंदगी फैलाने एवं दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देकर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है. उनसे दुकान में डस्टबिन रखने एवं सूखा एवं गीला कचरा पृथक करके सफाई मित्र को सफाई वाहन में नियमित देकर राजधानी शहर रायपुर को स्वस्थ और स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील निरन्तर की जा रही है. इस क्रम में नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की

टीमों द्वारा बाजारों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है . इस क्रम में नगर पालिक निगम जोन नम्बर 10 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिला स्वसहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं के सहयोग से जोन नम्बर 10 के तहत आने वाले तेलीबाँधा, देवपुरी क्षेत्र के बाजार में गंदगी फैलाने, डस्टबिन नहीं पाए जाने पर सम्बंधित 21 दुकानों से कुल 2150 रूपये का जुर्माना सम्बंधित दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए जोन 10 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पुरन ताड़ी के नेतृत्व में वसूला. नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों ने बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने एवं स्वच्छता बनाये रखकर दुकान का सूखा एवं गीला कचरा पृथक - पृथक डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को नियमित देकर राजधानी शहर को स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील करके समझाईश सभी जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में दी.

कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष,बस्तर सांसद दीपक बैज,पूर्वमंत्री अनिला भेड़िया,विधायक कुवाँर निषाद,पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम,कांकेर लोकसभा प्रत्याशी बिरेश ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया.

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए कुछ ख़ास टिप्स

भोजन में संतुलित करें एसिडिक और एल्कलाइन पदार्थों की मात्राः गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर

रायपुर/नवप्रदेश। हम लोग जो भोजन करते हैं वह बहुत ज्यादा एसिडिक होता है। इसको संतुलित करने के लिए हमें एल्कलाइन भोजन करना ज़रूरी है। हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम जो खाते हैं उसमें क्या एसिडिक है और क्या एल्कलाइन । हम जितना अनाज खाते हैं वह सब एसिडिक हो जाता है। और हम जो सब्जी खाते हैं वह एल्कलाइन होती है। आपको रोज एल्कलाइन पानी पीना चाहिए ।

कैसे बनाते हैं एल्कलाइन पानी?

एक जग में 1 लीटर पानी रखें । उसमें दो चार छोटे-छोटे खीरे के टुकड़े और नींबू के दो छोटे-छोटे पीस पानी में डाल दें । उसको रात भर रहने दें। सुबह तक वह पानी एल्कलाइन हो जाता है । हम एक - डेढ़ दिन तक उस पानी को पी सकते हैं।

एल्कलाइन पानी कब पीना चाहिए?

आप सुबह खाली पेट एल्कलाइन पानी पी सकते हैं । यह भोजन के तुरंत पहले और तुरंत बाद नहीं पीना चाहिए । दिन में भोजन करने के 2 घंटे बाद थोड़ी मात्रा में एल्कलाइन पानी पीया जा सकता है । इस तरह से हमारा ब्लड एल्कलाइन होने लगेगा । ब्लड एल्कलाइन होता है तो ब्लड सरकुलेशन अच्छा होता है । इसके सेवन से आप देखेंगे कि आपके जोड़ों का दर्द, सिरदर्द यह सब दूर हो जाएगा ।

भोजन में हल्दी करती है दिव्य औषधि का काम

हल्दी हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। बहुत से लोग घरों में हल्दी और अदरक का अचार बनाते हैं। हमें प्रतिनित्य थोड़ा-थोड़ा हल्दी और अदरक का सेवन करना चाहिए। हल्दी में एंटी वायरल प्रॉपर्टीज होती हैं। जब कभी आपको वायरल फीवर हो जाता है तो देखिये फिर आपको क्या-क्या टेबलेट खानी पड़ती ?है? कच्ची हल्दी को थोड़े से नींबू के पानी में रखकर उसको खाने से आप आपने आप को वायरल बुखार के अटैक से बचा सकते हैं । जितने भी बुखार हैं उन सबके लिए हल्दी एक दिव्य औषधि है।

तुलसी और आंवले की जोड़ी है सर्दी ज़ुकाम में रामबाण

तुलसी और आंवले का कोंबिनेशन हमारी रोग निरोधक शक्ति के लिए बहुत उत्तम है। भारत में तुलसी और आंवले का विवाह करते हैं। विवाह माने यह नहीं कि उनकी आरती कर रहे हैं। इसका अर्थ है उनका सम्मान करें। सर्दियों में तुलसी और आंवले का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है । इसके सेवन से आपको ज़ुकाम आदि बीमारियां नहीं आयेंगी ।

कढ़ी पत्ते का उपयोग रखता है आपको कोलेस्ट्रोल से दूर

कढ़ी पत्ता एंटी कोलेस्ट्रोल है । यदि किसी का कोलेस्ट्रोल हाई हो तो कढ़ी पत्ते की चटनी बहुत लाभ दायक होती है । गुजरात में ढोकले के साथ कढ़ी पत्ते की चटनी खाते हैं। कढ़ी पत्ते का प्रयोग शरीर के लिए बहुत उत्तम है । भारत के कई हिस्सों में तली हुई चीज़ों में कढ़ी पत्ता डाला जाता है।

भोजन में सहजन का प्रयोग करता है अमृत का काम

सहजन हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है । आजकल तो विदेशों में भी इसकी मांग बहुत जोर शोर से है । आपके ब्लड में जो-जो पोषक तत्व चाहिए वह सब सहजन के पत्ते में मौजूद है। यदि आपको किसी विटामिन की कमी है या कैल्शियम की कमी है या आप थकान महसूस करते हैं तो सहजन का उपयोग ये सारी समस्याएं दूर कर सकता है। आयुर्वेद में इसका उपयोग ऊर्जा देने वाली औषधि के रूप में भी किया जाता है।

कांग्रेस का न्याय और गारंटी लोकसभा चुनाव में साबित होंगे गेमचेंजर : शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के 5 न्याय 25 गारंटी लोकसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के लिये लोकसभा चुनाव में 5 न्याय और 25 गारंटी दिया है। जनता को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नजरिया बदला है लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को हर साल 1 लाख और महिनें में 8333 रू देने का वादा किया है। इसके साथ ही केन्द्रीय भर्तियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का भी वादा कांग्रेस ने किया है कांग्रेस की इस घोषणा के बाद महिलायें मतदाताओं का ध्रुवीकरण कांग्रेस की ओर हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 करने का वादा किया है इससे देश के मजदूरों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने मनरेगा के तहत रोजगार को

कानूनी बनाया था फिर से कांग्रेस मजदूरों के मजदूरी बढ़ाने की गारंटी दे रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस किसानों को उनकी ऊपज की पूरी कीमत देने को भी प्रतिबद्ध है इसीलिये कांग्रेस ने किसानों से वादा किया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्स्क्र) को कानूनी गारंटी देगी इसके लिये संसद में कानून बनाया जायेगा साथ ही स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के अनुसार समर्थन मूल्य निर्धारण करेगी इसके साथ ही कांग्रेस ने कृषि उत्पादों को, कृषि उपकरणों को जीएसटी के दायरे से बाहर लाने का वादा किया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की घोषणाये और वादे लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार की विदाई का कारण बनने वाली है। जनता में कांग्रेस के वादों से उत्साह पैदा हुआ है।

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा छत्तीसगढ़ ने सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पर साधा निशाना। बिलासपुर के लोकसभा प्रत्याशी पर तंज कसते हुए बिलासपुर की जनता से सोशल मीडिया पर कार्टून पोस्ट कर कहा -

बिलासपुर वालों, इस कांग्रेस प्रत्याशी को हर तरफ कोयला ही कोयला दिखता है।

मारुति लाइफ स्टाइल में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह और रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रतिदिन निरन्तरता से चलाया जा रहा है.

नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के तहत कोटा क्षेत्र स्थित मारुति लाइफस्टाइल आवासीय परिसर में जोन क्रमांक 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा परिसर के रहवासियों को दिनांक 7 मई 2024 को रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में होने जा रहे मतदान में मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की सामूहिक शपथ दिलवाई गयी. शपथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित मारुति लाइफस्टाइल आवासीय परिसर के

रहवासियों को नगर निगम जोन क्रमांक 8 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत दिलवाई गयी.साथ ही जोन 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रहवासियों के साथ मारुति लाइफ स्टाइल परिसर में मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान के सम्बन्ध में जागरूक बनाने की दृष्टि से मतदाता जागरूकता रैली निकालकर जागरूक बनाया गया।

सुविचार

आप जितना चाहो उतना मिल नहीं सकता लेकिन आप जितना चाहो उतना दे जरूर सकते हो, वह है प्यार, स्नेह सम्मान, खुशी और मदद। - अज्ञात

संपादकीय

आखिर बेतुकी बयानबाजी कब तक होगी

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बयानवीर नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। इनकी बेतुकी बयानबाजी से उनकी अपनी पार्टी को ही नुकसान पहुंचने की ज्यादा संभावना है। इसके बावजूद ये बयानवीर नेता विवादास्पद बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस बार भी बोल वचन करने वाले ऐसे नेताओं के निशाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही हैं। जिनके खिलाफ आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल विपक्षी पार्टियों के नेता लगातार अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए। उन्हें तानाशाह बताया जा रहा है और यहां तक भविष्यवाणी की जा रही है कि यदि एक बार फिर नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो वे लोकतंत्र को कुचल देंगे और देश में तानाशाही लागू हो जाएगी। उनका तर्क है कि लगातार एक ही पार्टी का शासन रहने से तानाशाही कायम हो जाती है और लोकतंत्र खत्म हो जाता है। ऐसा आरोप लगाने वाले यह भूल जाते हैं कि देश में कांग्रेस का लगभग पांच दशकों तक एकछत्र राज रहा है लेकिन उसने तो तानाशाही लागू नहीं की। 1975 में तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू किया था लेकिन आपातकाल खत्म होने के बाद हुए चुनाव में जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनी थी। न तो देश में तानाशाही लागू हुई और ना ही लोकतंत्र खतरे में पड़ा। श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 400 से ज्यादा सीटें प्राप्त हुई और राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनी। उस समय भी न तो कांग्रेस ने तानाशाही की और ना ही कमजोर विपक्ष के कारण लोकतंत्र खतरे में पड़ा। ऐसे में यह कहना कतई उचित नहीं है कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए गठबंधन 400 सीटों से ज्यादा सीटें ले आता है तो देश में तानाशाही लागू हो जाएगी और लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। इस तरह के आपत्तिजनक बयान देने वाले नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं। इसलिए कोई भी राजनीतिक पार्टी चाहे वह जितना प्रचंड बहुमत हासिल कर लें वह लोकतंत्र को खत्म करना तो दूर की बात है। कमजोर भी नहीं कर पाएगी। यह ठीक है कि चुनाव के दौरान अपनी लकीर को बड़ा दिखाने के लिए दूसरे की लकीर को मिटाने की कोशिश की जाती हैं और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप भी लगाए जाते हैं। लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं है कि बड़बोले नेता कुछ भी विवादास्पद टीका-टिप्पणी करते रहें। ऐसे नेताओं को अपनी पुरानी करतूतों से सबक सीखना चाहिए। पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर विपक्ष ने उनके खिलाफ चाय वाला से लेकर चौकीदार चोर है तक न जाने कैसी-कैसी विवादित टिप्पणी की थी लेकिन इसका नतीजा यह निकला था कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव और ज्यादा सीटों के अंतर से जीतने में सफल हुई। इस बार भी विवादास्पद बयानबाजी करने वाले नेता पीएम मोदी और भाजपा पर निजी हमले करके उन्हें ही और ज्यादा मजबूती दें तो कोई हैरत नहीं होगी। बेहतर होगा कि आईएनडीआईए में शामिल राजनीतिक पार्टियों के कर्णधार अपने बयानवीर नेताओं को यह समझाइश दें कि वे चुनाव के दौरान अपनी वाणी पर संयम रखें और अनर्गल बयानबाजी से परहेज करें। इस बारे में तो चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए दिशा निर्देश भी जारी किया था कि वे पीएम मोदी पर निजी हमले ना करें। किन्तु चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की भी ये बयानवीर नेता परवाह नहीं कर रहे हैं। यह उनकी अपनी ही पार्टी के हित में नहीं है। इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले ही अपनी पार्टी के नेताओं को निर्देशित किया हुआ है कि वे चुनाव के दौरान विवादित बयानबाजी बिल्कुल करें। जनता के सामने अपनी सरकार की उपलब्धियों को ही रखें। इसी तरह अन्य विपक्षी पार्टियों को भी बेतुकी बयानबाजी से बचना चाहिए और अपनी पार्टी के चुनावी संकल्पों को जनता के सामने रखना चाहिए। अन्यथा वे अपनी बेतुकी बयानबाजी से अपनी ही पार्टी को छति पहुंचाएंगे।

प्रदेश में गहराता पेयजल संकट

अप्रैल माह की शुरूआत में ही छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट गहराने लगा है। अभी तो यह गर्मी की शुरूआत है आगे चलकर तापमान में और वृद्धि होगी और गर्मी बढ़ने के कारण भू-जल स्तर नीचे गिरने लगेगा। ऐसी स्थिति में मई और जून माह में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश हैंडपंप अनुपयोगी सिद्ध होंगे। जिससे पानी के लिए त्रहि-त्रहि मच सकती है। हर साल गर्मी के मौसम में समस्या मुलक गांवों में पानी की विकराल समस्या उत्पन्न होती रही हैं। इस बार भी ऐसा ना हो इसके लिए शासन को समस्या मुलक गांव की पहचान कर वहां पेयजल और निस्तार की समस्या का समाधान ढूंढना चाहिए। ताकि आने वाले दिनों में जब गर्मी और ज्यादा बढ़ने लगेगी तो ग्रामीणों को इस विकट समस्या का सामना ना करना पड़े। शहरी क्षेत्रों में भी झुग्गी झोपड़ी बहुल बस्तियों में हर साल गर्मी में पानी की समस्या विकराल रूप धारण करती है। इसलिए वहां भी शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए। राज्य सरकार पेयजल समस्या का सर्वोच्च प्राथमिकता से समाधान करें।

प्रवीण गुगनानी
विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में राजभाषा सलाहकार

भारत की परिवार परम्परा और विवाह परम्परा के विरुद्ध इनके षड़यंत्र आए दिन नए नए रूप में देश के प्रत्येक भाग में उभरते रहते हैं। सीआरपीएफके 75 सैनिकों के नक्सलियों से संघर्ष करते हुए बलिदान होने पर उत्सव मनाने जैसी घटनाएं ये लोग आए दिन करते रहते हैं। इन सब प्रपंचों को करने के बाद यदि ये विभिन्न राजनैतिक दल जब सत्ताप्राप्ति के लिए एक होने का जब प्रयास करते हैं तो बड़ा हास्य उत्पन्न होता है। सांप-नेवला, कुत्ता-बिल्ली-चूहे की जोड़ी बना ली जाती है और समाज से समर्थन मांगा जाता है। समाज सोचता है किसे देखकर इन्हें समर्थन दें? कुत्ते को देखकर समर्थन दें तो वह बिल्ली को खा जाएगा बिल्ली को दें तो वह चूहे को खा जाएगी चूहे को दें तो वह देश को ही कुतर जाएगा। प्रश्न बड़ा है शेष फिर कभी...

भाजपा : वैचारिक विश्व में एक चमकता नक्षत्र

विमर्श या नैरेटिव के नाम पर भारत में एक अघोषित युद्ध चला हुआ है। इन दिनों भारत में चल रहा यह विमर्श शुद्ध राजनैतिक है। राजनीति और कुछ नहीं समाज का एक संक्षिप्त प्रतिबिंब ही है। विमर्श में यह प्रतिबिंब विषय व समयानुसार कुछ छोटा या बड़ा होता रह सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार के राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी की राजनीति को यदि हम सामाजिक प्रतिबिंब के रूप में देखें तो हमें वैचारिक प्रतिबंधों, वर्जनाओं और सीमाओं से मुक्ति मिल जाती है। वैचारिक दृष्टि से देखें तो भाजपा एकमात्र ऐसा भारतीय राजनैतिक दल है जो विदेशी वैचारिक दासता से मुक्त है। भाजपा का विचार वही है जो भारत का चिरंतन विचार रहा है। भाजपा अपने चिर परिचित हिन्दुवशील आग्रहों पर अंगद, अटल है। नवीन व पुरातन का अभिनव संगम हो गई है भाजपा। वस्तुतः आरएसएस ने भाजपा के माध्यम से राजनीति एक विशाल, विराट व मुक्त वैचारिक कैनवास हमें दिया है।

हम भारत के राजनैतिक, अराजनैतिक और यहां तक की हम भाजपा के लोग भी भाजपाई राजनीति को सही शब्दों में संपूर्णतः व्यक्त नहीं कर पाते हैं। यह अव्यक्तिकरण इसलिए नहीं है कि भाजपाई नेतृत्व के पास या भाजपा के आलोचकों के पास शब्दों या समझ का अभाव है। यह अव्यक्तिकरण इसलिए है कि भाजपा का सर्वसमावेशन, सर्वस्पर्शन और सर्वव्याप्तिकरण का लक्ष्य समाज में तीव्रता से आ रहे परिवर्तनों के साथ साथ त्वरा भाव से उर्वर, अद्यतन होकर अपडेशन के साथ सदैव व स्वमेव ही हमारे समक्ष प्रस्तुत हो जाता है। तेजी से बदलते समाज में एक तीव्र और तेज वैचारिक अपडेशन को अपनाना यही भाजपा का देश भर में सत्तासीन होने का अंतर्तत्व है। यह तो निर्विवाद रूप से सभी मानते हैं कि पिछले तीन दशकों में विशेषतः पिछले दशक का भारत सौ वर्षों के परिवर्तनों को समेटे हुए है। भाजपा का वैचारिक तंत्र इस तीव्र, तेज, तीक्ष्ण सामाजिक परिवर्तन को सौम्यता से प्रकट करने का सबसे बड़ा भारतीय संस्थागत ढांचा बन गया है। यहां सौम्य शब्द का प्रयोग इसलिए है क्योंकि इस तेज युग के तीव्र सामाजिक परिवर्तनों के समय में सौम्य बने रहना तनिक कठिन और कष्टप्रद होता है किंतु भाजपा की सौम्यता है की जाती ही नहीं।

भाजपा को यह सौम्यता संघ से मिलती है। संघ से इस सौम्यता को ग्रहण कर लेने की मशीन है पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद का सिद्धांत। एकात्म मानववाद का सिद्धांत भाजपा की रीढ़ है। भाजपा अपनी रीढ़ की रक्षा करना और रीढ़ पर टिके रहना दोनों भलीभांति सीख गई है। यही भाजपा नामक वटवृक्ष का फोटो सिंथेसिस प्रोसेस अर्थात प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया है।

मोटी दृष्टि से देखें तो भारत में राजनीति की चार धाराएं हैं। भाजपा, कांग्रेस, वामपंथ और समाजवाद। भाजपा स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार से उपजी एक राजनैतिक धारा है। इसने अपने कोई डमी या छद्म रूप उत्पन्न नहीं किए। शेष तीन राजनैतिक विचार अपने डमी उत्पन्न करके छल करते रहते हैं। जैसे कांग्रेस से तृणमूल कांग्रेस या राष्ट्रवादी कांग्रेस। कांग्रेस, वामपंथ व समाजवाद ने सकारात्मक विमर्श तो कम उपजाए किंतु नकारात्मक विमर्शों में ये लोग मास्टर ऑफद मास्टर्स हो गए हैं।

भाजपा के बड़े स्तर पर सत्तासीन हो जाने से लोग बहुधा एक बात कहते हैं; अरे, अब यह ÷पार्टी विद डिफ्रेंस÷ नहीं रही। विरोधी दल स्वानंद के लिए यह कह लें किंतु भाजपा आज भी ÷पार्टी विद डिफ्रेंस÷ ही है!! भाजपा में अनेक दलों से करोड़ो कार्यकर्ता आकर सम्मिलित हुए हैं, लाखों पदाधिकारी आए, हजारो सांसद विधायक आये; किंतु क्या भाजपा ने क्या मंदिर को छोड़ा? कश्मीर को छोड़ा? सामान नागरिक संहिता को छोड़ा? तुष्टिकरण के विरुद्ध अभियान को छोड़ा? हिंदुत्व के आग्रह को छोड़ा? आप पिछले एक दो दशक में सभी भारतीय दलों दलों द्वारा विकसित किये गए विमर्शों को जांचे तो पता चलेगा की वैचारिक दृष्टि से शेष दल सुविधाभोगी हो गए हैं किंतु भाजपा ने अपना वैचारिक आग्रह नहीं छोड़ा। भाजपा ने दुसरे दलों से कार्यकर्ता, पदाधिकारी, विधायक, सांसद अपने दल में लिए अवश्य किंतु आने वाले व्यक्ति और उनके विचार बदले हैं भाजपा का वैचारिक आग्रह नहीं बदला है। भाजपा आज भी अपने संघी ध्रुव पर, एकात्म मानववाद पर, अन्त्योदय पर, राममंदिर पर, समान नागरिक संहिता पर और ऐसे अनेक विषयों पर अंगद और अटलभाव से खड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर सत्ता प्राप्ति को बैचेन भाजपा से इतर के दल आजकल अपना वैचारिक आधार बनाना ही नहीं चाहते हैं। वो कभी इस डाल पर तो कभी उस डाल पर बैठते हैं। वो विचार बदलते हैं, परिवार बदलते हैं, आधार बदलते हैं और नौ सौ चूहे खाकर कभी हज को तो कभी हरिद्वार को जाने का प्रपंच करते हैं। कांग्रेस कम्युनिस्ट होकर कटुक, बिटूक गई है। कम्युनिस्ट लोग इस्लामिस्ट होने का ढोंग रच रहे हैं।

साम्यवादी समाजवादी तो पता नहीं क्या क्या प्रपंच कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात सत्तासीन होने के लिए ये लोग भारतीयता को छोड़ने में अव्वल सदा रहते हैं। ÷भारतीयता को छोड़ना÷ इस एक बड़े शब्द का प्रयोग यहां किया है, किंतु आपके समक्ष कांग्रेस जनित आपातकाल और तुष्टिकरण के बाद के कालखंड के कुछ सामाजिक संदर्भ रख रहा हूं, थर्मामीटर लगाकर चैक करें कि इन संदर्भों में भाजपा से इतर वाले राजनैतिक दलों ने कितनी तेजी से सत्ता के लिए अपनी केंचुली बदली है। जनजातीय को हिंदुओं से अलग बताना, जैन और लिंगायत जैसे कुछ अन्य समुदायों को अलग धर्म या अल्पसंख्यक कराना, शाहबानों प्रकरण में न्यायालय के निर्णय को बदलना, एक देश दो विधान, आर्य अनार्य का वितंडा उपजाना, राममंदिर को संघ भाजपा का कार्यालय बताना, अयोध्या निर्माण में बाधाएं उत्पन्न करना, रामेश्वर रामसेतु के विध्वंस हेतु मशीनों का बेड़ा भेजना, श्रीराम को काल्पनिक बताना, ऐन दीवाली की रात्रि को पूज्य शंकराचार्य की गिरफ्तारी, देश में कोविड वेक्सिन को भाजपा की वेक्सिन कहकर विरोध करना, विदेशों में वेक्सिन डिप्लोमेसी का विरोध करना, नक्सलवाद, खालिस्तान, बोडो, माओइज्म, अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध करना, पंडित विहीन कश्मीर, दक्षिण राज्यों में हिंदी विरोध के आधार पर राजनीति, भाषायी विभाजन, भीम मीम गठजोड़, मंडल-कमंडल, पूर्वोत्तर राज्यों में अलगाव, गुरमेहर कौर विवाद, चीन के साथ भारत के विवाद या संघर्ष में चीन की ओर झुकाव बताना जैसे कई कई मुद्दे हैं। ये और इन जैसे अनेक अन्य मुद्दों पर भारत के तथाकथित बुद्धिजीवी व प्रगतिशील राजनीतिक तत्वों ने सदैव ही राष्ट्र की मूलभावना के विपरीत आचरण प्रस्तुत किया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2013 में आज ही के दिन राही सरनोबत ने दक्षिण कोरिया के चांगवान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल परिसंघ वर्ल्ड कप प्रतियोगिता की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में गोल्ड जीता था। 2010 में 6 अप्रैल के दिन ही भारत के वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी और भारत दौरे पर आए अमेरिकी वित्त मंत्री टिमोथी गेथनर ने आर्थिक साझेदारी के समझौते पर साइन किए थे। 1999 में आज ही के दिन नेपाल में दोबारा 500 के भारतीय नोट चलाने की घोषणा हुई थी। 1982 में 6 अप्रैल के दिन ही दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित उपनिवेश फाकलैंड पर अर्जेन्टीना ने अधिकार किया था। 1980 में आज ही के दिन भारत की पॉलिटिकल पार्टी भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। 1966 में 6 अप्रैल के दिन ही भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया था। 1957 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया था। 1955 में 6 अप्रैल के दिन ही अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया था। 1942 में आज ही के दिन जापानी विमानों ने पहली बार भारत पर बम गिराए थे। 1924 में 6 अप्रैल के दिन ही इटली में फासिस्टों ने चुनाव में भारी जीत दर्ज किया था।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सिमट कर आज आंखों में उतर आया

सिमट कर आज आंखों में उतर आया हसीं सपना नशीली रात में दिल को बहुत भाया हसीं सपना उजाला दे रहा सपना मिलेगी मन्ज़िलें मुझको जमीं से आसमाँ तक सब जगह छाया हसीं सपना।

निधि भार्गव मानवी

मेरा दोस्त परेशाँ निकला जाने कितने

मेरा दोस्त परेशाँ निकला जाने कितने सालों का नहीं बताया राज़ अभी तक उसने उलझे बालों का चेहरे पर मुस्कान लिए बच्चों को उसने पाला था ढूँढ़ ना पाया उत्तर लेकिन अब भी कई सवालों का। **जे डी कुदाल**

ख़ास पाती | तेरी ही जुस्तजू तुझे पाने के बाद

तेरी ही जुस्तजू तुझे पाने के बाद भी तुम्हारी आरज़ू तेरे जाने के बाद भी मिटता नहीं है नक्श मिटाने के बावजूद है तू जुबानी याद , भुलाने के बाद भी शायद इसी का नाम मुहब्बत है दोस्तो है तेरी ही तलब तुझे पाने के बाद भी होता नहीं है इश्क कभी नेस्तोनाबूद रह जाती है यह राख जलाने के बाद भी महदूद कर दिया मुझे तेरे ख्याल ने तेरा ख्याल है तेरे आने के बाद भी।

अनु मित्तल

परिंदों की हुई मिटिंग छतों पर

परिंदों की हुई मिटिंग छतों पर, न बैठें मंदिरों पर मस्जिदों पर। मुसलमाँ हिन्दू क्यूं रहते सुकूं से,भरोसा दंगों को है बदजनों पर। बदलना है लड़ाई का तरीका, रखेंगे व्होंठ दुश्मन के लबों पर। नदी सी बहती हैं यादें तुम्हारी, मिलन का आसरा हैं पत्थरों पर। ज़माना इश्क़ पर बेड़ी लगाता, भरोसा आशिक़ों को आबलों पर। **डॉ संजय दानी**

थक गई है यात्राएं और थक गए

थक गई है यात्राएं और थक गए है रास्ते कुछ कदम शेष छोड़ कर यात्राओं ने अपने अब तक की यात्रा में हर बार रेगिस्तान को ही पार किया और और रास्तों ने पतझड़ से ही मेल किया ये उस मेल का ही परिणाम था जो तृष्णा का जन्म हुआ और अतृप्त मन के बोझ तले कुछ कदम शेष छोड़ कर थक गई यात्राएं शायद!

नमन कुमार मिश्रा

मेरी मर्यादा के राम तुम्हीं

मेरी मर्यादा के राम तुम्हीं! हूँ अनंत मैं अशेष हूँ मैं तेरा हृदय विशेष हूँ! सभ्यता का स्मारक हूँ स्मृति हूँ मैं अवशेष हूँ! हूँ प्रेम भरी मैं इक सरिता मैं निश्छलता का वेग हूँ! मेरे दोनों छोर तुम्हीं से है सम्मान तुम्हारा तेज हूँ! मैं तुझमें रहूँ चपल-चंचल है कुसुम गुँथे मेरे कुंतल! मैं चिर यौवना सी तरूणी तुम हो तरू सम संदल-संदल! नीरद बन कर बरसो घन-घन मैं भर लेती हूँ अपना मन! तुम भोर सुहानी धूप सघन मैं शीतल-मंद-सुगंध पवन! हो ध्यान, ज्ञान और मान तुम्हीं मेरी मर्यादा के राम तुम्हीं! इच्छाओं का साकार हो विस्तृत ज्यूं पारावार हो! मैं बेल हरित आधार हो तुम मेरा सारा संसार हो तुम!! **अंजू डोकानिया**

दबी हुई मुस्कुराहट से हमने

दबी हुई मुस्कुराहट से हमने छुपाया तो था, तेरे नाम का आँसू आँखों तक आया तो था। रिश्ते बिखरते ही चले गए हर लम्हा लम्हा, बेबस ख़ामोशी ने उनको गले लगाया तो था। शायद वीराना कम हो जाए वक्त के साथ, अनछुई हसरतों का घर यहाँ बनाया तो था। अब फिर ना खिले मोहब्बत का वह फूल, तेरे बगैर गुज़रे पलों में यह मुरझाया तो था। ये नज़ारे, ये मंज़र रहेंगे गवाह सदियों तक, इन हसीं वादियों में हमने कुछ सजाया तो था। **राज गंगवार**

न शेष कोई उमंग है ज़िंदगी एक

न शेष कोई उमंग है ज़िंदगी एक ऐसी कटी पतंग है जो उड़ रही हैं एक अनजानी दिशा में न जाने किस डाल में अटक पर फट जाए या किसी बच्चे के हाथ में पड़कर झटक ली जाये हो सकता है किसी बिजली के खंभे पर झूल जाये किसी को मैं भूल जाऊँ, या जमाना मुझे भूल जाये फिर भी रात के इस डरावने सन्नाटे में सुबह का इंतज़ार करती हैं ये दो आँखें। **रामकिशोर उपाध्याय**

प्रेरक प्रसंग

'संगत का असर'

एक अध्यापक अपने शिष्यों के साथ घूमने जा रहे थे । रास्ते में वे अपने शिष्यों के अच्छी संगत की महिमा समझा रहे थे । लेकिन शिष्य इसे समझ नहीं पा रहे थे । तभी अध्यापक ने फूलों से भरा एक गुलाब का पौधा देखा । उन्होंने एक शिष्य को उस पौधे के नीचे से तत्काल एक मिट्टी का ढेला उठाकर ले आने को कहा । जब शिष्य ढेला उठा लाया तो अध्यापक बोले - इसे अब सूंघो। शिष्य ने ढेला सूंघा और बोला - गुरु जी इसमें से तो गुलाब की बड़ी अच्छी खुशबू आ रही है ।

तब अध्यापक बोले - बच्चो ! जानते हो इस मिट्टी में यह मनमोहक महक कैसे आई ? दरअसल इस मिट्टी पर गुलाब के फूल, टूट टूटकर गिरते रहते हैं, तो मिट्टी में भी गुलाब की महक आने लगी है जो की ये असर संगत का है और जिस प्रकार गुलाब की पंखुड़ियों की संगति के कारण इस मिट्टी में से गुलाब की महक आने लगी उसी प्रकार जो व्यक्ति जैसी संगत में रहता है उसमें वैसे ही गुणदोष आ जाते हैं ।

QUIZ TIME

1) माताबेरी पेरा और पचरा, जिन्हें हाल ही में जीआई टैग मिला है, किस राज्य से संबंधित हैं?

2) चैटजीपीटी का विकास किसके द्वारा किया गया?

3) कौन सी वायुमण्डलीय परत जलवायु और मौसम में सभी परिवर्तनों के लिए जानी जाती है?

4) 1980 में भारत में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?

5) कौन काँगो गणराज्य की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) त्रिपुरा (2) ओपनएआई (3) क्षोभमण्डल (4) 6 (5) जूडिथ सुमिनवा तुलुका

आज का पंचांग

सूर्योदयः06:16, सूर्यास्तः-06:42, चन्द्रोदयः-28:27, चन्द्रास्तः-14:53, अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः-वसंत, शक सम्वतः-1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण, तिथि-द्वादशी, नक्षत्र-शतभिषा, योग-शुभ, प्रथम करण बालव (13:28 तक), द्वितीय करण-कौलव (23:56 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य-मीन, चंद्र-कुम्भ (07:12 से), मंगल-कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-मेष (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु -मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र-मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राह-मीन, केतु-कन्या ।

शुभ यात्रा दिशा

पश्चिम-दक्षिण (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम शतभिषा नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (गो, सा,सी, सू) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिये शुभ फल प्रदान करेगा। दिन के आरम्भ में जो भी योजना बनाएंगे ।

वृषः कार्य सफलता वाला रहेगा। बीते दिनों में समाज से मिले अनादर के कारण हीन भावना से ग्रस्त रहेंगे।

मिथुनः दिन की तुलना में काफी राहत प्रदान करेगा आज आप अपनी बुद्धि एवं व्यवहार के बल पर सम्मान के हकदार बनेंगे।

कर्कः विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। प्रातः काल से ही सेहत में कुछ ना कुछ कमी आएगी जिससे मध्यान तक कि दिनचार्य अस्त व्यस्त रहेगी।

सिंहः आज आपको पूर्व में किये किसी निवेश से काफी उम्मीद रहेगी लेकिन अंत समय मे निराशा ही हाथ लगेगी।

कन्याः आपके लिये आज का दिन प्रतिकूल है आज ना चाहते हुए भी किसी विवाद में उतारना पड़ेगा जिससे सम्मान को ठेस पहुच सकती है।

तुलाःआप अपनी बुद्धि एवं पराक्रम का परिचय देंगे। दिन के पहले भाग में किसी से वैचारिक मतभेद बढ़ सकते है।

वृश्चिकःआज के दिन आप बैठे बिठाये फालतू के झगड़े मोल लेंगे। किसी काम मे विशेष योग्यता होने का पूरा फायदा उठाएंगे जिससे अन्य लोगो मे आपके प्रति कटु भावनाएं जन्म लेंगी।

धनुःआज आपके मन मे दिन भर कुछ ना कुछ उठापटक लगी रहेगी। आज आपको सामाजिक रीतियों के विपरीत कार्य करने में आनद आएगा।

मकरःआज का दिन मिला जुला फल देगा। प्रातः काल में किसी जरूरी कार्य को लेकर किसी के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी।

कुंभःआज आपका व्यवहार सामने वाले को अहंकारी जैसा लगेगा लेकिन बाहर से रूखापन दिखने पर भी अंदर से नरमी रहेगी।

मीनः आपको कुछ ना कुछ हानि अवश्य कराएगा प्रत्येक कार्य देखभाल कर ही करें विशेषकर आज धन संबंधित कार्यो अधिक स्पष्टता बरते किसी से धोखा अथवा अपमानित होने की संभावना है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -018

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 017 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	जां	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

एयू के कुलपति और प्रबंधन के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष ने की शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रबंधन के खिलाफ आचार संहिता का उलंघन करने को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। यूनिवर्सिटी में सिग्नेचर और पोस्टर कैंपेन के जरिए छात्रों को बरगलाने व कुलपति पर भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार कर माहौल बनाने का आरोप लगाया। छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा ने की कलेक्टर से शिकायत की। शिकायत में लक्की मिश्रा ने आरएसएस के कुलपति के खिलाफ कार्यवाही और तत्काल प्रभाव में यूनिवर्सिटी से पोस्टर हटवाने की मांग की 3 बजे तक यूनिवर्सिटी परिसर से पोस्टर नहीं हटाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आज बिलासपुर प्रवास के दौरान काला झंडा दिखाएंगे की दी चेतावनी दी थी।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओ को किया गिरफ्तार

वही इस चेतावनी के बाद प्रशासन हरकत में आया और एनएसयूआई के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को काला झंडा ना दिखा दे इसको देखते हुए तत्काल पुलिस ने एक्शन लेते हुए ज्ञापन देने आए एनएसयूआई कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया।

लोकतंत्र में आधी आबादी निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इन गतिविधियों में जिले की स्व सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिले के 13392 समूहों के माध्यम से लगभग 1 लाख 52 हजार समूह की सदस्य लोकसभा निर्वाचन में लोगों की शत प्रतिशत सहभागिता के लिए अपने क्षेत्रों में लोगों को प्रेरित कर रही हैं, और स्वीप कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभा रहीं है। स्व-सहायता समूह की महिलाएं जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में दीवार लेखन, मानव श्रृंखला , स्वीप सुआ, नुक्कड़ नाटक, रैली, रंगोली,पेंटिंग, नृत्य एवं मानव श्रृंखला के जरिए मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश का प्रसार कर रहीं है। नवा गांव सलका क्लस्टर की समूह की पीआरपी ललिता सिंह ने बताया कि समूह की महिलाएं अपनी बैठकों में मतदान में भागीदारी को लेकर चर्चा और शपथ लेकर क्षेत्र के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर रहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति जनजागरुकता में स्व सहायता समूह की इन दीदियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। महिला समूहों द्वारा बड़ी संख्या में ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे अपने मताधिकार का सही प्रयोग करें। स्वीप मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है, जिसमें जिले की महिला समूह अपनी भागीदारी निभाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे रही हैं।

श्रमिकों व निजी कर्मचारियों को मतदान करने के लिए 7 को सवैतनिक अवकाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के लिए 7 मई को निजी प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए अवकाश रहेगा। इस दिन का वेतन भी उन्हें अपने मालिक द्वारा दिया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर श्रम विभाग, छग शासन ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर सहित सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा, दुर्ग और रायपुर लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान होगा। सहायक श्रम आयुक्त आरके प्रधान ने बताया कि इस दिन जिले में स्थित समस्त कारखानों, दुकानों एवं समाचार पत्र संस्थानों में इस दिन अवकाश रहेगा। कारखाना अधिनियम 1948 एवं छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा इस दिन को अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही ऐसे कारखानें जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो-दो घण्टे का अवकाश तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 10 साल बाद मिला अपना भवन

■ **प्रवेश जोशी की पहल रंग लाई**

किरंदुल/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल में 10 साल से चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र 22416060107 के कब्जे को लेकर विवाद का अंत हो गया है। जिला कलेक्टर के त्वरित कार्यवाही से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उक्त आंगनबाड़ी केंद्र सौंप दिया गया है।

प्रवेश जोशी, जिन्होंने मुख्यमंत्री शिकायत विभाग को पत्र लिखकर इस मामले की ओर ध्यान आकर्षित किया था, उन्होंने कहा कि यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए हर्ष की बात है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी ,शिकायत विभाग और जिला प्रशासन के सकारात्मक कार्यवाही के लिए अपनी कृतग्यता व्यक्त किया।

कार्यवाही यह हुई की मुख्यमंत्री शिकायत विभाग ने जिला प्रशासन को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने जांच के बाद पाया कि शक्ति स्वयं सहायता समूह के पास भवन पर कब्जा जमाने का कोई अधिकार नहीं था।

जिला प्रशासन ने 4 अप्रैल 2024 को तहसीलदार साहब और नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति में काबिज आंगनबाड़ी केंद्र भवन को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंप दिया गया। और यह अस्वस्त किया की आवश्कता अनुसार सुविधाओं को बड़ाई जाएगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और प्रवेश जोशी की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उनके लिए एक बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि अब वे बच्चों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम होंगी।

यह घटना प्रवेश जोशी की सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी ऐसे मामलों में आवाज उठाते रहेंगे और लोगों की मदद करते रहेंगे।

कलेक्टर-एसपी बाइक एंबुलेंस पर निकले

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के कलेक्टर अवनीश शरण और पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह कल लोकसभा चुनाव की तैयारियां देखने इलाके के दौरे पर निकले थे। इस दौरान कोटा के आगे स्वास्थ्य केंद्र में उनकी नजर बाइक एंबुलेंस पर पड़ी। कलेक्टर तुरंत गाड़ी से उतरे और बोले बताओ कैसे चलाते हो बाइक एंबुलेंसज चलाने में कोई दिक्कत तो नही होती। इसके बाद ड्राईवर से चाबी लेकर कलेक्टर सीट पर बैठ गए। उनके साथ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह भी पीछे बैठे। फिर लगा डाले एक चक्कर। साथ में गया प्रशासनिक और पुलिस अमला देखता रह गयाज दोनों साहब किधर निकल गए। कोटा के दूरस्थ इलाकों में जहां 108 एंबुलेंस जल्दी नहीं पहुंच पाता। उसके लिए कलेक्टर ने पांच बाइक एंबुलेंस प्रदान किए हैं। ताकि, बीमार या फिर हादसे का शिकार होने पर उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सकें। अवनीश शरण ने ये प्रयोग बलरामपुर और कवर्धा में कलेक्टर रहने के दौरान भी किए थे और यह काफी कारगर रहा था।

चुनाव की तैयारी के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं का भी लिया जायजा

2 और किए गए जिला बदर

चुनाव शांतिपूर्ण निपटाने अपराधियों के खिलाफ कलेक्टर सख्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु एवं आगामी लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न थानों से प्रेषित रिपोर्ट एवं पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जिला बदर का आदेश आदेश जारी किया है, और तीनों आ 24 घण्टे के अंदर बिलासपुर जिले से बाहर रहने के आदेश दिए हैं। अपराधियों में इंद्रकुमार भारद्वाज पिता कृष्ण कुमार भारद्वाज, उम्र 35 वर्ष निवासी मोहदी, धीरेन्द्र वैष्णव उर्फ टिंकू पिता फूलदास वैष्णव उम्र 21 वर्ष निवासी हरश्रृंगार कॉलोनी, अटल आवास, आर के नगर थाना सरकण्डा हैं। विभिन्न थानों में इनके विरूद्ध मारपीट, गुण्डागर्दी, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी, लूटपाट, आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की विभिन्न धाराओं के तहत जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी किये हैं और सभी आरोपियों को छह महीने के लिए बिलासपुर जिला छोड़ने के आदेश दिए हैं। इन आरोपियों को बिलासपुर राजस्व जिला सहित आसपास के जिले-जांजगीर चाम्पा, कोरबा, मुंगेली, गौरेला पेण्ड्रा मारवाही तथा बलौदाबाजार जिले की सीमा से छह महीने बाहर रहना होगा। पूर्व में शानू खान (जफर), हरिश्चंद्र ठाकुर (गोलू) एवं विनोद साहू को किया गया था जिला बदर। बिलासपुर पुलिस की अपील अवैध एवं अपराधिक गतिविधियों से दूर रहे अन्यथा सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी बिलासपुर पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई

मुंगेली जिले के ग्राम कोलीहा निवासी आदतन अपराधी प्रवृति के बिल्डर राघव सिंह ठाकुर के ऊपर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसके पूर्व में बिल्डर के ख़िलाफ़ 3 और मामले चल रहे है। सिविल लाईन थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने बिल्डर के खिलाफ़ कुछ दिन पहले शिकायत की थी व बताया की मकान बनाने के नाम पर उसका परिचय कुछ वर्ष पूर्व राघव सिंह ठाकुर से हुआ। मकान बनाने के दौरान महिला के घर उसका आना जाना होता था बिल्डर राघव 16 अप्रैल 2015 को महिला से काम की बात करने उसके घर पहुँचा महिला को अकेला पाकर उसने ज़बरदस्ती शारिरिक संबंध बनाया उसने शादी का झाँसा देकर चुप रहने कहा बाद में कई बार शादी का झाँसा देकर लगातार महिला से आरोपी शारीरिक संबंध बनाता गया, बाद में इस बात का तब खुलासा हुआ जब वह अंतिम में शादी से मुकर गया व महिला से ज़बरदस्ती कि व इस बात का खुलासा हुआ की इसका कई अन्य लोगों के साथ इसी तरह का संबंध है, अंततः 376 का जुर्म दर्ज पुलिस आरोपी की छान बीन करना शुरू कर दी है। आरोपी बिल्डर के ऊपर तीन अन्य मामले जिसमे 394 आईएपीसी अपने ही भाई कों लुटने का अपराध दर्ज कुछ वर्ष पूर्व सिविल लाइन थाने में किया गया है व ज़मीन एग्रीमेंट करवाकर ज़मीन रजिस्ट्री करवाने में धोखाधड़ी के आरोप में एक मामला 420 का दर्ज किया गया है, एक मामला टीएनएसी ने बिना किसी अनुमति के अवैध प्लाटिंग के आरोप में जुर्म दर्ज किया गया है, यह चौथा एफ़ आई आर 376 का है।

नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर पुलिस महिला संबंधी अपराधों में आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासपुर के शहरी तथा सभी ग्रामीण थानों में लगातार महिला संबंधी अपराध छेड़छाड़/बलात्कार/मारपीट करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज थाना प्रभारी कोटा रजनीश सिंह को अलग-अलग सूचना मिला की बलात्कार के आरोपी अपने सकुनत पर आए हुए हैं। सूचना पर कोटा थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम बाजारपारा कोटा तथा बेलसरी तखतपुर भेजकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी विनोद उर्फ बउला निर्मलकर उम्र 31 साल आजादपारा तखतपुर थाना तखतपुर हाल मुकाम बाजारपारा कोटा थाना कोटा जिला बिलासपुर एवं प्रीतम गेंदले पिता सुरेंद्र गेंदले उम्र 21 साल बेलसरी तखतपुर थाना तखतपुर जिला बिलासपुर दोंनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने इस बेहतर और प्रभावी कार्यवाही के लिए ज़िले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर और ग्रामीण तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कोटा श्रीमती नूपुर उपाध्याय थाना प्रभारी रजनीश सिंह और स्टाफ़ की सराहना की है । कार्यवाही में थाना प्रभारी रजनीश सिंह, स.उ.नि. ओंकार बंजारे, सनत पटेल आरक्षक खेमंत पाल, भोप साहू, संतोष श्रीवास, म.आर. पूर्णिमा सिदार, दीपिका लोनिया का सराहनीय योगदान है।

मोदी सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

भाजपा दक्षिण मंडल शक्ति केंद्र और बूह्यह्यह्यथ समिति की बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा बिलासपुर दक्षिण मंडल के अंतर्गत, लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने मंडल कार्यकर्ता पदाधिकारी शक्ति केंद्र इकाई केंद्र बूथ समिति की बैठक कर प्रत्येक क्षेत्र में जनता के बीच घर-घर पहुंच कर कमल छाप में मतदान करने की अपील करें सभी इस बात के संकल्प साथ, भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा विगत 10 वर्षों में गरीब कल्याण महिला सशक्तिकरण देश की आंतरिक एवं वाह्य सुरक्षा ,सांस्कृतिक उत्थान एवं विश्व में भारत के गौरव में वृद्धि सहित विकास के सभी आयामों पर अतुलनीय कार्य किए हैं। भारतीय जनता पार्टी गरीब कल्याण के प्रति विकास की दृष्टि से भाजपा सरकारों के द्वारा संपन्न हुए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना, जनता का विश्वास अर्जित भाजपा सरकार ने किया है ।

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार अपने किए वादे के अनुसार जनता के बीच उन सभी मूलभूत सुविधाओं को जनता के अधिकार दिलाने में सरकार ने अपने वादे निभाए। भाजपा सरकार द्वारा जनता के हितों के अनुरूप विकास कार्य लाभार्थी योजनाएं हितग्राहियों को लाभान्वित किया है केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धि राज्य सरकार में किए गए जनकल्याणकारी कार्य से जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के साथ है । आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील घर-घर पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच आशीर्वाद लेने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी को लोकसभा संसद बनाकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने हेतु फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प के साथ सभी कार्यकर्ता अपने कर्तव्य एवं दायित्वों के प्रति संकल्पित होकर लोकसभा चुनाव में जूटे। भारतीय जनता पार्टी माइक्रो डोनेशन मोदी नमो एप के माध्यम से पार्टी की विचारधारा से?5 का संकल्प लेकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना भाजपा नमो ऐप के माध्यम से । इसीआह्वान के साथ सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। बैठक में प्रमुख रूप से मनीष अग्रवाल, महेश चंद्रिकापुरे, मुर्तजा वनक,जुगल अग्रवाल, अमित तिवारी, राजेश मिश्रा, सुभाष वर्मा, नीरज वर्मा, शैल बालावर्मा, चंद्रिका साहू, स्नेह लता शर्मा, कविता वर्मा, सीता शर्मा, बेबी भदराजा, परेश गुप्ता, बजरंग शर्मा, बालमुकुंद त्रिपाठी, कोमल शर्मा, संदीप सोनी, सीनू चौहान, गोपाल यादव, विकास यादव, शंकर शंभू, जगदीश साव, प्रबीर सेन सहित बुथ एवं शक्ति केंद्र समिति के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

रेलवे स्टेशन के भीतरी व बाहरी क्षेत्र में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाएं:आईजी

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज द्वारा रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस एवं रेंज के रेल लाईन से जुड़े जिले बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती के अधिकारियों की बैठक ली गई।

बैठक से जुड़े एजेण्डा बिन्दुओं पर मधुलिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कार्यालय पु.म.नि. बिलासपुर रेंज द्वारा प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया, तदुपरांत जिला पुलिस अधीक्षकों द्वारा रेलवे सुरक्षा संबंधी समस्या और सुझावों से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षकों द्वारा उठाये गये मुद्दों के संबंध में जे.आर.ठाकुर, पुलिस अधीक्षक, रेल, रायपुर एवं दिनेश तोमर, वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त, रे.सु.ब. द्वारा अपने-अपने तथ्य प्रस्तुत किये गये। डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर रेंज द्वारा रेलवे स्टेशनों में आर.पी.एफ. द्वारा लगवाये जा रहे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों को स्थापित करने की जानकारी ली गई व कैमरों को लगवाने के समय इसकी पोजिशनिंग के लिए जिला पुलिस का सहयोग लेने निर्देशित किया गया। भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला पुलिस बल, आर.पी.एफ., जी.आर.पी. तथा जिला प्रशासन के द्वारा मॉक ड्रील कराने निर्देश दिये गये। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षकों को आर.पी.एफ एवं जी.आर.पी. के साथ रेलवे सुरक्षा से संबंधित मुद्दे तय कर इसकी समीक्षा हेतु प्रति माह बैठक आयोजित करने निर्देशित किया।

शिक्षा व्यवस्था | कलेक्टर ने प्राचार्यों की बैठक लेकर दिए निर्देश, नोडल अधिकारी नियुक्त

पालकों को दुकान विशेष से यूनिफार्म और कॉपी-किताबें खरीदने बाध्य ना करें

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने आरटीई के तहत जिले के अशासकीय विद्यालयों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी, स्वामी आत्मानंद स्कूल, डीएव्ही मुख्यमंत्री स्कूलों के प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक प्रार्थना भवन में ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पालकों को स्कूल गणवेश और पाठयपुस्तक किसी दुकान विशेष से लेने के लिए कोई भी संस्थान बाध्य नहीं करेगा। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले स्कूल भवन मरम्मत के कार्य जो पहले से शुरू हो चुके है, वे हरहाल में पूरा कर लिया जाए।

बैठक में बताया गया कि आरटीई के तहत वर्ष 2024-25 में 551 अशासकीय विद्यालयों में लगभग 4 हजार 535 सीटों पर प्रवेश लिया जाना है। छात्रों द्वारा 15 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन किया जाना है। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारी (प्राचार्य) को निर्देश दिए कि दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर सत्यापन करें। योजना के संबंध में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। अपूर्ण भरे गए आवेदन की सूचना अनिवार्य रूप से दें। बच्चों के चयन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। किसी भी विद्यालय में आरटीई के तहत सीट रिक्त न रहे इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाया जाए। कलेक्टर ने ऑनलाईन लॉटरी के द्वारा चयनित बच्चों तक प्रवेश की सूचना अनिवार्यतः भेजने के निर्देश दिए। बैठक में इसी प्रकार जिले में संचालित 34 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश की भी जानकारी दी गई। सेजेस पोर्टल में ऑनलाईन प्रवेश के लिए आवेदन करने की तिथि 10 अप्रैल से 5 मई तक निर्धारित की गई है। अधिक आवेदन होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीटों का आबंटन किया जाएगा। प्रवेश की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 मई से 15 मई तक पूरी कर ली जाएगी। स्वामी आत्मानंद स्कूल में ऑफलाईन एवं ऑनलाईन दोनों माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। इसी प्रकार जिले में संचालित 4 डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों की भी जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने दिलाई मतदान की शपथ

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने बैठक में मौजूद सभी लोगों को लोकसभा निवार्चन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग करने की शपथ दिलाई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत आरपी चौहान, स्कूल शिक्षा विभाग के एडीपीओ अनिल तिवारी, सहायक संचालक पी दासरथी, अजय कौशिक, एपीसी रामेश्वर जायसवाल, सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य एवं डीएव्ही मुख्यमंत्री स्कूल के प्राचार्य मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

कोंडागांव/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल से 01 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है।लोकसभा निर्वाचन.2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार.प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

बैजनपुरी में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैजनपुरी में इंडियन रेडक्रॉस समिति, भारत स्काउट गाइड तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। उक्त रैली के माध्यम से बैजनपुरी के समस्त ग्रामवासियों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु नारों के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। साथ ही समस्त ग्रामवासियों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

26 साल से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। गंभीर धाराओं में फरार आरोपी द्वारा गिरफ्तारी के डर से लगातार लुका छिपी का खेला जा रहा खेल को निपनिया पुलिस ने समाप्त करते हुए 26 सालो से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर वारंटी को जेल भेज दिया है। उपरोक्त संबंध में सहायता केन्द्र निपनिया उप निरीक्षक किशन कुंभकार ने बताया कि निपनिया पुलिस द्वारा 26 वर्ष पुराने मामले अपराध क्र. 171/1998 धारा 147,148,149,307 भादवि के फरार आरोपी, स्थाई वारंटी प्रदीप कुमार ध्रुव निवासी ग्राम बकुलाही को गिरफ्तार* किया गया है। आरोपी प्रकरण दर्ज होने के बाद लगभग 26 वर्षो से फरार चल रहा था, जिसे पुलिस द्वारा मुखबिर की सहायता से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल दाखिल किया गया है।

कैंसर पीड़िता की मौत के बाद परिजन ने किया अस्पताल में हंगामा

■ **बीएमओ ने उपद्रव करने वाले के खिलाफ़ थाने में की शिकायत**

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। अस्पताल परिसर में हंगामा करने वालों के खिलाफ बीएमओ और उपस्थित सभी डॉक्टरों कर्मचारियों ने चारामा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान बीएमओ डॉक्टर लखनलाल जुर्री, डॉ.उत्तम सिन्हा डॉक्टर स्वाति देवांगन, डॉक्टर श्रद्धा नेताम,डॉक्टर मारती कुमेटी, डॉक्टर जयंत नायर डॉक्टर मनीषा कृपाल,स्टॉफ नर्स नंदनी साहु संध्या नायर, दीपिका मंडल नीलम चौहान सौहाद्रा सहित अन्य कर्मचारियों ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि 3 अप्रैल की शाम 8 बजे कैंसर पीडिता कुमारी लीना बगमरिया 15 वर्ष निवासी लिलेझर की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद चारामा निवासी अंकित जैन के द्वारा अस्पताल परिसर में ड्यूटीरत कर्मचारियों और स्टॉफ नर्स को धमकाया गया, जिससे चिकित्सा सेवाएं बाधित हुई एंव कर्मचारियों से अभ्रदता भी की गई। इससे अस्पताल कर्मचारियों में भय का वातावरण निर्मित है। इसके बाद अस्पताल में व्यवस्था एवं सफाई को लेकर डॉक्टर लखनलाल जुर्री बीएमओ को भी धमकी दी गई। इस प्रकार की वारदात उक्त व्यक्ति द्वारा बार बार किए जाने से अस्पताल कर्मी एंव चिकित्सकों में एक भय का वातावरण बना हुआ है और भय के वातावरण में सभी काम कर रहे हैं। सभी ने थाना प्रभारी से हंगामे करने वाले अंकित जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज के साथ साथ मेडिकोलीगल एक्ट सरकारी कर्मचारियों को धमकी देते हुए वाद विवाद करने एवं शासकीय कार्य में रूकावट डालने की धारा के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाने की मांग की। वही एक सोशल मीडिया पर अंकित जैन का एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है,जिसमें अंकित जैन के द्वारा बीएमओ से अभद्रता पूर्ण बात कर उन्हें धमकाया जा रहा है। इसकी शिकायत आदिवासी समाज ने भी की है। इसके बाद आदिवासी समाज के पदाधिकारी चारामा थाना सहित एसपी कार्यालय में अंकित जैन की शिकायत करने पहुंचे एंव अंकित जैन पर कार्यवाही की मांग की। कार्यवाही नहीं होने पर समाज की ओर कठोर कदम उठाने की बात कही गई।

ग्रामीणों से किया था विवाद

गौरतलब है कि अंकित जैन का नाम एक माह पहले रात के अंधेरे मे भुई गाँव रेत खदान में घुसकर ग्रामीणों से विवाद करने का मामला प्रकाश में आया था, जिसके बाद ग्रामीण और आदिवासी समाज के लोगों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने की शिकायत हुई थी। इसके बाद भाजपा पार्टी के द्वारा मामले में हस्तक्षेप करते हुए मामले को शांत कराया गया था। लेकिन एक बार फिर अंकित जैन के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया गया है। इस मामले में एसपी जिला कांकेर ने कहा कि आदिवासी समाज एवं बीएमओ की ओर से प्राप्त शिकायत पत्र पर जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

4 सौ का लक्ष्य बूथ मजबूत होने पर होगा आसान : पंचू नायक

■ **धनेलीकन्हार मंडल में शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न**

कांकेर/धनेलीकन्हार/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को लेकर धनेलीकन्हार मंडल के शक्ति केंद्र कोदागांव में मंडल अध्यक्ष के निजी निवास पर शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित की गई। शक्ति केंद्र प्रभारी व मंडल अध्यक्ष पंचू राम नायक ने कहा अपने अपने बूथ को मजबूत करते हुए केंद्र में तीसरी बार अब की बार 400 पार को लेकर सभी बूथ अध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। सभी अपने अपने बूथों के हर घर पहुंच कर लोगों से मुलाकात कर केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दें। जिनको योजनाओं का किसी कारण वश लाभ नहीं मिला है उन्हें अपनी डायरी में नोट कर लोकसभा चुनाव के बाद योजनाओं से लाभान्वित कराएं। सभी को मिलकर अपने बूथ पर काम करना है और आने वाले लोकसभा चुनाव में तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है हम सभी का संकल्प है। एसआर कोरटिय ने 400 को पार कैसे करें पिछले लोकसभा चुनाव में जो बूथ दूसरे स्थान पर था उस पर जमकर मेहनत कर पहले स्थान पर लाना है। कार्यक्रम में अब्दुल खलील खान अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुसूदन साहू संयोजक दिलीप सिंह राजपूत सहसंयोजक,हिरेन्द कुबेर पटेल बूथ अध्यक्ष लाल दास साहू, राधे श्याम जयते, कुमार रावटे ओमप्रकाश साहु बिरेन्द्र रजक उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन शक्ति केंद्र संयोजक मधुसूदन साहू के द्वारा किया गया।

हिंदू नव वर्ष पर होंगे कई कार्यक्रम

कांकेर/नवप्रदेश। हिंदू नववर्ष सहित नवरात्रि को लेकर शुक्रवार को बाबा रामदेव मंदिर में सर्व हिंदू समाज की तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक आहुत की गई। इसमें श्री रामजन्मभूमि अयोध्या तीर्थ क्षेत्र समिति अक्षत कलश वितरण से जुड़े समस्त रामभक्तों व गणमान्य नागरिकों का अभिवादन कर गीत एवं जय घोष के साथ बैठक की शुरुआत की। आगामी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्र श्री रामनवमी हनुमानजन्मोत्सव को लेकर सभी समाज जनों द्वारा हिंदू नववर्ष मनाने का उत्साह दिखा। इस दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा सभी संगठन ,समितियों के द्वारा दी गई। इसमें संस्कार भारती के द्वारा सनातन संस्कृति अनुसार हिंदू नववर्ष का स्वागत ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर सामूहिक रूप से सूर्य को अर्घ्य देने तथा प्रभात फेरी निकालने की बात कही है। श्री रामजी की सेना द्वारा हिंदू नववर्ष पर बाइक रैली 3 बजे 16 अप्रैल को भंडारा एवं श्री रामनवमी पर शोभायात्रा की निकाली जाएगी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा हिंदू नववर्ष पर गंगा महाआरती, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ आतिशबाजी भजन संध्या का आयोजन एवं बजरंग दल शिवभक्त समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा चेट्रीचंद जयंती पर कार्यक्रम करने की बात कही गयी। जिसमें प्रभातफेरी, पुराने कम्युनिटी हाल में आनंद मेला,भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। 10 अप्रैल को पूजन, बाइक रैली आम भंडारा,विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है।

बैठक के बाद सर्व हिन्दू समाज ने लोकसभा चुनाव में लोगों को शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

नेवला और नाग में जीत नेवले की ही होगी

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। कांकेर में कांग्रेस पार्टी के द्वारा नामांकन रैली में गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। उन्होंनेइस दौरान भाजपा प्रत्याशी को नाग और कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को नेवला बताया है। जो नाग को हरा देगा। इस बयान पर भानुप्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भोजराज नाग जी वो नाग है जिसे स्वयं महादेव ने अपने गले में हार की तरह लपेटा हुआ है और उनके गले तक पहुंचना बड़े-बड़े देवताओं की बस की बात नहीं है।

मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत स्थानीय अशासकीय विद्यालय में मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान विद्यालय स्टॉफ को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई। साथ ही विद्यार्थियों के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान के तहत जागरूक रहेगा कांकेर मतदान करेगा कांकेर फार्मेशन के माध्यम से आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम संचालित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु फार्मेशन के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी उपस्थित स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा ''जागरूक रहेगा कांकेर, मतदान करेगा कांकेर'' और स्वीप कार्यक्रम का मानव श्रृंखला के माध्यम से फार्मेशन तैयार कर उन्हें शपथ दिलाई गई।

नामांकन के अंतिम दिन 2 अभ्यर्थियों ने जमा किया पर्चा

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण के लिए कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर अभिजीत सिंह अंतिम दिन गुरुवार 4 अप्रैल को 2 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र जमा किए। इनमें राजाराम नाग और तिलकराम मरकाम सम्मिलित हैं। गौरतलब है कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 के लिए अब तक कुल 10 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। इनमें सोनसिंह, बीरेश ठाकुर, भोजराज नाग, सुकचंद नेताम, विनोद कुमार नागवंशी, तिलकराम मरकाम, भोजराम मंडावी, थाकेश माहला, जीवनलाल मातलाम और राजाराम नाग शामिल हैं।

इसके पश्चात अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को की जाएगी तथा अभ्यर्थिता से नाम वापसी 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक ली जा सकेगी।

एमएमडब्ल्यू यूनियन ने सीएमडी के नाम 16 बिंदुओं का मांग पत्र निदेशक को सौंपा

किरंदुल/नवप्रदेश। एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक (उत्पादन) एवं अतिरिक्त प्रभार निदेशक (कार्मिक) दिलीप कुमार मोहंती को मेटल माइन वर्कर्स यूनियन (इंटक) के अध्यक्ष विनोद कश्यप और सचिव ए के सिंह के नेतृत्व में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम पर परियोजना के कर्मियों ने 16 बिंदुओं का मांग पत्र सौंपा।

उनकी मांगों में 1 जनवरी 2022 से लंबित कर्मचारियों का पुनरीक्षित वेतन समझौता को शीघ्र पूर्ण करने, एनएमडीसी के रिक्त पदों पर कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र करने, परियोजना चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टॉफ के नियमित पदों पर भर्ती के साथ ही साथ अनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान करने, किरन्दुल परियोजना में बहुप्रतीक्षित ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग 13 वर्षों से अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है, इस कार्य को शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कराया जाये साथ ही साथ रेलवे द्वारा किये गये सर्वेक्षण के पश्चात् लंबित रेलवे स्टील ब्रिज एवं फुट ब्रिज (रेलवे स्टेशन के समीप) निर्माण कार्य को गति प्रदान की जाये। मशीनों, कल-पुजों, औजारों एवं उपकरणों की कमी को दूर किया जाये, जिससे उत्पादन एवं उत्पादकता प्रभावित न हो। परियोजना चिकित्सालय में एमआरआई की सेवा उपलब्ध कराने, बायो हजार्ड मशीन चालू करने, वर्तमान में किरन्दुल-विशाखापटनम यात्री रेल की सुविधा है, किंतु चिकित्सकीय परामर्श से उपचार हेतु हैदराबाद जाने के लिए रेल सुविधा उपलब्ध नहीं है। अतः कृपया किरन्दुल से हैदराबाद जाने हेतु रेल सुविधा के विस्तार हेतु रेलवे के उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया जाये साथ ही साथ जगदलपुर से भुवनेश्वर तक की जो यात्री रेल सुविधा है, उसका विस्तार करते हुए किरन्दुल तक अथवा कम से कम दंतेवाड़ा तक रेल यात्रा की सुविधा प्रदान करने हेतु रेलवे से चर्चा की जाये। किरन्दुल-दंतेवाड़ा मार्ग अत्यंत ही जर्जर स्थिति में है। ग्राम पाढ़ापुर के पास सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर धंस गया है जिसके कारण दुर्घटनायें घटित हो रही है। बचेली से किरन्दुल मार्ग की बंद हो चुकी स्ट्रीट लाईट को सुधरवाने का कष्ट करें, जिससे बचेली से किरन्दुल तक रात्रि कालीन सेवा एवं चिकित्सकीय कार्य से आने-जाने वाले कर्मचारियों द्वारा सुरक्षित आ जा सके।

प्रथम पृष्ठ का शेष

नौकरी दिलाने ठगी का...

किया था। इसके बाद सीएसपीडीसीएल ने मामले को संज्ञान में लिया। नव प्रदेश के खुलासे के बाद विभाग ने अपनी ओर से बयान जारी करते हुए कहा कि कंपनी में विभिन्न पदों के लिए फर्जी भर्ती की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर ठगी करने प्रयास किया जा रहा है। विभाग ने अब लोगों को अलर्ट करने की बात कही है। सीएसपीडीसीएल के महाप्रबंधक पीके कश्यप ने कहा, सोशल मीडिया पर विभाग भर्ती के नाम से फर्जी जानकारी साझा की जा रही है। यह पूरी तरह से भ्रामक है।

5 'न्याय और 25...

न्याय और युवा न्याय'- पर आधारित है।

पार्टी ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। कांग्रेस ने हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है।

जीएसटी मुक्त खेती का भी वादा

पार्टी ने किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। कांग्रेस ने श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है। इसके साथ ही नारी न्याय के अंतर्गत महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं।

घोषणा पत्र न्याय की...

बदल जाएंगे। खडगे ने कहा कि घोषणा पत्र गरीबों को समर्पित है और देश के गरीबों को सम्मान देने का वादा किया गया है। इसमें आम लोगों की आर्थिक हालत सुधारने के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड देने का भी वादा किया गया है। उन्होंने कहा ÷हम देश की सामाजिक और आर्थिक गति को आगे ले जाएंगे। किसानों, गरीबों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों के विकास के बंद दरवाजे खोलेंगे। ये हमारी प्रतिज्ञा है।

यात्रा में मैने देश की स्थिति ...

कांग्रेस को वोट देना है। उनका यह भी कहना था कि कांग्रेस और भाजपा के साथ यह जबरदस्त चुनावी जंग है और कांग्रेस इस पूरे दमखम के साथ लड़ेगी और यह चुनाव जीतेगी।

कांग्रेस के घोषणा पत्र पर ...

कहां से देंगे..? कांग्रेस एक डूबता जहाज है।

सिम्स की अव्यवस्थाओं पर ...

बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें, कुछ माह पूर्व सिम्स में अव्यवस्थाओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया। इसी के तहत सिम्स की व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य शासन को निर्देश दिए थे। तब एक ओएसडी नियुक्त कर सिम्स की स्थिति को सुधारने का प्रयास किया गया।

उपकरण दशकों पुराने हैं

यहां मशीन उपकरण दशकों पुराने हैं। सिम्स के बिल्डिंग की स्थिति, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता, स्टाफ की कमी, साफ-सफाई, जांच के लिए मशीनों की स्थिति, इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा बजट के आबंटन के हिसाब से व्यवस्था सुधारने को कहा गया है।

सीएम विष्णुदेव के भाषण ...

से दिए गए उद्बोधन से छेड़छाड़ कर कांग्रेस पार्टी के राजनांदगांव प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए वोट अपील करते हुए दिखाया गया है।

ये बेहद आपत्तिजनक है

प्रतिनिधिमंडल ने कहा है ये एडिट न केवल आपत्तिजनक है, वरन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की छवि धूमिल करने का प्रयास भी है। आवेदक उक्त कृत्य से निजी तौर पर बेहद आहत हैं और उन्हें मानसिक संताप हुआ है। अतः सोशल मीडिया में जारी उक्त वीडियो निर्माता के विरुद्ध अपराध दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही करने और उक्त सोशल मीडिया साईट चैनल को तुरंत प्रतिबंधित करने की मांग की गई है।

प्रतिनिधिमंडल ने आगे दावा करते हुए कहा है कि कांग्रेस बुरी तरह चुनाव हार रही है इसीलिए अब वह इस तरह का कृत्य कर रही है। यह कांग्रेस की हताशा, निराशा है। ऐसे कृत्य करने पर कांग्रेस के लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए और तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कांग्रेस पूरी तरह से मानसिक दिवालियापन का शिकार है, इसलिए राजनीति के निम्नतम स्तर पर उतर आई है।

सुरक्षाबलों की ताबड़तोड़ ...

जुटी है। घटना की पुष्टि नारायणपुर एसपी ने की है।

5 लाख का ईनामी नक्सली 3 माह पहले समर्पित किया थाः नक्सलियों ने गला रेतकर हत्या कर दी है। मृतक ग्रामीण आत्मसमर्पित नक्सली था जो चिकित्सकीय काम करता था। वह आमदई एरिया कमेटी में एसीएम के पद पर कार्यरत था।

मोबाइल टावर जलाया,...

में आग लगा दी। नक्सलियों ने वारदात के बाद घटनास्थल पर भारी संख्या में पर्चे भी फेंके है। पर्चो में नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने और भाजपा को मार भगाने की बात लिखी है। इस पूरी घटना की जिम्मेदारी आरकेबी डिविजन कमेटी ने ली है।

सुकमा में 8-8 लाख का ...

है। नक्सली कलमू प्रकाश नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी का सचिव रहा है। वह ताड़मेटला, मिनपा सहित जिले के कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं।

जंगल की पगडंडी छोड़ ...

दूरी बनाते हुए आम लोगों की तरह जीवन जीने का फैसला कर लिया है। ये कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इनामी नक्सली अब समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बन गए हैं।नक्सलियों के समर्पण को लेकर सुकमा एसपी किरण चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा लगातार चलाए जा रहे नक्सलियों के खिलाफ अभियान से जुड़ते हुए नक्सलियों का समर्पण हो रहा है। पुलिस लगातार अंदरूनी इलाकों में नवीन कैंप की स्थापना की जा रही है।

आधार से बच्चों के लिए खोलेंगे बैंक खाता

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय सेवाओं की सुलभ प्रदायगी के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत गुरुवार को महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) प्रियदर्शिनी नगर में शिशु आधार पंजीयन शिविर लगाया गया। इसके माध्यम से बड़ी संख्या में मासूम बच्चों के अभिभावकों ने अपने- अपने बच्चों का आधार पंजीयन कराकर पहचान पत्र प्राप्त किया।

बस्तर में कमल खिलाकर 400 पार के संकल्प में सहायक बने

■ **रामविचार नेताम पहुंचे दंतेवाड़ा के भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओ में भरा जोश**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम शुक्रवार 5 अप्रैल को दंतेवाड़ा पहुंचे। भाजपा कार्यालय चितालंका पहुंचे और भाजपा कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर मार्गदर्शन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि जिस प्रकार आप सभी कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत और ऊर्जा से चैतराम अटामी को विधायक बनाकर विधानसभा भेजा और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी उसी तरह महेश कश्यप को जीताकर लोकसभा भेजना है और मोदी जी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाना है। श्री नेताम ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के 100 दिन पूरे हुए हैं और ये 100 दिन कांग्रेस के भूपेश सरकार के 5 वर्ष पर भारी हैं। मात्र 3 महीने में मोदी की गारंटी में जो हमारी पार्टी का जो वादा था छत्तीसगढ़ की जनता से, अधिकांश विष्णु सरकार ने पूरा किया है।

18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति हुई हैं। 13 दिसंबर को विष्णु सरकार ने शपथ ली और 14 दिसंबर को ही पहली कैबिनेट बुलाकर 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दी। अगले महीना से प्रधानमंत्री आवास बनना शुरू हो जाएगा। हमारे किसानों को उम्मीद नहीं थी कि 2 साल का बकाया बोनस मिल जाएगा। विष्णु सरकार आई तो 25 दिसंबर के दिन छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस को 12 लाख से ज्यादा किसानों का 2 साल का बकाया बोनस 3716 करोड़ रुपया देने का काम सरकार ने किया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से बंपर धान की खरीदी की गई है । 24.75 लाख से ज्यादा किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत भी दी। महतारी वंदन योजना में 70 लाख से ज्यादा माता बहनों को 10 मार्च को प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में 655 करोड़ रूपया उनके खाते में ट्रांसफर किया गया। प्रदेश के बेटे-बेटियों के साथ पीएससी में धोखाधड़ी हुई। उसकी सीबीआई जाँच का वादा भी भाजपा सरकार ने पूरा किया है।

महेश कश्यप को जीता कर मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएं: चैतराम

भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि केन्द्र में फिर से लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने भाजपा कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा व समर्पण से कार्य कर रहे हैं। मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने व बस्तर भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप को विजयी बनाने के संकल्प के साथ बूथ को मजबूत बनाने देवतुल्य कार्यकर्ता जुटे है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

दान बलि जैसा करो : पंडित झालेन्द्र

अमेरा/बलौदाबाजार/नवप्रदेश। अमेरा में मां गायत्री महिला समूह द्वारा आयोजित संगीत मय भागवत महापुराण के चौथे दिवस पं. झालेन्द्र कुंजबिहारी तिवारी ने भागवत व्यास पिठ से भगवान विष्णु के वामन अवतार और राजा बलि की कथा श्रवण कराई।

उन्होंने भागवत व्यास पीठ से बताया कि वामन अवतार भगवान विष्णु का बौना अवतार है। कथा अनुसार राजा बलि ने वामन देव को तीन पग भूमि दान का संकल्प लिया राजा के संकल्प लेने के बाद वामन देव ने एक पग में पृथ्वी, दूसरे पग में स्वर्ग नापा लिया और तीसरा पग राजा बलि के सिर पर रखा राजा बलि की दानवीरता देखकर वामन देव प्रसन्न हुए। पं. जी ने कहा की ईश्वर की कृपा बिना कुछ भी नहीं हो सकता । अच्छे काम भी पूजा पाठ करने की तरह ही है। मां गायत्री महिला समूह द्वारा चतुर्थ दिवस श्रोताओं के लिए भागवत कथा स्थल पर भंडारा का विशेष आयोजन किया गया।

कलेक्टर ने की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य की समीक्षा

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य की समीक्षा की है। बैठक में श्री चौहान ने 10 अप्रैल तक का समय निर्धारित करते हुए मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में चुनाव की गतिविधियां और अधिक बढ़ जाएगी। अतः हमें दिए गए समय सीमा के पूर्व ही कार्य को पूर्ण कर लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने गुणवत्ता युक्त मूल्यांकन सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं दुरूस्त रखें : कलेक्टर

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कबीरधाम जिला के दोनों विधानसभा में मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने, डाक मतपत्र तथा वेब कास्टिंग के संबंध में जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय अधिकारियों, विद्युत और लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में मतदान केन्द्रों की स्थिति, मतदान दलों के रूट चार्ट आने-जाने का रास्ता, वेब कास्टिंग सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों पर समीक्षा हुई।

कलेक्टर श्री महोबे ने संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कुल 804 मतदान केन्द्रां की गहन समीक्षा की। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अप्रैल में अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिए जल पर्याप्त होना चाहिए। पेयजल के लिए मतदान केंद्र में प्याऊ केंद्र रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन के गाइड लाइन के अनुसार सभी मतदान केन्द्रों के लिए मेडिकल कीट उपलब्ध होना चाहिए। उन्होने सभी मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं, जैसे मतदान भवन केन्द्र की अच्छी स्थिति सहित बिजली, पानी, छांव, रैंप, फर्नीचर, शेड, महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था मतदान दलों की ठहरने की व्यवस्था बनाने लिए सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

आदिवासी समाज का युवक बना डॉक्टर

नगरी/नवप्रदेश। नगरी के ग्राम बगरुमनाला निवासी आदिवासी युवक सौरभ गोटा ने स्व.बलीराम कश्यप मेडिकल कॉलेज जगदलपुर से डाक्टर की डिग्री हासिल की है। उक्त उपाधि से आदिवासी समाज गौरवांन्वित महसूस कर रहा है। सौरभ गोटा बचपन से ही होनहार विद्यार्थी रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्तर से पढ़ाई पूरी करने के बाद आदर्श स्कूल फरसगांव फिर प्रयास विद्यालय रायपुर से पढ़ाई पूरी कर 2018 में मेडिकल कालेज जगदलपुर में चयनित होकर कम उम्र में ही डाक्टर की डिग्री हासिल करने पर सौरभ गोटा के उज्जवल भविष्य की कामना गोड़वाना समाज तहसील अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम,छेद प्रसाद कौशिल तहसील अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज नगरी, उमेश देव तहसील अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज नगरी,जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र राज ध्रुव सर्व आदिवासी समाज धमतरी,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी,जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार साक्षी,नरेश छेदैय्या,हरख मंडावी, डोमार सिंह ध्रुव, ईश्वर मंडावी,जनपद सदस्य बंशीलाल सोरी जयसिंह सोरी, शत्रुघन साक्षी, हेमंत तुमरेटी,संतोष कुंजाम, अरविंद नेताम,मोहन मरकाम,राजू सोम,नरसिंह मरकाम,श्यामाचरण मंडावी, फलेन्द्र मंडावी, नीलू छेदैय्या, संत कुमार नेताम आदि ने की है।

स्वामी आत्मानंद के छात्रों ने मेंहदी लगाकर मतदान जागरूकता का दिया संदेश

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल (सेजेस राजिम) राजिम के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गरियाबंद दीपक अग्रवाल आईएएस के निर्देश पर एसडीएम एवं अनुविभागीय निर्वाचन अधिकारी फिंगेश्वर धनंजय नेताम के मार्गदर्शन में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्राचार्य संजय एक्का के निर्देशन में व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन और नेतृत्व में कक्षा नवमीं दसवीं के छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली, स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। छात्रों ने उत्साह के साथ स्लोगन व पोस्टर बनाएं और रैली में नगर भ्रमण कर निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग कर देश निर्माण में योगदान की अपील की। परीक्षाएँ समाप्त होने पर छात्र छात्राओं ने हाथों में मेंहदी लगाकर जनमानस में मतदान जागरूकता का संदेश दिया। व्याख्याता गायकवाड़ ने बताया कि बालक और बालिकाओं ने मेंहदी से आकर्षक मतदान चिन्ह , विभिन्न स्लोगन और प्रतीक बनाया और आगामी लोकसभा

निर्वाचन में शत् प्रतिशत मतदान करने का आव्हान किया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता एम के चंदन, सागर शर्मा एनसीसी अधिकारी, प्रधान पाठक अंजय गिरी गोस्वामी, गोपाल देवांगन , मधु गुप्ता, राकेश साहू, अंजु मार्कण्डे उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम की जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक खेल सिंह नायक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी , विकासखण्ड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना व्यक्त की।

भविष्य निर्माण के मार्गदर्शन के साथ छात्रों को विदाई

कुरूद/नवप्रदेश। कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा बारहवीं के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ। बुधवार को हुए इस आयोजन में ग्यारहवीं के बच्चों ने अपने सीनियरों की विदाई को खास बनाने के लिए आकर्षक डेकोरेशन ,साज सज्जा और विभिन्न रूप से विशेष तैयारी की थी।

कार्यक्रम की शुरुआत जूनियरों ने सीनियर्स का तिलक वंदन और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं क्रमवार रैंप वाक द्वारा भी बारहवीं के बच्चों का पूरी ऊर्जा और उत्साह के स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बारहवीं के बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति देकर समा बांधा। वहीं मनोरजन से भरपूर गेम्स भी खेला। अंत में केक काटकर और डीजे की धुन में जमकर ठुमके लगाए। प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने कहा कि आज आप सभी विदा हो रहे हैं,यह पल काफी भावुक और अनमोल अहसास दिलाने वाला क्षण होता है,जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। आप सभी ने बचपन से यहां तक के सफर में विद्यालय में खट्टे मीठे पलों को जिया है,शिक्षकों की हर सीख आपको जीवन में हमेशा प्रेरणा देने का कार्य करेंगी। आप सभी के उज्वल भविष्य की कामना करती हूं। आप सभी कड़ी मेहनत और लगन से अपने सपनों को पूरा करने में सफल होंगे। ग्यारहवीं के छोटे भाई-बहनों को इस शानदार आयोजन के लिए विशेष आभार। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक विश्वनाथ चंद्राकर , उपप्रबंधक योगेश चंद्राकर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

भोजराज नाग आज नगरी क्षेत्र में करेंगे जनसंपर्क

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा के सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग सिहावा विधानसभा के बेलरगांव मंडल में शनिवार सुबह 8 बजे कमरौद, 9 बजे रांकाडीही, 10.30 बजे नवागांव, 11 बजे कपालफोड़ी, 12 बजे अमलीडीही, 2 बजे बोरसी, कुकरेल मंडल दोपहर 3 बजे छुही, 3.30 बजे सलोनी, 4 बजे दरगहन, 4.30 बजे सिरौदखुर्द/कांटाकुर्रीडीही, 5.30 बजे कुकरेल/बांसपारा, 6 बजे बनरौद, 7 बजे बगरूमनाला/हितली, 8 बजे गट्टासिल्ली आदि गांवों में जनसंपर्क करेंगे। यह जानकारी सिहावा विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू ने दी।

इस दौरान उनके साथ किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, विधानसभा सह प्रभारी नरेश सिन्हा, विधानसभा संयोजक नागेंद्र शुक्ला,, एवन साहू, अजय यादव, संजय सांडिल्य आदि मौजूद रहेंगे।

गुड़ाघाट के रामायण महोत्सव में शामिल हुए विधायक साव

भाटापारा/नवप्रदेश। गुड़ाघाट के ग्रामवासियों द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय रामायण महोत्सव में भाटापारा विधायक इन्द्र साव शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाएं जाने की व्याख्या करते हुए बताया कि, भगवान राम हमेशा सत्य की राह पर चले। अपने से बड़ों का व अपने से छोटों का कब, क्या और कैसे आचरण व व्यवहार करना चाहिए, इन बातों का उन्होंने हमेशा ध्यान रखा। भगवान राम ने सभी अवसरों पर अपने शील और शालीनता को अक्षुण बनाएं रखा। तभी वे मर्यादा की रक्षा करने वाले मर्यादा पुरूषोत्तम राम कहलाएं। आज समस्त देशवासियों के आराध्य देव के रूप में भगवान राम सर्वत्र पूजे जाते है। रामायण महोत्सव में आस पास के बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल होंगे शामिल

■ **साधुराम सेवाकुंज मे आज करेंगे कार्यकर्ताओं से संवाद**

सूरजपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बूथस्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए लोक सभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करेंगे। आज शनिवार 06 अप्रैल को हीरालाल साधुराम सेवाकुंज सूरजपुर में प्रात 11:00 बजे से प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र का वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज, सरगुजा लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व सांसद कमलभान सिंह व पूर्व विधायक चंपादेवी पावले, भीमसेन अग्रवाल, अखिलेश सोनी सहित सूरजपुर जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन मे प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे।

2200 से ज्यादा ठगों ने छत्तीसगढ़ को ठगा

रायपुर/नवप्रदेश। ऑन लाइन ठगी का जाल बुनकर छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई करके सायबर ठगों ने नाक में दम कर रखा है। अब सायबर ठगों को सबक सिखाने के साथ ही हितग्राहियों को उनकी राशि वापस दिलाने कवायद तेज कर दी है। प्रदेशभर में सायबर ठगी को अंजाम देने वाले 22 सौ ठगों की कुंडली बनाई है। जिनके खाते सीज किए जा रहे हैं। स्टेट सायबर थाना और संभागीय सायबर सेल यूनिट के पास अभी तक ऐसे 5000 केस हैं जिनसे 60 से 70 लाख रुपये की रिकवरी होनी है। स्टेट सायबर सेल के पास ज्यादातर सायबर फ्रॉड के केस में बीमा पॉलिसी, लाटरी, मनी ट्रांसफर, हेल्थ इंश्योरेंस सेक्सटार्शन और कॉल सेंटर से जुड़े मामले पहुंचे हैं। संभाग स्तर पर सामने आए मामलों की जांच चल रही है। पुलिस अफसरों का कहना है अभी तक पुलिस 3000 से ज्यादा सायबर ठगों को जेल दाखिल करा चुकी है, लेकिन इनसे रिकवरी के मामले में प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। ज्यादातर ठगों के खाते में पैसे नहीं मिले हैं ऐसे में पीड़ितों को लाभ दिलाने के लिए ठगों की संपत्ति कुर्क करने का निर्णय लिया गया है। न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत ठगों के प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुत कर संपत्ति कुर्क करने कार्रवाई शुरू की है। अफसरों का कहना है कई मामले ऐसे भी हैं जिसमें ठगों ने पीड़ितों से लूटी गई राशि विदेशी खातों में भी जमा करा दिया है, ऐसे में ई-वॉलेट के लिंक की जांच कर संबंधितों पर कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए जा रहे हैं। प्रदेश में सायबर ठगी को अंजाम देने के लिए सबसे ज्यादा झारखंड के जामताड़ा गैंग ने संपर्क साधा।

राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में मुरमुंदा की दो छात्राओं का चयन

■ **किरण यादव और वैष्णवी साहू को 12वीं तक मिलेगा लाभ**

दुर्ग/नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुरमुंदा के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने फिर से एक बार अपनी प्रतिभा सबित की है। राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 में चयनित होकर मुरमुंदा स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रतिभावान छात्राओं के नाम किरण यादव और वैष्णवी साहू हैं। इस योजना

अंतर्गत इन छात्राओं को नवमीं से बारहवीं कक्षा तक प्रति माह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के विद्यार्थी भाग लेते हैं। छत्तीसगढ़ में परीक्षा को एनसीईआरटी रायपुर आयोजित करती है।

सालों पुराने प्रश्नों का अभ्यास कराती हैं शिक्षि का उर्मिला : इसमें पूर्व माध्यमिक शाला-मुरमुंदा लगातार पिछले 5 वर्षो से 2 बच्चों का चयन होते आ रहा है। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती उर्मिला वर्मा प्रतिदिन बच्चों को 2 घंटे परीक्षा की तैयारी करवाई जाती रही है।

धोखाधड़ी कर खाते से 47 लाख निकाले, पुलिस में हुई शिकायत

दुर्ग/नवप्रदेश। धोखाधड़ी करने के नये नये तरीकों का इस्तेमाल होने लगा है। फायनेंस करने की आड़ में धोखाधड़ी करके बैंक खाते से 47 लाख रू. निकालने का मामला सामने आया है। बैंक खाते से निकाली गई रकम एक ऐसे खाते में ट्रांसफर की गई है जिसका खाताधारक से किसी भी तरह का कोई व्यवसायिक संबंध नही है। इस मामले की शिकायत मोहन नगर थाने से की गई है।

जानकारी के अनुसार सिकोला भाठा जयंती नगर निवासी अखिलेश कुमार गुप्ता पिता स्व. बद्री प्रसाद गुप्ता सिरसा खुर्द जेवरा सिरसा स्थित हनुमत पेडी प्रोसेसर के संचालक है। अखिलेश गुप्ता ने मोहन नगर थाना प्रभारी के नाम शिकायत में कहा है कि भुवाल फाइनेंस एण्ड ब्रोकर्स नमक फर्म से रूपेश जैन संबंध रखते हैं। रूपेश जैन ने उनके भाई की फर्म हनुमत राईस इन्डस्ट्रीज को 6 अप्रेल 2023 को भुवाल फाइनेंस एण्ड ब्रोकर्स से 40 लाख रू. दिलाए थे। हनुमत राईस इन्डस्ट्रीज ने 19 मई 2023 को 40 लाख रू.वापस कर दिए। रकम वापसी के बाद उन्होने हनुमत राईस इन्डस्ट्रीज को इसके लिए बनाए गए हुण्डी व चेक भी वापस कर दिए। इस विश्वास के आधार पर मैने भी 67 लाख की हुण्डी बनाई और चेक दिया। रूपेश जैन द्वारा दो माह पहले हुण्डी और चिट्ठी तथा चेक बनाया गया लेकिन चेक में कोई नाम नही लिखा गया। यह कहा गया कि जिस फर्म से रूपए ट्रांसफर होंगे उसका नाम लिखवा लेंगे। इसके बाद रूपेश जैन लगभग दो माह तक रूपए ट्रांसफर करने के लिए टाल मटोल करते रहे लेकिन न ही रकम ट्रांसफर की और न ही हुण्ड़ी व चेक को वापस किया।

न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर छ.ग.

विविध प्रकरण क्रमांक- 14/ब-121/2023-24
पेशी तारीख- 15 अप्रैल, 2024

केनरा बैंक,
द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, शाखा- बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ0ग0) ....आवेदक

विरूद्ध

(1) **मेसर्स हिटको एसोसियेट्स प्रो0 अभय सरावगी,** जीत टाकीज के पास, नवभारत प्रेस के सामने, बिलासपुर, (2) **प्रो0 अभय सरावगी,** फ्लेट नं. बी-202, वैशाली अपार्टमेंट मेग्नेटो मॉल चौक, बिलासपुर, (3) **मेसर्स सरावगी मार्केटिंग, प्रो0 शिशिर सरावगी,** मेमोरियल प्लाजा, जीत टाकीज के पास, बिलासपुर, (4) **शिशिर सरावगी पिता- सानेह सरावगी,** पता- 6/67, वार्ड नं. 16, शिव मंदिर के पीछे, विद्या उपनगर, बिलासपुर, (5) **आशा सरावगी पति- सानेह सरावगी,** पता- 6/67, वार्ड नं. 16, शिव मंदिर के पीछे, विद्या उपनगर, बिलासपुर.
तहसील व जिला- बिलासपुर छ0ग0 .... अनावेदकगण

अनावेदकगण के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक संस्था **केनरा बैंक शाखा- बिलासपुर (छ0ग0)** के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते धारा-14 वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 प्रस्तुत कर मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 22, खसरा नं. 697/11, शीट नं. 21, ब्लॉक नं.-5, प्लॉट नंबर 382, क्षेत्रफल 2118.50 वर्गफीट बंधक संपत्ति प्रतिभूति आस्ति का आधिपत्य दिलाये जाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त प्रकरण सुनवाई हेतु दिनॉक 15 अप्रैल, 2024 के लिये नियत है। दिनॉक 15 अप्रैल, 2024 को दिन के 3.00 बजे उक्त प्रकरण पर आपको उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिरी होने के लिये नोटिस प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेज को पेश करने के लिये तैयार रहें, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए लंबित प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तिथि दिनॉक 15 अप्रैल, 2024 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर के आदेशानुसार आज दिनॉक **04.03.2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
(जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित)
स्थान : बिलासपुर, दिनॉक: 04.03.2024
सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी,
हेतु जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

स्टोर्स आइटम्स की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना

ई- निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/14/24/13, दिनांक 26.03.2024.

क्र. सं.	टेण्डर संख्या	विवरण	निविदा बंद/ खुलने की तिथि	मात्रा
1.	01243294	वॉटर पम्प रिपेयर किट	15.04.2024	100 नग
2.	03241435	ब्रेक सिलेंडर 355 एमएम टू आरडीएसओ डीआरजी नं. डब्ल्यू डी-92051-एस-06	15.04.2024	200 नग
3.	04241386	बैटरी ऑपरेटेड एलईडी बेस्ड फ्लशिंग टेल	15.04.2024	1028 नग
4.	04242387	व्हीआरएलए सेल्स ऑफ 6 व्ही मोनो ब्लॉक 120 एएच	15.04.2024	180 सेट
5.	08242030	इंजन ऑइल एसएई 15 डब्ल्यू 40 विथ एपीआई सीएच-4 क्लासिफिकेशन	15.04.2024	76489 लीटर
6.	03241436	डर्ट कलेक्टर एसम्बली	16.04.2024	2594 नग
7.	03241357	ब्रेक गियर शाफ्ट लीन्स फॉर बॉक्स-एन-वैगन	17.04.2024	3368 नग
8.	08245008A	बिकार्बोनेट मिक्सर यूनिट कॉम्प्लीट सेट फॉर डायालिसीस	18.04.2024	01 नग
9.	03242441	पीओएच किट फॉर कॉन्स्टेंट कॉन्टेक्ट पोलयुरेथेन साइड बेयरर पैड एसम्बली	23.04.2024	10000 सेट
10.	03242452	साइड बफर इनहैन्स्ड कैपेसिटी फॉर कोचिंग स्टॉक	23.04.2024	646 नग

निविदा खुलने/बंद होने का समयः- 10.30 बजे

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते है।
सीपीआर/10/495 कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर छ.ग.

विविध प्रकरण क्रमांक- 38/ब-121/2023-24
पेशी तारीख- 15 अप्रैल, 2024

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,
शाखा- मुंगेली नाका, क्षेत्रीय कार्यालय, बिलासपुर
तहसील व जिला- बिलासपुर (छ0ग0) ....
आवेदक

विरूद्ध

(1) **मेसर्स अश्विफा मेडिकल प्रो0 वेद प्रकाश देवांगन**
जमानतदार- प्रणम कुमार देवांगन पिता- देवदत्त देवांगन,
दोनों निवासी- 1338, विवेकानंद नगर, फेस-02, मोपका, भारत पेट्रोल पंप के पास, मोपका,
तहसील व जिला-बिलासपुर ....
अनावेदकगण

अनावेदकगण के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,** द्वारा- प्राधिकृत अधिकारी, के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते धारा-14 वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 प्रस्तुत कर मौजा बहतराई रोड, गीतांजली सिटी, फेस-1 के बगल में एवं प्रथम हॉस्पीटल के सामने, खसरा नंबर 207/20, प.ह.नं. 26, वार्ड- 47, क्षेत्रफल 1110 वर्गफीट भूमि/भवन बंधक अचल संपत्ति प्रतिभूति आस्ति का आधिपत्य दिलाये जाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त प्रकरण सुनवाई हेतु दिनॉक 15 अप्रैल, 2024 के लिये नियत है। दिनॉक 15 अप्रैल, 2024 को दिन के 3.00 बजे उक्त प्रकरण पर आपको उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिरी होने के लिये नोटिस प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेज को पेश करने के लिये तैयार रहें, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए लंबित प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तिथि दिनॉक 15 अप्रैल, 2024 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर के आदेशानुसार आज दिनॉक **04.03.2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
(जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदेशित)
स्थान : बिलासपुर, दिनॉक: 04.03.2024
सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी,
हेतु जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
पता- पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र. 18, कलेक्टोरेट के सामने,
phone No. 07752-250593, Emai: ID- eebil-phe-cg@gov.in

ऑनलाईन द्वितीय निविदा संशोधन सूचना (जी 08460/2,3)

जल जीवन मिशन अंतर्गत बिलासपुर जिले के समस्त विकासखण्डों में नल जल प्रदाय योजनांतर्गत नलकूप खनन कार्यों की निविदा क्रमांक 71 से 81 दिनांक 11.03.2024 सिस्टम क्रमांक 153828, 153829, 153830, 153830, 103831, 153833, 153834, 153835, 153837, 153838, 153840, 153844 में निविदाकारों द्वारा निविदा स्पीडपोस्ट से प्रस्तुत करने एवं आनलाईन दस्तावेज डाउनलोड करने की तिथि 01.04.2024 निर्धारित है। परन्तु **''वर्तमान में लोकसभा आम चुनाव 2024 आदर्श आचरण संहिता दिनांक 16.03.2024 से प्रभावशील''** होने के कारण निविदा की तिथियों में निम्नानुसार आनलाईन संशोधन किया जाता है।

वर्तमान तिथि :- 1. Bid Due Date :- 31.03.2024
2. physical Doc Subbnission Due Date :- 01.04.2024 (Or Next Working Day)
3. Bid Open Date for Envelope "A & B" :- 01.04.2024

संशोधित तिथि :-1. Bid Due Date :- 10.06.2024
2. Phybbmission Doc Subbmission Due Date :- 11.06.2026 (Or Next Working Day)
3. Bid Open Date for Envelope "A & B" :- 13.06.2024

अतः ऑनलाईन निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

जी-242500002/5

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर छ.ग.

विविध प्रकरण क्रमांक- 04/ब-121/2023-24
पेशी तारीख- 15 अप्रैल, 2024

केनरा बैंक,
द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, शाखा- एस.एम.ई. रायपुर, जिला - रायपुर (छ0ग0) ....आवेदक

विरूद्ध

(1) **मेसर्स श्री साई ट्रेडिंग कंपनी, प्रो0 संजीव कुमार गुप्ता,** हाउस नंबर-ए 1, सेक्टर-1, शंकर नगर, रायपुर (छ0ग0)
जमानतदार- (1) राकेश गुप्ता पिता सत्यदेव गुप्ता, जिंदल कॉलोनी 2, मंदिर हसौद रायपुर छ0ग0, (2) **जयंती गुप्ता पति जयदेव गुप्ता,** प्लाट नं. 41/1, स्ट्रीट नं. 10, राजेन्द्र नगर वार्ड, बिलासपुर, (3) **राजीव गुप्ता पिता सत्यदेव गुप्ता,** फ्लेट नं. 479, सेक्टर 19, रोहिणी, दिल्ली.
.... अनावेदकगण

अनावेदकगण के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक संस्था **केनरा बैंक शाखा- एस0एम0ई0 रायपुर (छ0ग0)** के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते धारा-14 वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 प्रस्तुत कर मौजा राजेन्द्र नगर बिलासपुर स्थित वाणिज्यिक सह आवासीय भवन शीट नंबर 10 ,प्लॉट नंबर 41/01 का ईएमटी वार्ड नं. 10, ग्राम- घाटापारा आर.एन.एम. बिलासपुर क्षेत्रफल 1050 वर्गफीट बंधक संपत्ति प्रतिभूति आस्ति का आधिपत्य दिलाये जाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त प्रकरण सुनवाई हेतु दिनॉक 15 अप्रैल, 2024 के लिये नियत है। दिनॉक 15 अप्रैल, 2024 को दिन के 3.00 बजे उक्त प्रकरण पर आपको उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिरी होने के लिये नोटिस प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेज को पेश करने के लिये तैयार रहें, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए लंबित प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तिथि दिनॉक 15 अप्रैल, 2024 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर के आदेशानुसार आज दिनॉक **04.03.2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
(जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित)
स्थान : बिलासपुर, दिनॉक: 04.03.2024
सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी,
हेतु जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर

भारतीय सड़कों पर जल्द दिखेगी टेस्ला की इलेक्ट्रिक कारें

फैक्ट्री के लिए जमीन तलाश रही कंपनी

नई दिल्ली । यह 2015 की बात है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो में टेस्ला सुविधा का दौरा किया था और एलन मस्क उन्हें अपने इलेक्ट्रिक कार प्लांट के दौरे पर ले गए थे और पीएम को आश्वस्त किया था कि इलेक्ट्रिक वाहन बनने जा रहे हैं। लगभग एक दशक बाद टेस्ला भारत में आने और निर्माण करने के लिए तैयार है।

टेक अरबपति अंततः देश में 2-3 अरब डॉलर का ईवी संयंत्र स्थापित करने के लिए संभावित स्थान की तलाश के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेज रहा है।रिपोर्टों में कहा गया है कि टेस्ला के सीईओ के दिमाग में सबसे ऊपर तीन राज्य हैं - गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु - जिनके पास ईवी बुनियादी ढांचा है, साथ ही बंदरगाह भी हैं, जो इलेक्ट्रिक कार की दिग्गज कंपनी के लिए कारों का निर्यात करना आसान बनाते हैं। मस्क को टेस्ला गीगाफैक्ट्री स्थापित करने और बाकी दुनिया में ईवी निर्यात करने के लिए भारत को अपने अगले बड़े गंतव्य के रूप में देखने के लिए मनाने में पीएम मोदी के लगातार प्रयासों का श्रेय जाता है। पिछले साल जून में पीएम मोदी ने अमेरिका में मस्क से मुलाकात की थी और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयासों की सराहना की थी।

प्रधानमंत्री ने मस्क को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में निवेश के लिए भारत में अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री से मिलने के बाद मस्क ने भारत में अपनी आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की खोज शुरू कर दी, जिससे सस्ती इलेक्ट्रिक कारें तैयार की जा सकें, जिनकी कीमत 20 लाख रुपये से भी शुरू हो सकती है।मस्क के शब्दों में, वह (पीएम मोदी) वास्तव में भारत की परवाह करते हैं, क्योंकि वह हमें भारत में

महत्वपूर्ण निवेश करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जो कुछ ऐसा है जिसे हम करने का इरादा रखते हैं और हम सिर्फ सही समय का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। अरबपति ने पीएम से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, पीएम मोदी वास्तव में भारत के लिए सही काम करना चाहते हैं। वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि निवेश से होने वाला लाभ भारत को लाभ मिले।उन्होंने कहा, दुनिया के किसी भी बड़े देश की तुलना में भारत के पास अधिक संभावनाएं हैं।पिछले नवंबर में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कैलिफोर्निया में टेस्ला की अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र का भी दौरा किया था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रतिभाशाली भारतीय इंजीनियरों और वित्त पेशेवरों को वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए और गतिशीलता को बदलने के लिए टेस्ला की उल्लेखनीय यात्रा में योगदान करते हुए देखकर बेहद खुशी हुई।केंद्रीय मंत्री ने कहा था, टेस्ला ईवी आपूर्ति श्रृंखला में भारत से ऑटो कंपोनेंट आपूर्तिकर्ताओं के बढ़ते महत्व को देखकर गर्व होता है। यह भारत से अपने कंपोनेंट आयात को दोगुना करने की राह पर है।हालांकि, टेस्ला के मालिक ने गोयल से माफी मांगी थी कि वह अस्वस्थ होने के कारण उनसे नहीं मिल सके।पिछले महीने घोषित नई ईवी नीति में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कुछ शर्तों के साथ सीमा शुल्क को घटाकर 15 फीसदी कर दिया है। ईवी विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये (लगभग 500 मिलियन डॉलर) के निवेश की जरूरत होगी, उत्पादन तीन साल के भीतर शुरू होगा और तीन साल में 25 फीसदी डीवीए (घरेलू मूल्यवर्धन) और नई ईवी नीति के अनुसार 5 साल के भीतर 50 फीसदी डीवीए तक पहुंच जाएगा। इससे अब मस्क के लिए भारतीय बाजार में प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है।बेन एंड कंपनी और ब्लूम वेंचर्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत के ईवी बाजार में 2030 तक 100 अरब डॉलर के राजस्व के साथ 40 फीसदी से ज्यादा पैठ हासिल करने की क्षमता है। यह वृद्धि दोपहिया (2डब्ल्यू), तिपहिया (3डब्ल्यू) और चार-पहिया (कारों) वाली श्रेणियों में प्रवेश 20 फीसदी से जयादा बढ़ने का अनुमान है।

ब्लिंकिट अपने प्लेटफॉर्म पर बेचेगा सोनी प्लेस्टेशन-5

नई दिल्ली। जोमैटो के मालिकाना हक वाले क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट ने कहा कि वे अपने प्लेटफॉर्म पर प्लेस्टेशन-5 बेचने के लिए सोनी के साथ सहयोग करेंगे।कंपनी 5 अप्रैल को अपने प्लेटफॉर्म पर प्लेस्टेशन-5 लॉन्च करेगी।ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा ने एक्स पर पोस्ट किया, प्लेस्टेशन 5 ब्लिंकिट पर शुक्रवार से लॉन्च हो रहा है। इस साल की शुरुआत में, सैमसंग ने देश में अपनी नई लॉन्च की गई गैलेक्सी एस24 सीरीज की डिलीवरी के लिए ब्लिंकिट के साथ साझेदारी की थी।कंपनी ने उस समय कहा था, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई में रहने वाले ग्राहक ब्लिंकिट पर गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24 प्लस

और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन ऑर्डर कर सकते हैं और 10 मिनट से भी कम समय में फोन की डिलीवरी पा सकते हैं।

इस बीच, वित्त वर्ष 2022-23 में ब्लिंकिट का परिचालन राजस्व बढ़कर 724.2 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 236.1 करोड़ रुपये था।

हीरो मोटोकॉर्प को चुकाने होंगे 605 करोड़ आयकर विभाग का नोटिस

नई दिल्ली। ऑटो दिग्गज हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि उसे इनकम टैक्स विभाग से टैक्स और ब्याज के रूप में 605 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस मिला है। हीरो मोटोकॉर्प ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, कंपनी को 3 अप्रैल को आयकर विभाग से छह मूल्यांकन वर्षों से संबंधित नोटिस प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने खुलासा किया कि टैक्स की मांग 308.65 करोड़ रुपये है, बाकी 296.22 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में है। वाहन निर्माता ने कहा, यह मूल्यांकन वर्ष 2013-14 से 2017-18 और 2019-20 के लिए है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह इन आदेशों के खिलाफ अपील दायर करेगी और आदेश में सुधार की मांग करेगी। प्रबंधन की राय में टैक्स की मांग से कंपनी की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

दक्षिण कोरिया में इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री में 25 फीसदी की गिरावट

सोल। मार्केट रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण कोरिया में पहली तिमाही में इलेक्ट्रिकल व्हीकल की बिक्री में 25 फीसद की गिरावट दर्ज की गई, जबकि गैसोलीन हाइब्रिड मॉडल की बिक्री में 46 फीसद की तेजी आई है।कार्ल्स यू ने एक बयान में कहा, जनवरी से लेकर मार्च तक इलेक्ट्रिक व्हीकल का रजिस्ट्रेशन पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में 34,186 से गिर कर 25,550 तक आ गया।बयान में आगे कहा गया, ऐसा पहली बार हुआ है जब इलेक्टिक व्हिकल की बिक्री में तेज गिरावट दर्ज की गई।इसके विपरीत, पहली तिमाही में गैसोलीन हाइब्रिड वाहन की बिक्री एक साल पहले के 68,249 से बढ़कर 99,832 इकाई हो गई। हालांकि मार्च तिमाही में गैसोलीन से चलने वाले वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 241,742 से 19 प्रतिशत गिरकर 196,472 इकाई रह गई।वहीं, डीजल कार की बिक्री में भी गिरावट देखने को मिली है। डीजल कार की बिक्री में 56 फीसद की गिरावट आई।उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों ने कहा है कि ऊंची कीमतों की वजह से इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री पूरे वर्ष सुस्त बनी रहेगी।

रेपो दर 6.5 पर बरकरार नहीं बढ़ेगी ईएमआई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी का हवाला देते हुये एवं महंगाई पर कड़ी नजर रखते हुये लगातार सतावीं बार नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया है जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है।

मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार दर वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया था और यह अभी भी इसी स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और समायोजन के रूख को वापस लेने का निर्णय लिया है।समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

संजय नय्यर बने ऐसोचैम के अध्यक्ष

नई दिल्ली। वैश्विक वित्तीय बाजार में जाना माना नाम और सोरिन इन्वैस्टमेंट फंड के संस्थापक व चेयरमैन संजय नय्यर ऐसोसिएटिड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ऐसोचैम) के अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। नय्यर को अंतर्राष्ट्रीय वित्त में व्यापक अनुभव है और वह अजय सिंह की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। नय्यर को वैश्विक वित्तीय एवं पूंजी बाजारों का चार दशकों का अनुभव है, जिनमें से उनके 25 साल सिटीग्रुप में तथा तकरीबन 14 वर्ष केकेआर में बीते, यहां से वह बीते साल रिटायर हुए हैं। उन्होंने सिटीग्रुप छोड़ने के बाद 2009 में केकेआर के भारतीय परिचालन को स्थापित किया। केकेआर में संजय ने लगभग 14 अरब यूएस डॉलर के निवेशों की अगुआई की; ये निवेश प्राइवेट इक्विटी, रियल ऐस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और प्राइवेट इक्विटी के साथ क्रेडिट में हुआ जो 10 अरब यूएस डॉलर के मूल्यांकन के साथ सबसे बड़ा था। संजय ने 25 वर्षों तक सिटीग्रुप के लिए भारत, यूके व यूएसए में वरिष्ठ नेतृत्व के पदों पर काम किया है। वह सिटीग्रुप के भारतीय एवं दक्षिण एशियाई परिचालनों के सीईओ रहे तथा सिटीग्रुप की वैश्विक प्रबंधन समिति व एशिया कार्यकारी परिचालन समिति के सदस्य भी रहे। वह नए जमाने की ई-कॉमर्स कंपनी नायका के गैर-कार्यकारी निदेशक भी हैं जिसे उन्होंने अपनी पत्नी फाल्गुनी नय्यर के साथ मिलकर स्थापित किया है। संजय हाल ही में भारत सरकार के व्यापार मंडल के गैर-आधिकारिक सदस्य भी नियुक्त हुए हैं जो निजी क्षेत्र की नुमाइंदगी करता है तथा वह नेशनल स्टार्टअप ऐडवाइज़री काउंसिल के सदस्य भी हैं। वह यूएस-इंडिया स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के बोर्ड सदस्य हैं।

खेल, मनोरंजन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रदर्शन के लिए तैयार

पर्थ। भारतीय पुरुष टीम रोमांचक हॉकी मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से है। सीरीज का पहला मैच शनिवार को पर्थ में खेला जाएगा।

पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारत की तैयारियों का यह अंतिम पड़ाव है। 7, 10, 12 और 13 अप्रैल को होने वाले अन्य चार मैचों के साथ, प्रशंसक उच्च स्तरीय हॉकी का लुत्फ उठाएंगे।एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपने शानदार प्रदर्शन से ताजा, जहां उन्होंने भुवनेश्वर और राउरकेला में अपना दबदबा दिखाया, भारतीय टीम, जिसका नेतृत्व हरमनप्रीत सिंह कर रहे हैं, एक शानदार प्रतिष्ठा के साथ इस श्रृंखला में प्रवेश कर रही है।भुवनेश्वर में चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की और राउरकेला में अजेय क्रम बनाए रखते हुए, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनके प्रदर्शन के स्तर को ऊपर उठाने की उम्मीद जगाई है।मुख्य कोच क्रेग फल्टन इस दौरे के महत्व को व्यक्त करते हुए कहते हैं, यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक से पहले हमारी टीम की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाना और सुधार के क्षेत्रों की पहचान

करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम शीर्ष पर हैं।कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इसी भावना को व्यक्त करते हुए घोषणा की, हम आगे आने वाली चुनौती के लिए तैयार हैं। हर मैच हमारे लिए अपना कौशल दिखाने और अपने देश को गौरवान्वित करने का एक अवसर है। हम ऑस्ट्रेलिया द्वारा पेश की जाने वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा से अवगत हैं, लेकिन हमें अपनी क्षमताओं और अपनी तैयारियों पर भरोसा है।

पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को भारत के साथ ग्रुप बी में शामिल किया गया है, इसलिए दांव पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है।टेस्ट श्रृंखला दोनों टीमों को पेरिस में होने वाले अंतिम मुकाबले से पहले एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों का आकलन करने के लिए सही मंच प्रदान करती है।इसके अलावा, भारतीय टीम के लिए इतिहास गवाह है, क्योंकि उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतकर एक दशक के सूखे को खत्म करना है। भारत ने आखिरी टेस्ट सीरीज 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की धरती पर जीती थी।एफआईएच डेटा हब के आंकड़ों के मुताबिक, भारत और ऑस्ट्रेलिया 2013 से अब तक हॉकी मैदान पर कुल 43 बार भिड़ चुके हैं। इन मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया 28 बार विजयी हुआ है, जबकि भारत ने 8 मैच जीते।

साइलेंस 2 से प्राची की सामने आई पहली झलक

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइलेंस 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 2021 में आई फिल्म साइलेंस की दूसरी किस्त है।इस फिल्म में प्राची देसाई, अर्जुन माथुर और बरखा सिंह जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।हाल ही में साइलेंस 2 का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे काफी पसंद किया गया।

अब साइलेंस 2 से प्राची की पहली झलक सामने आ चुकी है। फिल्म में उनके किरदार का नाम इंस्पेक्टर संजना हैं। ज़ी स्टूडियो ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्टर साझा करते हुए लिखा, यहां तक कि एक महान पुलिसकर्मी को भी मामले को सुलझाने के लिए एक शानदार टीम की आवश्यकता होती है।

पेश है एसीपी अविनाश की सबसे भरोसेमंद सहयोगी - इंस्पेक्टर संजना। साइलेंस 2 का प्रीमियर 16 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म के पहले भाग को भी आप जी5 पर देख सकते हैं।साइलेंस 2 का निर्देशन अबन भरूचा देवहंस कर रहे हैं।

सेंथिलकुमार जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में

हैम्बर्ग। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर पर 3-1 की उलटफेर भरी जीत के साथ जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। 2023 एशियाई व्यक्तिगत रजत पदक विजेता सेंथिलकुमार ने 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के पीएसए वर्ल्ड टूर कांस्य इवेंट में दूसरे दौर में उच्च रैंकिंग वाले अंग्रेज पर 61 मिनट में 3-1 (11-5, 11-8, 9-11, 11-9) से प्रभावशाली जीत दर्ज की।

पीएसए टूर वेबसाइट के अनुसार, सेंथिलकुमार ने अच्छी फॉर्म में मैच की शुरुआत की और बढ़त बना ली, अंग्रेज खिलाड़ी को भारतीय की गति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए

संघर्ष करना पड़ा और सेंथिलकुमार ने पहला गेम 11-5 से जीत लिया। पार्कर दूसरे में करीब आ गया, हर बिंदु पर संघर्ष करते हुए, और कुछ पिन-पॉइंट सटीक ड्रॉप बनाए, लेकिन यह भारतीय ही था जिसने पहले दो गेमों में निरंतरता बनाए रखते हुए दो गेम की बढ़त ले ली। पार्कर ने तीसरे गेम के लिए कोर्ट पर ध्यान केंद्रित किया, और अपनी गुणवत्ता दिखाते हुए भारतीय को खेल के एक और करीबी चरण में धकेल दिया और तीसरा गेम जीत लिया। अंत में सेंथिलकुमार ने धैर्य बनाए रखा और अपनी 2-1 की बढ़त को जीत में बदल दिया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना नंबर 4 वरीयता प्राप्त इयान योव एनजी से होगा। इससे पहले, दुनिया में 59वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने पहले दौर में मिस्र के यासिन एल्शफेई को 62 मिनट में 6-11, 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया।

पीसीबी चेयरमैन से मुलाक़ात के बाद भी नहीं निकला हल आफरीदी अब भी असंतुष्ट

लाहौर । शाहीन शाह आफरीदी को कप्तानी से हटाए जाने के बाद पनपे विवाद के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नक़वी और आफरीदी के बीच मुलाक़ात हुई। हालांकि इस मुलाक़ात से भी आफरीदी के दृष्टिकोण से समस्या का हल नहीं निकल पाया। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि आफरीदी का मानना है कि अभी भी पीसीबी ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया है। हालांकि आफरीदी खुद अब इस मामले को रफ़ा दफ़ा करने के मूड में हैं।आफरीदी ने कप्तानी से हटाए जाने के बाद उनसे बिना पूछे पीसीबी द्वारा उनका कथित बयान जारी किए जाने पर नाराज़गी व्यक्त की थी। पता चला है कि पीसीबी ने आफरीदी के सामने यह बात स्वीकारी कि बोर्ड से इस संबंध में भूल हुई। हालांकि आफरीदी अभी भी कप्तानी से हटाए जाने के तरीके और उसकी प्रक्रिया में पारदर्शिता ना बरते जाने को लेकर नाराज़ हैं लेकिन इस पूरे मामले से उनके और बाबर आज़म के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।इसी महीने पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच टी20 मैचों की श्रृंखला का आयोजन होना है, जिसकी शुरुआत 18 अप्रैल से होने वाली है। आफरीदी के इस श्रृंखला में खेलने की पूरी संभावना है।

महान संगीतकार उस्ताद इलैयाराजा की जिंदगी को पर्दे पर उतारने को तैयार धनुष

बॉलीवुड और साउथ सुपरस्टार धनुष ने अपने नये प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है. एक्टर जल्द ही एक बायोपिक में दमदार रोल निभाने वाले हैं. एक्स (ट्विटर) पर धनुष ने एक पोस्टर के साथ फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी है. धनुष साउथ फिल्म इंडस्ट्री के महान संगीतकार उस्ताद इलैयाराजी का किरदार निभाएंगे. धनुष अपने अंदाज में इलैयाराजी की जिंदगी को बड़े पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं. फिल्म डायरेक्टर अरुण मथेश्वरन इलैयाराजी के जीवन को बड़े पर्दे पर दिखाना चाहते हैं. वहीं इलैयाराजा के बेटे हैं युवान शंकर राजा ने प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला है. इलैयाराजा की बायोपिक से धनुष की पहली झलक सामने आ चुकी है. चन्नई में एक कार्यक्रम में फिल्म का पहला पोस्टर लॉन्च किया गया है. दिग्गज एक्टर कलम हासन ने भी इस इवेंट में शामिल हुए थे जिन्होंने पोस्टर लॉन्च किया था. इलैयाराजा की फिल्म के पोस्टर को चेन्नई में एक कार्यक्रम में कमल हासन, वेट्री मारन, गंगई अमरेन और भारतीराजा की उपस्थिति में लॉन्च

किया गया था. फिल्म, जिसका नाम इलैयाराजा ही रखा गया है. नीरव शाह को सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी सौंपी गई है.पोस्टर में युवा धनुष कंधे पर बैग लटकाए दुनिया से मुकाबला करने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं. पोस्टर में पुराने चेन्नई को भी दिखाया गया है जिसे पहले मद्रास के नाम से जाना जाता था. पोस्टर शेयर करते हुए धनुष ने कहा कि यह किरदार निभाकर वह सम्मानित महसूस कर रहे हैं. लैयाराजा दक्षिण भारतीय सिनेमा में एक महान संगीतकार हैं।

न्यूज गैलरी

विद्यार्थियों को आयुष्मान कार्ड की दी जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। बीआरसी में बीईओ प्रतिभा मंडलोई एवं आयुष्मान कंसलटेन्ट अखिलेश कौशिक के द्वारा अशासकीय विद्यालयों का बैठक संपन्न किया गया। बैठक में मतदाता जागरण एवं विद्यालय में अध्यनरत समस्त बच्चों का आयुष्मान कार्ड पूर्ण करने संबंधी जानकारी दी गई। जिले के अधिकांश विद्यालयों में परीक्षा कार्य पूर्णता की ओर है। जिसके कारण से बच्चों की उपस्थिति कम है, इस कारण से आयुष्मान कार्ड पूर्ण होने में कुछ समय अधिक लग सकता हैं इसकी जानकारी उपस्थित प्राचार्य के द्वारा दी गई। मतदाता जागरण हेतु मानव श्रृंखला, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की। शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी लोग शपथ लिए। बैठक में प्रमुख रूप से बीईओ प्रतिभा मंडलोई, अखिलेश कौशिक, कस्तूरबा स्कूल के प्राचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी, रामगढ़ सरस्वती शिशु मंदिर से राजेश नामदेव, चारभाटा ग्रामीण सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य नोहर साहू, ओम विद्यापीठ की प्राचार्या माला गुप्ता, आरके पब्लिक स्कूल से एस गुप्ता के साथ-साथ लगभग 40 अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के परिणाम घोषित

सक्ती/नवप्रदेश। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023-24 का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक राधेश्याम चंद्रा ने बताया कि जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह 7 अप्रैल रविवार को गायत्री शक्तिपीठ सक्ती में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी, जिसमें जिला सक्ती के अन्तर्गत ब्लॉक डभरा, मालखरौदा सक्ती एवं जैजैपुर के कक्षा 5 वीं से 12 वी तक प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्तर पर सक्ती से द्वितीय स्थान प्राप्त शिवम साहू, महेश साहू, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सक्ती एवं डभरा से तृतीय स्थान पर कु. सीमा, ललित, शास. हाई स्कूल बालपुर से उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ सक्ती के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजकुमार पटेल ने सभी छात्र- छात्राओं एवं उनके पालकों, अभिभावकों व गायत्री परिवार के परिजनों को कार्यक्रम में उपस्थित होने कहा है।

प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को खेल सामग्री वितरित

मुंगेली/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार साहू एवं हिंदी शिक्षक दिलीप वैष्णव द्वारा ग्राम पंचायत बोदा के आश्रित ग्राम परसवारा एवं ग्राम बोदा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद की सामग्री जैसे शतरंज, लूडो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, रिंग, तश्तरी, क्रिकेट के समस्त सामान आदि का वितरण जीपी बनर्जी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासी, पंच, सरपंच, शाला विकास प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यगण, आम नागरिक शिक्षक स्टाफ, छोटे नन्हे बच्चे सभी की उपस्थिति में सामग्री का वितरण किया गया। जो क्षेत्र के लिए बच्चों के हृदय में खेल के प्रति प्रेम व जागरूकता को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन का कार्य करेगा। नवोदय विद्यालय दाबो के उत्कृष्ट पहल, विचार, नई सोच, बच्चों के प्रति सहानुभूति एवं नई मार्ग प्रशस्त व उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्रामीणों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

घर में घुसकर जानलेवा हमला, धरे गए 4 आरोपी

सक्ती/नवप्रदेश। घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्राम सिंघानसरा में, चरपरा खरसिया के 4 लोग भरत लाल, अनिल कुमार, पदमा भारद्वाज, एक अपचारी बालक ने घर में घुसकर पुलिस को सूचना देते हो कहकर गलियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर आरी ब्लेड से गला को काटने का प्रयास एवं डंडा से मारपीट की थी। एएसपी रमा पटेल के मार्गनिर्देशन में एसडीओपी मनीष कुंवर के साथ पुलिस ने तत्काल घायल का मुलहाजा करकर अपराध दर्ज करके, आरोपियों को गिरफ्तार कर, हेक्सा ब्लेड को जपत किया। घटना के संबंध में और जानकारी इस प्रकार है की 2 अप्रैल को पुलिस के द्वारा एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 12 एएन 7010 में लादे हाय अवैध रूप से कटकर परिवहित लिए जा रहे लकड़ी के 14 नग गोलों को जप्त किया था, जिन्हे अग्रिम कारवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द किया गया। आरोपीगण उसी लकड़ी की तस्करी से संबंध रखते हैं, जो प्रार्थी संतोष दिव्य को, पुलिस को मुखबिरी करने के संदेह में मारने गए थे। आरोपीगणों के विरुद्ध उक्त धारा का अपराध पंजीबद्ध आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर माननीय न्यायालय भेजा गया है। पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा ने गुंडा गर्दी, मारपीट करने वाले अपराधिक तत्वों के लिए चेतावनी जारी की है, की यदि किसी भी प्रकार की गुंडाहर्सी मारपीट अवैध वसूली की शिकायत प्राप्त होगी, तो पुलिस कठोरता से ऐसे तत्वों के विरुद्ध कारवाई करेगी। इस कारवाई में थाना से एएसआई माननेवार, एचसी धृतलहरे, अश्वनी सिदार, आरक्षक मनोज, एकेश्वर, बृजलाल, शामिल थे।

मतदाताओं को किया गया जागरूक

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई एवं विकासखण्ड समन्वयक समग्र शिक्षा सूर्यकांत उपाध्याय के द्वारा बीआरसी भवन में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित मध्यान्ह भोजन संचालन एवं सदस्यता समूह के अध्यक्ष, सचिव एवं रसोईयों को संबोधित करते हुए संयुक्त कलेक्टर के द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने, अपने आस-पास गांव के लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की गई। उनके द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने हेतु सामूहिक संकल्प दिलाया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई के द्वारा सभी मध्यान्ह भोजन संचालन समिति की महिलाओं को मतदान स्वयं परिवार के प्रत्येक 18 वर्ष से अधिक उम्र के महिला एवं पुरूष को एवं गांव में इसका प्रचार-प्रसार कर शत प्रतिशत मतदान करने कहा गया। उनके मार्गदर्शन में महिलाओं का कुर्सी दौड़ आयोजित किया गया। प्रथम द्वितीय प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

शतरंज प्रतियोगिता कल से

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला स्तरीय जूनियर 17 वर्ष शतरंज बालक-बालिका चैम्पियनशिप का आयोजन 7 अप्रैल रविवार को आगर हाई स्कूल दाऊपारा में प्रातः 9.30 बजे से किया जा रहा है। स्पर्धा का आयोजन जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। स्पर्धा के अंतर्गत आयु 17 वर्ष से कम के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। चयनित चार-चार बालक-बालिका खिलाड़ी दुर्ग में आयोजित 12 से 14 अप्रैल 2024 तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर 17 वर्ष शतरंज चैम्पियनशिप 2024 में मुंगेली जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को आयु प्रमाण के लिए गत वर्ष अध्ययनरत कक्षा की अंकसूची का फोटोकापी या जन्म प्रणाम पत्र लाना अनिवार्य है। स्पर्धा का प्रवेश शुल्क 100 रुपये है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, चेयरमेन विजय वर्मा, उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, सचिव ओमप्रकाश एवं सदस्य कामता प्रसाद कुर्रे से संपर्क किया जा सकता है।

ईद-ऊल-फितर में शांति व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-ऊल-फितर(ईद) का त्यौहार 11 अप्रैल गुरुवार को मनाया जाना है। उक्त त्यौहार के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें अम्बिकापुर के अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी फागेश सिन्हा मो.नं 9770446896 को अनुभाग क्षेत्र अम्बिकापुर का सम्पूर्ण प्रभार, सीतापुर के अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी रवि राही मों.नं 9111848071 को अनुभाग क्षेत्र सीतापुर, उदयपुर के अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी बी.आर. खाण्डे मो.नं. 6266754663 को अनुभाग क्षेत्र उदयपुर, धौरपुर(लुण्ड्रा) के अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डधिकारी राम सिंह ठाकुर को अनुभाग क्षेत्र धौरपुर(लुण्ड्रा) का सम्पूर्ण प्रभार दिया गया है। इसी तरह अम्बिकापुर के तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उमेश्वर सिंह बाज मो.नं 798750846 को सिटी कोतवाली क्षेत्र अम्बिकापुर, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कमलेश कुमार मिरी को थाना गांधीनगर क्षेत्र अम्बिकापुर, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी निखिल श्रीवास्तव मो.नं.8770439087 को थाना मणिपुर क्षेत्र अम्बिकापुर का प्रभार दिया गया है।

सेक्टर अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया का दिया गया प्रशिक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुव्यवस्थित संचालन हेतु सरगुजा जिले के निर्वाचन से संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सेक्टर ऑफिसर एवं रिजर्व दल के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिले में 109 अधिकारियों को सेक्टर अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें अंबिकापुर विधानसभा में मुख्य दल एवं रिजर्व दल मिलकर कुल 35 सेक्टर अधिकारी, लुण्ड्रा विधानसभा में 36 और सीतापुर विधानसभा में 37 सेक्टर अधिकारी होंगे। जिले के ऐसे मतदान केंद्र, जो भटगांव विधानसभा में आते हैं, उनके लिए 01 सेक्टर अधिकारी बनाए हुए हैं।

प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों को सेक्टर अधिकारियों के दायित्व, ईव्हीएम, वीवीपैट, बैलेट यूनिट की जानकारी के साथ-साथ पोलिंग पार्टी व पूरी मतदान प्रक्रिया सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तार से बताया गया। सेक्टर अधिकारियों एवं रिजर्व दल को प्रशिक्षण प्रदाता धौरपुर अनुविभागीय अधिकारी श्री आर.एस. ठाकुर, सहा. प्राध्यापक डॉ. राजकमल मिश्रा, डॉ.एस.एन. पाण्डेय, अनिल सिन्हा, डॉ. दीपक सिंह, डॉ आनंद कुमार, संजीव कुमार लकड़ा, डॉ. नीलाभ कुमार, अखिलेश द्विवेदी, डॉ. पीयूष पाण्डेय, सी.के. मिश्रा, प्रधान पाठक एस.के. नायर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर लगाकर वनांचल के मतदाताओं को किया गया जागरूक

मुंगेली/नवप्रदेश। लोरमी विकास खण्ड अंतर्गत वनांचल ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले के वनांचल ग्राम अचानकमार एवं छपरवा में मतदाता जागरूकता सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने प्रेरित करते हुए 68 मरीजों का स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया और उन्हें शत-प्रतिशत मतदान के लिये शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई।

गौरतलब है कि जिले में लगातार स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोकसभा निर्वाचन में जिले से शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में पोषण दिवस में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच व टीकाकरण कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने शपथ दिलाया जा रहा है।इसी कड़ी में विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत 52 उप स्वास्थ्य केंद्रों और विकासखंड पथरिया अंतर्गत 26 उपस्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण किया गया। इस दौरान मतदाता जागरुकता अभियान के तहत लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

ड्यूटी से अनुपस्थित दो व्याख्याताओं को नोटिस

सेजेस उमावि बतौली के व्याख्याता श्री राजपाल देव खटकर और उ.मा.वि खैरवार के व्याख्याता कमलेश सिंह को निर्वाचन ड्यूटी से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर नोडल अधिकारी शिकायत एवं सीईओ जिला पंचायत सरगुजा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कंट्रोल रूम शिकायत शाखा में सरगुजा जिले से संबंधित और प्राप्त ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन शिकायत के पंजीयन कर निराकरण हेतु, उच्च अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी के माध्यम से प्रेषित किए जाने हेतु उक्त व्यक्तियों की ड्यूटी लगाई गई है। बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से कर्तव्य से अनुपस्थित रहने पर इन्हें नोटिस जारी किया गया है और अपना स्पष्टीकरण दो दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। समयावधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने अथवा समाधान कारक नहीं पाए जाने की स्थिति में एक तरफा कार्यवाही की जाएगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी।

राज्य के सीमावर्ती जिले में किया गया मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दिवस के दिन पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार या व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित एवं कार्यरत प्रत्येक कामगार को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख के अनुसार मतदान के दिन संबंधितों को सवैतनिक अवकाश प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने शासन के निर्देशों का पालन कराए जाने सर्व विभाग प्रमुखों और कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है निर्देशित किया है।

चुनाव | जिले के 306 मतदान केन्द्रों में होगा 7 मई को मतदान, पुरूषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

दो लाख से अधिक मतदाता स्वस्थ लोकतंत्र के बनेंगे सहभागी

करीब 7 हजार युवा करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

कोरिया/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन-2023 को सम्पन्न हुए महज पांच माह हुए हैं। अब निर्वाचन आयोग, शासन-प्रशासन, सुरक्षा बल लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर पूरी तरह तैयारियों में जुटी हुई है।

कोरबा लोकसभा संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले कोरिया जिले में तृतीय चरण के तहत मंगलवार 7 मई 2024 को मतदान होगा। इसके पहले 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा, 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है, 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा 22 अप्रैल को नाम वापसी की तिथि है। लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं का रूझान क्या रहा वह मंगलवार 4 जून 2024 को मतगणना के दौरान जानकारी मिलेगी।

महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

इस बार बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 228 तथा सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में 78 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 1 लाख 70 हजार 663 मतदाता हैं, तो सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में 36 हजार 552 मतदाता है। महिला-पुरुष मतदाताओं की बात करें तो बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में पुरुष मतदाताओं की संख्या 85 हजार 85 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 572 है। इसी तरह सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में पुरुष मतदाताओं की संख्या 18 हजार 230 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 321 है। इस तरह 2 लाख 7 हजार 215 मतदाता स्वस्थ लोकतंत्र के सहभागी होंगे। जानकारी के मुताबिक 6 हजार 920 नए युवा मतदाता, 2 हजार 188 दिव्यांग मतदाता हैं तो 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 640 वहीं 7 तृतीय लिंग मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।



कोरबा संसदीय सीट में 8 विस हैं शामिल

कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत 4 जिले के 8 विधानसभा शामिल हैं। कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर, एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत तथा गौरेला- पेण्ड्रा- मरवाही के मरवाही विधानसभा सीट है।

संपत्ति विरूपण

17 मार्च को आचार संहिता लगते ही जिले में नगरीय निकायवार एवं ग्राम पंचायत वार संपत्ति विरूपण दल का गठन किया गया है, जिसके तहत संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की गई। इसके तहत शासकीय, अशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मंडल, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, निजी कार्यालय, भवन, डिवाइडर, छत, दीवार आदि स्थानों से राजनीतिक व अन्य प्रचार-प्रसार से संबंधित फ्लेक्स, पोस्टर, स्टीकर, बैनर, पेंटिंग आदि को हटाने के लिए पूरा अमला लगा हुआ है। जिसके तहत शासकीय संस्थाओं से 2 हजार से अधिक तथा निजी निजी भवनों से 1 हजार 35 प्रचार सामग्री संपत्ति विरूपण के तहत कार्यवाही कर हटाया गया है।

पांच साल में बैकुण्ठपुर में करीब 4 तो सोनहत में 11 प्रतिशत मतदाता बढ़े

विगत लोकसभा निर्वाचन-2019 में बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के 1 लाख 25 हजार 872 (76.58 प्रतिशत), (सोनहत) विकासखण्ड के 28 हजार 667 (87.20 प्रतिशत), मतदाताओं ने मतदान किए थे। विगत लोकसभा निर्वाचन में बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में पुरूष मतदाता 77.59 प्रतिशत रहा तो महिला मतदाताओं की प्रतिशत 75.57 प्रतिशत थीं, इसी तरह सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में पुरूष मतदाता 88.59 प्रतिशत रहा तो महिला मतदाता की प्रतिशत 85.81 प्रतिशत रही। जानकारी के मुताबिक इस बार बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 3.84 प्रतिशत व सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में 11.15 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

चांदामेटा गांव के लोगों ने दी लोस चुनाव के बहिष्कार की धमकी

■ जब हमारे लिए कुछ काम ही नहीं हुआ तो फिर वोट देने का क्या है मतलब

जगदलपुर/नवप्रदेश। के 3 बस्तर में एक गांव है चांदामेटा. पिछले साल यह गांव सुर्खियों में रहा. वजह थी आजादी के 75 सालों बाद यहां तिरंगा फहराया गया. बस्तर संभाग के जगदलपुर जिले के आखिरी छोर पर बसा गांव है चांदामेटा. पिछले कई सालों से चांदामेटा गांव सुर्खियों में रहा है. विधानसभा चुनाव के दौरान पहली बार चांदामेटा गांव में मतदान केंद्र बनाया गया. लोगों को उम्मीद हुई की वोट देने के बाद उनकी किस्मत बदलेगी, लेकिन न तो गांव वालों की किस्मत बदली नहीं गांव की तकदीर. आज भी गांव के लोग पीने का पानी गड्ढों से निकालते हैं. जिस पानी को ये लोग पीते हैं उस पानी हम और आप शायद कपड़े धोना भी गंवारा नहीं करें. चांदामेटा के ग्रामीण विकास नहीं होने से नाराज हैं. गांव वालों ने चेतावनी दी है कि वो इस लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे.

गांव वालों का कहना है कि जब हमारे लिए कुछ काम ही नहीं हुआ तो

फिर वोट देने का मतलब क्या है. बारिश के बाद से इलाके में पानी की ऐसी किल्लत होती है कि लोग एक एक बाल्टी पानी के लिए घंटों गड्ढों में घुसकर खुद के लिए पानी जमा करते हैं. अप्रैल में गर्मी के आते ही यहां का पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया है. तपती दोपहरी में हर घर का एक सदस्य पानी के लिए जद्दोजहद करता नजर आता है. इलाके में जो चंद कुएं हैं उनको साफ करने की भी कवायद शुरु हो चुकी है. गांव के लोग जानते हैं कि जीना है तो फिर यही पानी पीना है. नाराज लोग प्रशासन और नेताओं से इतने खफा हैं कि अब चुनाव बहिष्कार की भी धमकी दे रहे हैं.

चांदामेटा गांव में जहां तक सड़क बनी है वहां तक पानी की दिक्कत नहीं है. जैसे ही कच्ची सड़क शुरु होती है पानी कि किल्लत शुरु हो जाती है.

कुछ इलाकों में तो कुएं के सहारे ही लोगों की जिंदगी कटती है. बुरा हाल तब होता है जब गर्मी के दिनों में यहां पानी सूख जाता है. शासन को कई बार जानकारी दी गई. हमारा जीवन बड़ी मुश्किलों में कट रहा है. विधानसभा चुनाव के दौरान हमारी शिकायतों का समाधान किए जाने की बात कही गई. अब लोकसभा चुनाव आ गया है. एक भी शिकायत हमारी दूर नहीं हुई. ऐसे में हम वोट देकर क्या करेंगे. हम वोट देने का खुद को अधिकारी नहीं मानते. अगर हैंडपंप की सुविधा होगी तब ही हम वोट के लिए जाएंगे. - श्याम कवासी, ग्रामीण, चांदामेटा गांव चांदामेटा गांव में बड़ी दिक्कते हैं.

पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं. लंबे वक्त से इनकी पानी को लेकर शिकायत रही है. ईटीवी भारत के माध्यम से ये जानकारी मिली. हमारी कोशिश होगी कि इनकी समस्याओं का जल्द समाधान हो. - किरण सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी

■ न्यूज गैलरी

सहकारी शक्कर कारखाने में अंतिम बंदी सूचना जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया के एमडी श्री सतीश पाटले ने बताया कि कारखाने का पेराई सत्र 2023-24 में गन्ना खरीदी का प्रथम बंदी सूचना 18 मार्च 2024 तथा द्वितीय बंदी सूचना 31 मार्च 2024 एवं अंतिम बंदी सूचना 04 अप्रैल 2024 को निश्चित किया गया था। उन्होंने बताया कि कारखाना क्षेत्र के सुरक्षित कार्यक्षेत्र के गांव में शेयरधारी कृषकों के पास अवशेष खड़े गन्ने का सर्वे कराकर क्षेत्र सहायकों द्वारा समस्त गन्ना कृषकों को पर्याप्त मात्रा में 15 मार्च तक पर्ची उपलब्ध करा दिया गया था, जिन पर 20 मार्च तक गन्ना आपूर्ति किया जाना था। तदुपरान्त गन्ने की उपलब्धता कृषकों की माग के अनुसार पर्चियों की तिथि परिवर्तन कर तौल कराया गया है। क्षेत्र के शेयरधारी गन्ना कृषकों को गन्ना खरीदी का एक अंतिम अवसर दिया जा रहा है। 07 अप्रैल 2024 सायं समय 04 बजे तक जो भी किसान गन्ना लेकर कारखाना आयेगा उसे अंतिम अवसर देकर कारखाने द्वारा गन्ना खरीदी की जाएगी।

चुनाव का पर्व,देश का गर्व का संदेश देकर मतदाताओं को दिलाई शपथ

कवर्धा/नवप्रदेश। युवाओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने और प्रत्येक वोट के महत्व को समझने स्वर्गीय श्री पुनाराम निषाद मत्सकीय महाविद्यालय कवर्धा में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से आह्वान किया गया कि वह स्वयं वोट डाले तथा अपने परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक एवं सभी कॉलेजों वा स्कूलों में लगातार चलाए जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम मजगांव स्थित मत्सकीय महाविद्यालय में युवा मतदाताओं को प्रेरित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने युवा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वोट महत्त्व रखता है।लोकतंत्र में यहां हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

24 को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल तक बंद रहेगी मदिरा दुकानें

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान कार्य के मद्देनजर 24 अप्रैल को सायं 06 बजे से 26 अप्रैल को सम्पूर्ण दिवस तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश दिए है। इसी प्रकार मतगणना तिथि 04 जून को मतगणना स्थल क्षेत्रों की समस्त मदिरा दुकानों को सम्पूर्ण दिवस के लिए पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण में सीमावर्ती जिला रायपुर में 07 मई को मतदान होने के कारण गरियाबंद जिले के अंतर्गत स्थित राजिम (बाह्य) देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान को 05 मई को शाम 6 बजे से 07 मई को मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 संबंधी कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उक्त तिथियों में शुष्क दिवस घोषित किया है।

कलेक्टर-एसपी ने सीसी टीवी निगरानी कार्य का अवलोकन किया

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने कबीरधाम जिले के स्ट्रांग रूम में लगे सुरक्षा व्यवस्था और कवर्धा। लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के साथ आज नवीन कृषि उपज मंडी तालपुर स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था सहित मतदान दलों की रवानगी और वापसी की तैयारियों सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री महोबे ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और मतदान दलों की रवानगी के दिनों में मंडी परिसर में पर्याप्त छांव, पेयजल, गर्मी के बचाव के लिए अन्य आवश्यक संसाधन व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसपी के साथ लोकसभा निर्वाचन के लिए पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग मतदान दलों की रवानगी के लिए बीस-बीस काउंटर बनाने के लिए निर्देश

दिए। उन्होंने कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त सीसी कैमरा लगाने के निर्देश दिए है।

उन्होंने स्ट्रांग रूम के सामने निरीक्षण करते हुए करते हुए निर्वाचन पंजी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, कवर्धा एसडीएम अनुपम अशीष टोप्पो, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के दोनो विधानसभा-पंडरिया और कवर्धा के लिए बनाएं गए मतदान सामग्री वितरण काउंटर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में राजनांदगांव लोकसभा का चुनाव 26 अप्रैल शुक्रवार को होगा। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में कूलर, पंखे, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति पूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए जिले के एक सहायक मतदान केन्द्र मिलाकर 804 मतदान केन्द्रों के लिए 75 सेक्टर आफिसर का बनाया गया है। मतदान सामग्रियों का वितरण सुव्यवस्थित रूप से करने के लिए जिले के दोनो विधानसभा पंडरिया एवं कवर्धा के लिए 20-20 कुल 40 काउंटर बनाया गया है। इसके लिए काउंटर प्रभारी एवं सहायक 200 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

छोटे आमाबाल गांव में पीएम की 8 को सभा, तैयारियों में जुटे भाजपाई

आदिवासी 9 दिन तक निराहार उपवास रहकर करते हैं तपस्या

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अप्रैल को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के भानपुरी इलाके के छोटे आमाबाल गांव में सभा को संबोधित करेंगे। यहां होने वाले सभा को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रुप देने में लगे हुए हैं। यह वही स्थान है जहां का आदिवासी 9 दिन तक निराहार उपवास रहकर तपस्या करता है। उसके पीछे यह सोच है कि ऐतिहासिक दशहरा पर्व बिना किसी बाधा के संपन्न हो। इसके अलावा छोटे आमाबाल गांव 5 विधानसभा क्षेत्र को छूता है। वहीं यह क्षेत्र बस्तर में भाजपा को स्थापित करने वाले सबसे बड़े आदिवासी नेता बलीराम कश्यप का गढ़ भी रहा है।

संभाग मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 35 किलोमीटर दूर नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के भानपुरी इलाके के छोटे आमाबाल गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अप्रैल को पहुंचेंगे। सभा को सामाजिक, राजनीतिक, पर्व-संस्कृति, परंपरा और लोक जीवन शैली से जोड़कर जोगी के गांव में मोदी का नाम दिया जा रहा है। दशहरा में जहां जोगी जगदलपुर आते थे, वहीं जगदलपुर में सभा की जगह भाजपा ने जोगी के गांव में मोदी को ले जाने का अनूठा प्रयास किया है। इस लिहाज से प्रशासन और पुलिस ने भी सुरक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान 3 अक्टूबर 2023 को ऐतिहासिक लालबाग मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा हुई थी। ठीक 6 महीने के बाद लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री की छत्तीसगढ़ में पहली चुनावी सभा बस्तर के छोटे आमाबाल में होगी।

वाहन चेकिंग के दौरान 2 लाख 90 हजार रुपए मिले, नहीं मिले कैश से संबंधित दस्तावेज

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले में वाहन चेकिंग के दौरान 2 लाख 90 हजार रुपये जब्त किया गया है. FST की टीम ने यह कार्रवाई की है. दरअसल, जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र के मेऊभाठा में लोकसभा चुनाव को लेकर चेक पोस्ट बनाया गया है. इसमें स्क्वॉड की टीम लागातार आने-जाने वाले वाहनों की जांच में जुटी हुई है.

FST की टीम ने जांच के दौरान कार क्रमांक छ्त 11 BE 5457 में सवार होकर बिलासपुर जा रहे चंद्रपुर सक्ति जिले के रहने वाले नंदरलाला देवांगन को रोका. वाहन की चेकिंग करने पर उसके पास से 2 लाख 90 हजार रुपये मिले. इस पर नंदरलाल देवांगन से इस रकम के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन नंदरलाल ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया. इसके बाद स्क्वॉड की टीम ने नंदरलाला देवांगन के विरुद्ध धारा 102 के तहत मामला दर्ज कर लिया और युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है.

महंत के बयान का विरोध, भाजपा ने निकाली मौन रैली

गरियाबंद/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को लाठी से मारने संबंधित दिए गए बयान के विरोध में गुरुवार को भाजपा ने राजिम में गायत्री मंदिर से पं. सुंदरलाल शर्मा चौक तकमौन रैली निकाली और नेता प्रतिपक्ष के बयान की निन्दा की। मौन रैली के पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री एवं महासमुंद लोकसभा के समन्वयक चंद्रशेखर साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंद द्वारा लाठी से करने का दिया गया बयान उनकी ऊंची मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव में भी

कांग्रेस अभी से अपनी करारी हार देखते हुए बौखला गई है यह उसी बौखलाहट का परिणाम है कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता लोग लगातार अनर्गल और विवादित बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ और अनुभवी कांग्रेस नेता होने के कारण चरणदास महंत को इस बात का ध्यान रखना चाहिए राजनीतिक प्रतिद्वंदता में भी इस तरह की भाषा उपयोग नहीं करना चाहिए। वहीं सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि केंद्र और राज्य की सत्ता से दूर कांग्रेस हताश और निराशा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अमर्यादित और अशोभनीय टिप्पणी करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सूची हरकत का जनता चुनाव में जवाब देगी।

इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि विरोध होता है राजनीति में विरोध होता है लेकिन नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का लाठी मारने वाला बयान निंदनीय है। उन्हें इस बयान के लिए देश की जनता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगनी चाहिए। विपक्ष में रहते हुए भी कांग्रेस अपने दूषित मानसिकता की राजनीति कर रही है। जनता इसका जवाब देने तैयार है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व राजिम विधायक एवं लोकसभा सहसंयोजक संतोष उपाध्याय, विधानसभा संयोजक भागवत हरित, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ श्वेता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, वरिष्ठ नेता अशोक राजपूत, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

आदिवासियों ने कहा–चुनाव से पहले उठा लेते हैं हमारे नेता, हम क्यों करें मतदान

मानपुर/नवप्रदेश। आदिवासी नेता सुरजु टेकाम की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्रीय आदिवासियों के बीच आगामी चुनावों को लेकर खिलाफत सामने आ रही है. कलवर गांव में ग्रामीणों ने चेतावनी भरे लहजे मे कहा है कि चुनाव के पहले यदी सुरजु की रिहाई नहीं होती तो बस्तर समेत मानपुर इलाके के विभिन्न गांवों के ग्रामीण आगामी चुनावों का बहिष्कार करेंगे और मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे. इसे लेकर जल्द बैठक कर क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीण सार्वजनिक तौर पर ऐलान कर सकते हैं.

बता दें कि बीते विधानसभा चुनाव के ठीक पहले सुरजु टेकाम को विभिन्न आरोपो के तहत गिरफ्तार कर लिया गया था. इस बार फिर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले सुरजु की गिरफ्तारी हुई, लेकिन इस बार पुलिस ने दावा किया है कि सुरजु टेकाम के घर से रेड कार्यवाही के दौरान

विस्फोटक व नक्सल सामग्रियों की बरामदगी हुई है. इस लिहाज से उसे गिरफ्तार किया गया है.

परिजनों व ग्रामीणों के मुताबिक पूर्व में तथाकथित नक्सल केसों व भड़काऊ भाषण जैसे आरोपों में पांच बार जेल भेजने के बाद निर्दोष बरी होने वाले सुरजु टेकाम ने इर गिरफ्तारी में कानून का समान कर स्व स्वस्फूर्द गिरफ्तारी दी, लेकिन इस बार आदिवासी नेता के घर कथित तौर पर बारूद व अन्य सामानों को स्वयं रखकर पुलिस ने गलत तरीके से उनकी गिरफ्तारी की और उन्हें नक्सल सामान सप्लायर बता दिया।

ताम्रध्वज ने चुनाव आयोग को दी गलत जानकारी, आरोप

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के द्वारा दाखिल किये गये नामांकन को लेकर भाजपा नेता कविंद्र जैन ने आरोप लगाया है कि नामांकन पत्र मे शपथ पत्र के द्वारा दी गयी जानकारी दोषपूर्ण है तथा उसमे सत्य को छिपाने का प्रयास किया गया है।



साहू ने अपने नाम निर्देशन पत्र मे संलग्न शपथ पत्र मे अपनी एवं अपनी पत्नी की संपत्ति के ब्यौरे प्रस्तुत किये हैं उसे देखने से स्पष्ट है कि उनके द्वारा शपथ पूर्वक आयोग को संपत्ति के बाजार मूल्य के संबंध मे मिथ्या जानकारी दी गयी है। शपथ पत्र मे दिये गये ब्यौरे मे उन्होंने अपने नाम से 342.19 ग्राम सोने का मूल्य 1045560 रुपये तथा पत्नी के नाम पर 200 ग्राम सोना होने की बात लिखी है जिसका मूल्य उन्होंने सिर्फ 650000 रु अंकित किया है। उनके द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार उन्होंने सोने का मूल्य महज 3000 - 3250 रुपये प्रति ग्राम आंका है जबकि दिनांक 04 अप्रैल के दिन जिस दिन नामांकन दाखिल किया गया उस दिन सोने का बाजार मूल्य प्रति ग्राम लगभग 7000 रुपये के आसपास था। उनके द्वारा दिये गये ब्यौरे से स्पष्ट है कि उन्होंने दोषपूर्ण जानकारी चुनाव आयोग को दी है और वास्तविक जानकारी को छिपाने का प्रयास उनके द्वारा किया गया। ऐसी दोषपूर्ण जानकारी देने के पीछे उनका उद्देश्य क्या है ये चुनाव आयोग को पता लगाना चाहिये तथा इस त्रुटि को संज्ञान मे लेकर विधि अनुसार कार्यवाही की जानी चाहिए। जैन ने कहा कि राष्ट्रीय दल के प्रत्याशी को इस विषय पर गंभीर होना चाहिये और पूर्ण रूप से सही एवं दोष रहित जानकारी अपने नाम निर्देशन पत्र मे देना चाहिए।

डॉ. कन्हैया साहू अमित को मिला राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

भाटापारा/नवप्रदेश। भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जन्म जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य डॉ. कन्हैया साहू अमित को श्री चिन्मय अलंकरण राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक छत्तीसगढ़ सकल दिगम्बर जैन समाज श्री चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजीकृत) थे। इस गरिमामय शिक्षक सम्मेलन का आयोजन मंडी रोड़ स्थित %मंगल भवन में रखा गया। छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के लगभग 250 शिक्षकों सम्मान प्राप्ति हेतु आवेदन सह पंजीयन कराए थे। इस राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के सर्वप्रथम भाटापारा नगर के निवासी शासकीय प्राथमिक विद्यालय लमती में सहायक शिक्षक डॉ. कन्हैया साहू अमित को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्राप्त हुआ। कन्हैया साहू एक शिक्षक के साथ-साथ कुशल चित्रकार और साहित्यकार भी हैं।

विशेषकर बाल साहित्य लेखन में महारत हासिल है। हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में छंदबद्ध सृजन करते हैं इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। भाषागत लेखन कार्यों में वे अपने राज्य कार्यालय को सतत एवं त्वरित सहयोग करते रहते हैं। अपने विद्यालय में प्रिंट रीच स्वयं तैयार करते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों के हितार्थ अपने वेतन से एक हजार रूपये प्रतिमाह विद्यालय को आर्थिक सहयोग करते है।

श्रमिकों ने मतदाता जागरूकता की ली शपथ

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प गरियाबंद ''संकल्प एक अभियान शत प्रतिशत हो मतदान'' के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आज जिले के समस्त ग्राम पंचायतों के मनरेगा श्रमिक, एसबीएम हितग्राही एवं आवास हितग्राही द्वारा ''हम बढ़े-हमारा अधिकार बढ़े'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव एवं कार्यस्थल पर मतदाता जागरुकता शपथ दिलाई गई।

मानवीय पहल | बाल आरक्षक के पद पर एसपी ने जारी की अनुकंपा नियुक्ति आदेश

ड्यूटी के दौरान पिता की मौत, 9 साल का बेटा संभालेगा जिम्मेदारी

पेंड्रा/नव प्रदेश। पेंड्रा में पुलिस विभाग की मानवीय पहल सामने आई है जहां दिवंगत प्रधान आरक्षक के 9 वर्षीय बेटे को एसपी भावना गुप्ता ने बाल आरक्षक के पद पर नियुक्ति आदेश दिया है। जिला पुलिस विभाग ने मानवीय पहल करते हुए ड्यूटी के दौरान दिवंगत हुए प्रधान आरक्षक के 9 वर्षीय बेटे आशिक मरावी को बाल आरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति का आदेश एसपी भावना गुप्ता द्वारा प्रदान किया गया। बता दें कि प्रधान आरक्षक का सेवाकाल के दौरान

आकस्मिक निधन होने पर उनके पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है। प्रधान आरक्षक स्वर्गीय देवचरण मरावी पूर्व में जीपीएम जिला में पदस्थ थे। आईजी बिलासपुर रेंज के आदेश पर बिलासपुर स्थानांतरण पर विगत 02 वर्ष से कार्यरत थे। बिलासपुर में ड्यूटी के दौरान दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को देवचरण मरावी का आकस्मिक निधन हो गया था। आईजी बिलासपुर रेंज, बिलासपुर के आदेश पर जिले की एसपी भावना गुप्ता के द्वारा स्वर्गीय देवचरण मरावी के 9 वर्षीय पुत्र आशिक मरावी को बाल आरक्षक के पद पर नियुक्ति दी गई। इस अवसर पर एसपी भावना गुप्ता ने आशिक को कहा कि अच्छे से पढ़ाई करें, आगे बहुत संभावनाएं हैं, पूरा पुलिस परिवार आपके साथ है।

आपदा पीड़ितों को मिली मदद

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 2 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम फूलकर्रा निवासी 56 वर्षीय देवाराम ध्रुव की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन श्रीमती सुशीला बाई को 4 लाख रूपये स्वीकृत की गई है।

इसी तरह ग्राम भुजियामुड़ा निवासी 60 वर्षीय काशीराम कवंर की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन श्रीमती पुरातन बाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

रात तक धधकता रहा रायपुर
आसमान धुंआ-धुंआ

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रांसफार्मर गोदाम में भीषण आग से अफरा तफरी, आग के कारणों और नुकसान के आंकलन में जुटा महकमा। राजधानी रायपुर के छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक सिटी डिपार्टमेंट का स्टोर है। पुराने और नए ट्रांसफार्मर और ट्रांसफार्मर में रिफलिंग के लिए तेल के ड्रम में आज आग लग गई। आग इतनी भयानक लगी है कि रायपुर शहरभर को इसके धुंए का गुबार मीलों दूर से दिख रहा है। ट्रांसफार्मर गोदाम में भीषण आग से मची अफरा तफरी, आग के कारणों और नुकसान के आंकलन में जुटा महकमा। जानकारी के मुताबिक गुढियारी-कोटा रोड स्थित छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक सिटी क ट्रांसफार्मर गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। दोपहर करीब डेढ़ बजे स्टोर के पास से निकली चिंगारी से आग पूरे गोदाम में फैल गया। गोदाम में ट्रांसफार्मर के साथ भारी भरकम स्क्रैब रखे हुए थे। देखते-देखते आग चारों ओर फैल गया। गोदाम में तैनात कर्मचारियों ने गोदाम से भागकर किसी तरह से खुद की जान बचाई। इधर सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाडियां मौके पर भेजी गई। दमकल की टीम ने हालात पर काबू करने पानी की बौछार शुरू की। तीन घंटे की मशक्कत के बाद भी पूरी तरह से आग बुझाया नहीं जा सका। स्क्रैब जलने के दौरान आग का काला धुंआ गुढियारी समेत शहर के कई हिस्सों में फैल गया। काले धुंए का गुब्बारा देख शहर के लोग दहशत में आ गए। धुंए का गुब्बारा आसमान से होकर देवेंद्र नगर तक जा पहुंचा।

ट्रांसफार्मर गोदाम में भीषण आग से अफरा तफरी, आग के कारणों और नुकसान के आंकलन में जुटा महकमा

सीएसपीडीसीएल के गोदाम में भीषण आग
दस हजार ट्रांसफार्मर खाक... धमाके से दहला इलाका

- **सब स्टेशन की तरफ फैली लपटें, एयरपोर्ट और BSP से भी बुलाई गई फायर ब्रिगेड**

रायपुर/नवप्रदेश। सीएसपीडीसीएल ट्रांसफॉर्मर गोदाम में भीषण आग लग गई है। चारों तरफ धुआं-धुआ होता हुआ नजर आ रहा है। राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना स्थित भारत माता चौक के पास सीएसपीडीसीएल ट्रांसफॉर्मर गोदाम में भीषण आग लग गई है। चारों तरफ धुआं-धुआ होता हुआ नजर आ रहा है। आग लगने से ट्रांसफॉर्मर और इलेक्ट्रोनिक का सामान जलकर खाक हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने 3 किलोमीटर तक पूरे रास्ते को खाली कराया है। ताकी किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा आस-पास के घरों को भी खाली करवाया गया है। करीब 3 घंटे से यह आग लगी हुई है। अहम बात यह है कि आग की लपटे बढ़ती चली जा रही है।

महिला भावुक होकर रोने लगी

पुलिस ने लोगों को आग से बचाने के लिए घर खाली करने की अपील की तो एक महिला भावुक होकर रोने लगी। क्योंकि भीषण आग की वजह से उसे अपना घर छोड़ना पड़ रहा था। लेकिन अपने अशियाने को छोड़ना उसकी मजबूरी थी। ऐसे हालात में पुलिस प्रशासन भी ज्यादा कुछ नहीं कर सकती थी। सब लोगों की जान बचाने का एक ही तरीका था कि, लोगों को जल्द से जल्द वहां से निकल लिया जाए।

ट्रांसफॉर्मर फटने की आवाज

जानकारी के मुताबिक, आग लगने के तुरंत बाद बम की तरह ट्रांसफॉर्मर फटने की आवाज सुनाई दे रही थी। हालांकि सूचना मिलते ही कलेक्टर ने फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर पहुंचने के लिए कहा, जिसके बाद काफी देर से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

सब स्टेशन सप्लाई की तरफ आग पहुंची

बता दें, CSPDCL ट्रांसफॉर्मर गोदाम में आग लगने के बाद बस्तियों में चारों तरफ आग की लपटे दिखाई दे रही है। ऐसे में 40 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और 6 से 7 किलोमीटर तक 3.20 लाख पानी फेंका गया है। इसके बावजूद 10 हजार ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह से जलकर खाक हो गए है।

40 गाड़ियां मौके पर, अब तक फेंका गया 3.20 लाख लीटर पानी

गोदाम के चारों तरफ बस्तियों में फायर ब्रिगेड गाड़ियों की तैनाती की गई है। 6-7 किलोमीटर से चारों तरफसे पानी गोदाम में पानी फेंका जा रहा है। अब तक 40 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से करीब 3 लाख 20 हजार लीटर पानी फेंका जा चुका है।

एयरपोर्ट से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई

रायपुर एयरपोर्ट की फायर ब्रिगेड (मेड इन ऑस्ट्रेलिया) को बुलाया गया है। ये आधुनिक गाड़ी है जिसकी कीमत 5 करोड रुपए है। पानी की क्षमता और बौछार करने की दूरी दूसरी फायर ब्रिगेड से ज्यादा है। इसके अलावा भिलाई स्टील प्लांट की भी फायर टीम मौके पर पहुंची है। रायपुर के कई निजी उद्योगों से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया गया है।

हादसे की झलकियां

- 02:47 पीएम को रायपुर के गुढ़ियारी गोदाम में आग लगी है
- 02:52 पीएम ट्रांसफॉर्मर में लगातार ब्लास्ट हो रहे हैं
- 02:56 पीएम आसमान में दूर से ही धुएं का गुबार दिख रहा है
- 02:58 पीएम आसपास रखे ऑइल ड्रम मौके से हटाए गए
- 03:03 पीएम गुढ़ियारी में है CSPDCL ट्रांसफॉर्मर गोदाम
- 03:10 पीएम अभी 10 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर
- 03:12 पीएम निजी कंपनियों से भी बुलाई गई फायर-ब्रिगेड की गाड़ियां
- 3:17 पीएम सैकड़ों जवान मौके पर तैनात
- 03:19 पीएम लगातार आसपास के ड्रम में हो रहे विस्फोट
- 03:22 पीएम गोदाम में 1 लाख से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर
- 03:30 पीएम तेज हवा के कारण और फैली आग
- 03:31 पीएम आसपास के घरों को भी खाली कराया जा रहा
- 03:35 पीएम करीब ढाई घंटे बाद भी आग बेकाबू
- 03:41 पीएम ऑयल टंकी फटने से आग और बढ़ी
- 03:42 पीएम ASP लोगों को हटने की अपील कर रहे हैं
- 03:48 पीएम घर खाली करने की अपील पर महिला रोने लगी
- 03:58 पीएम फिलहाल आग पर काबू पाने जैसे हालात नहीं
- 03:59 पीएम पटाखों की तरह ट्रांसफॉर्मर के फटने की आवाज आ रही है
- 04:18 पीएम घटना है या साजिश इसकी जांच हो- विकास उपाध्याय
- 04:24 पीएम गोदाम की दीवार तोड़ने के बाद बाहर तक फैली आग
- 04:25 पीएम आसपास के रिहायशी इलाके में पॉवर कट किया गया
- 04:28 पीएम आसपास के जिलों से भी फायर ब्रिगेड बुलाई जा रही- कलेक्टर
- 04:29 पीएम पानी के बाद अब फोम की बौछार की जा रही
- 04:35 पीएम भीषण गर्मी के बीच आग लगने से आसपास का पारा और बढ़ गया है
- 04:36 पीएम फायर ब्रिगेड कर्मचारी ने बताया कि, गोदाम के अंदर का टेम्परेचर बहुत ज्यादा हो गया है।
- 04:38 पीएम आसपास रहने वाले लोग बाहर निकल गए हैं
- 04:41 पीएम बड़ी पानी टंकी से आग पर काबू पाने की कोशिश
- 04:43 पीएम 15 मेगावॉट सब स्टेशन में आग फैल रही
- 04:55 पीएम पानी टंकी की पाइप लाइन को तोड़ा गया
- 05:02 पीएम एयरपोर्ट से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई
- 05:07 पीएम 40 गाड़ियां मौके पर, अब तक फेंका गया 3.20 लाख पानी
- 05:09 पीएम सब स्टेशन सप्लाई की ओर आग पहुंची
- करीब साढ़े 3 एकड़ में फैला है गोदाम
- 20 मिनट पहले गोदाम में रखे ट्रांसफॉर्मर जलने से करोड़ों के नुकसान की आशंका

संकल्प राष्ट्र सेवा का...
कल, आज और कल...
मान. संजय विनायक जोशी जी
को जन्मदिन एवं
भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
6 अप्रैल
संजय विनायक जोशी
पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री
भाजपा
राजिव लोचन श्रीवास्तव
भाजपा
विष्णु अग्रवाल
भाजपा
अबकी बार 400 पार
सबका साथ- सबका विकास...